kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-11 | अंक-93 | शुक्रवार, 06 मई 2022 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीन दिन की यूरोप यात्रा से भारत की जर्मनी, डेनमार्क और फ्रांस के साथ मित्रता मजबूत हुई है। उनकी यात्रा से इन देशों के साथ भारत के आर्थिक, सांस्कृतिक और रक्षा सहयोग और अधिक बढेगा। मैं प्रधानमंत्री को उनकी सार्थक तथा सफल यात्रा के लिए बधाई देता हूं। –राजनाथ सिंह



कश्मीर फाइल्स 'इस्लामोफोबिक' नहीं 'टेररफोबिक' फिल्म है : विवेक अग्निहोत्री 11

यूक्रेन का दावा, अब एक अन्य देश मोल्दोवा पर हमले की तैयारी में रूस 12

## संक्षेप

### पेशी पर ले जाते समय कुख्यात बदमाश फहीम एटीएम फरार हुआ

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में कुख्यात बदमाश फहीम एटीएम पुलिस को चकमा देकर गुरुवार को फरार हो गया। उसे बिजनौर जेल से पेशी पर मुरादाबाद लाया गया था। पुलिस ने बताया कि हत्या के मामले में सुनवाई के लिये मुरादाबाद के शातिर बदमाश फहीम एटीएम को बिजनौर जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार को पेशी पर मुरादाबाद लाया गया था। पेशी पर ले जाने के दौरान फहीम पाकबड़ा थाना क्षेत्र की सरहद पर पुहंचते ही पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। वह मुरादाबाद के कांठ थाना क्षेत्र के ऊमरी कला का निवासी है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक फहीम की गिनती पहले दर्जे के शातिर अपराधियों में होती है। उसके विरुद्ध हत्या-डकैती सहित अन्य संगीन मामले में लगभग 50 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इससे पहले फईम लंबे समय तक मुरादाबाद कारागार में बंदी था, लेकिन जेल में रहते उसने आदतन दुस्साहस दिखाते हुए बेखौफ होकर जेल की वीडियो बना ली थी। वीडियो सामने आने के बाद उसे प्रशासनिक आधार पर बिजनौर बंदीगृह में स्थानांतरित कर दिया गया था। मुरादाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल ने बिजनौर पुलिस अभिरक्षा में लाये जा रहे फहीम के थाना पाकबड़ा इलाके से फरार होने की पुष्टि करते हुए कहा कि पेशी के लिये लाये जाने के दौरान वह पुलिस की लापरवाही का फायदा उठाकर निकल भागा। उन्होंने बताया कि उसकी तलाश में पुलिस टीम लगा दी गई है। जल्दी ही उसे ढूंढ निकाला जाएगा और वह फिर से पुलिस हिरासत में होगा।

### मुस्लिम समूह महिलाओं को बुर्का न पहनने पर दे रहा है धमकी

**मेंगलुरू।** कर्नाटक में दक्षिणी कन्नड जिले के तटीय नगर मेंगलुरू में एक मुस्लिम संगठन मुस्लिम डिफेंस 24 इनटू 7 ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर उन महिलाओं के खिलाफ धमकी दी है जो बुर्का नहीं पहनतीं हैं और सार्वजनिक स्थानों पर सेल्फी लेती हैं। मेंगलुरू के पुलिस आयुक्त शशि कुमार ने यहां पत्रकारों को बताया ‌ वे कहते हैं कि अगर उन्होंने किसी को बुर्का के बिना देखा तो वह उन्हें सबक सिखायेंगे क्योंकि उनके अभिभावक तो सिखा नही पाये कि सार्वजनिक स्थानों पर कैसे व्यवहार करना चाहिए ‌ उन्होंने कहा कि वह इस मामले पर काम कर रहे हैं। यह संदेश व्हॉट्सएप, फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम पर दिया गया है जिसमें कहा गया है कि यह उनकी जिम्मेदारी है कि मुस्लिम महिलाएं किसी धार्मिक रीतिरिवाजों का उल्लंघन न कर पायें। पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए पुलिस आयुक्त ने कहा कि पुलिस ने संगठन के कुछ सदस्यों की संलिप्तता के गूढ़ अर्थ को तो समझ लिया है, जिन्होंने यह संदेश प्रसारित किया लेकिन संदेश कहां से भेजा गया इसका पता लगाया जा रहा है।

# आतंकी साजिशें नाकाम

## करनाल से चार आतंकवादी गिरफ्तार, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मिली सुरंग

एजेंसी

करनाल। हरियाणा के सीएम सिटी में पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। करनाल पुलिस ने मधुबन थाना क्षेत्र से चार संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आतंकवादी किसी बड़े आतंकी हमले की फिराक में थे। आतंकियों के तार पाकिस्तान से भी जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। पकड़े गए आतंकियों में परमिंदर, अमनदीप और गुरप्रीत पंजाब के फिरोजपुर जिले के मक्कू गांव के रहने वाले हैं। जबकि चौथा आतंकी भूपिंदर पटिया बीट लुधियाना का रहने वाला है। इनमें गुरप्रीत और अमनदीप सगे भाई बताए जा रहे हैं।

पुलिस की चार टीमों ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर दिल्ली नंबर की इनोवा गाड़ी को दिल्ली चंडीगढ़ नेशनल हाईवे स्थित बसताड़ा टोल के पास रोका, जिसके बाद इन आतंकियों को पकड़ने में सफलता हासिल हुई। पुलिस ने उनके कब्जे से हथियार और विस्फोटक सामान भी बरामद किए। इनके पास से देसी पिस्टल 31 जिंदा कारतूस बारूद से भरे तीन कंटेनर और 130000 रुपए बरामद हुए हैं। आतंकी इनोवा कार से पंजाब से दिल्ली जा रहे थे। पुलिस की ओर से फिलहाल विभिन्न धाराओं के तहत यह मामला करनाल के मधुबन थाने में दर्ज कराया गया है और इंद्री कि एसपी हिमाद्री कौशिक को जांच सौंपी गई है। चंडीगढ़, करनाल आईबी की टीमें भी आतंकवादियों से पूछताछ कर रही हैं।

करनाल एसपी गंगाराम पूनिया के अनुसार पाकिस्तान में रह रहे आतंकी हरजिंदर सिंह ने इन आतंकियों को यह कंटेनर और अन्य सामान तेलंगाना के



- भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद, पाकिस्तान से जुड़े तार

आदिलाबाद जिले की एक लोकेशन पर पहुंचाने की हिदायत दी थी। इन आतंकियों के फोन में भी यह लोकेशन मिली है। इन आतंकियों में सबसे मुख्य गुरप्रीत माना जा रहा है, जिसके साथ पाकिस्तान में बैठे आतंकी हरजिंदर सिंह का लगातार कम्युनिकेशन बना हुआ था। गुरप्रीत जेल में रहते समय राजवीर नामक एक अन्य अपराधी के संपर्क में आया था, जो पहले से हरजिंदर के साथ जुड़ा हुआ था,उसी ने राजवीर का संपर्क हरजिंदर से कराया, जिसके बाद उसने हरजिंदर के लिए काम शुरू कर दिया।

ऐसी जानकारी मिल रही है कि इससे पहले भी हरजिंदर सिंह की ओर से इन आतंकवादियों को असाइनमेंट दिए जा चुके हैं। जिसके तहत ये महाराष्ट्र के नांदेड़ साहिब में भी हथियार सप्लाई करके आए थे। घटना के तुरंत बाद ही आसपास के जिलों को अलर्ट कर दिया गया है। करनाल में नाके लगा दिए गए हैं। आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

### अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 18 महीने से भी कम समय में पांचवीं सुरंग का पता चला: बीएसएफ

**जम्मू।** जम्मू सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिरीक्षक डी. के. बूरा ने गुरुवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मिली सुरंग 18 महीने से भी कम समय में सामने आयी इस तरह की पांचवीं सुरंग है। बीएसएफ ने बुधवार को सुरंग का पता लगाकर पाकिस्तानी आतंकवादियों के आगामी श्री अमरनाथ यात्रा को बाधित करने के प्रयास को विफल कर दिया। श्री बूरा ने सुरंग का पता लगाने में बीएसएफ सैनिकों की लगन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा, डेढ़ साल से भी कम समय में यह पांचवीं सुरंग का पता चला है। इससे भारत में समस्या उत्पन्न करने के पाकिस्तानी सरकार के नापाक मंसूबों का पता चलता है। उन्होंने कहा कि सीमा की सुरक्षा और सीमावर्ती आबादी में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए बीएसएफ हमेशा आगे रहा है। अन्य संभावित सुरंगों का पता लगाने के लिए बीएसएफ के प्रयास जारी रहेंगे। इस बीच, बीएसएफ के प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान की बड़ी साजिश में सेंध लगाते हुए बीएसएफ जम्मू ने बुधवार को सांबा इलाके के सामने बीओपी चक फकीरा के इलाके में सीमा पार तक की सुरंग का पता लगाया। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में किये गये एक पखवाड़े लंबे सुरंग रोधी अभ्यास के दौरान बीएसएफ सैनिकों के कठोर और सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप इस सुरंग का पता चला है।

# उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की भाव और भावना एक : योगी

एजेंसी/कैनविज टाइम्स ब्यूरो

हरिद्वार/लखनऊ। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा। दोनों राज्यों के बीच तीन दशक से चले आ रहे एक विवाद का पटाक्षेप करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अलकनंदा अतिथि गृह की चाबी सौंपी तो उत्तर प्रदेशवासियों के लिए हरिद्वार में नवनिर्मित भव्य भागीरथी भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी उत्तराखंड दौरे पर हैं।

माँ गंगा के तट पर आयोजित कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप बताया। उन्होंने कहा कि माँ गंगा भारत के जीवनधारा की आत्मा हैं। गंगा तब बनती है जब अलकनंदा और भागीरथी एक साथ मिलती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हमें विवादों को संवाद से सुलझाना सिखाया है। इसी भावना के साथ दोनों राज्यों के बीच विवादों का समाधान होना संभव हुआ। सतों, धर्माचार्यों, अनेक पूर्व मुख्यमंत्री गणों, उत्तराखंड सरकार के मंत्रियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री योगी ने दोनों राज्यों के समग्र विकास के लिए साथ-साथ मिलकर काम करने की जरूरत बताई। उत्तराखंड को अपनी माँ और मातृभूमि कहते हुए योगी ने कहा कि उत्तराखंड में स्प्रिचुअल टूरिज्म और इको टूरिज्म की अपार सम्भावनाएं हैं। उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता सहित पूरे भारत से कौन ऐसा है जो उत्तराखंड के चार धाम का पुण्य लाभ नहीं लेना चाहता। ऐसा कोई नहीं जो हर की पैड़ी पर स्नान नहीं करना चाहता। यहां हर मौसम में पर्यटन के



- अलकनंदा और भागीरथी के मिलने से बनती है गंगा
- यूपी-उत्तराखंड मिलकर पूरा करेंगे प्रधानमंत्री का सपना

अवसर हैं। चारधाम यात्रा के दौरान केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री की ओर लोग आने को उत्सुक हैं, तो दूसरे सीजन में कुमाऊं, नैनीताल, झूंसी मठ से जुड़े अनेक हिल स्टेशन भी लोगों को लालायित करता है। हाल के वर्षों में यहां फारेस्ट कवर भी बढ़ा है।

योगी ने डबल इंजन की सरकार में देवभूमि उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, ऋषिकेश, आदि आध्यत्मिक स्थलों के पर्यटन विकास के लिए जारी प्रयासों की सराहना की। इन पावन स्थलों को आस्था के साथ-साथ राष्ट्रीय एकात्मता को तेज और ओज देने के केंद्र की संज्ञा देते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि यहां विकास की यह यात्रा सभी के सुख-समृद्धि का कारक बनेगी। उत्तर प्रदेश में अयोध्या दीपोत्सव, काशी देव दीपावली, बरसाना रंगोत्सव, कृष्ण जन्मोत्सव के भव्य आयोजनों की चर्चा करते हुए उप्र के मुख्यमंत्री ने अयोध्या, काशी, शुक तीर्थ, नैमिष धाम, राजापुर, आदि पावन, आध्यत्मिक ऊर्जा के केंद्रों के समग्र विकास के कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में काशी में श्रीकाशीविश्वनाथ धाम कॉरिडोर निर्माण के बाद बदली परिस्थितियों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जहां 50 लोग एक साथ पूजा-पाठ नहीं कर सकते थे, आज 50 हजार लोग एक साथ उपस्थित रहते हैं। मुख्य पर्वों पर तो पांच लाख लोग दर्शन कर रहे हैं। पौड़ी-गढ़वाल में ● शेष पेज 11 पर

# सुप्रीम कोर्ट 'राजद्रोह' कानून की वैधता पर 10 मई को करेगा सुनवाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय दंड संहिता की धारा 124 -ए (राजद्रोह) की वैधता को चुनौती देते हुए उसे रद्द करने के निर्देश देने की मांग संबंधी याचिकाओं पर 10 मई को सुनवाई होगी।

शीर्ष अदालत ने गुरुवार को इस सवाल पर विचार करने पर सहमत हुई कि राजद्रोह कानून पर विवाद के इस मामले को पांच या सात न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष भेजा जाए या नहीं। अदालत ने अगली सुनवाई से पहले शनिवार- सोमवार के दौरान संबंधित पक्षों को अपनी लिखित दलीलें और जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमना की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता के अनुरोध और अन्य संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पर मामले को अगले मंगलवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। मुख्य



न्यायाधीश रमना और न्यायमूर्ति सूर्य कांत एवं न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने पांच या सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेजने के सवाल पर विचार करने की सहमति व्यक्त करने से पहले संबंधित पक्षों की दलीलें सुनीं तथा केदार नाथ सिंह मामले (1962) ( जिसमें आईपीसी की धारा 124 ए की वैधता को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ बरकरार रखा था) पर गौर किया। एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील ● शेष पेज 11 पर

# जम्मू-कश्मीर में पहली बार अनुसूचित जनजाति के लिए सीटें आरक्षित

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश की अध्यक्षता वाले परिसीमन आयोग ने केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन आदेश को गुरुवार को अंतिम रूप दिया, जिसमें घाटी की अनंतनाग लोकसभा सीट में जम्मू क्षेत्र का कुछ हिस्सा जोड़ दिया गया है और अनुसूचित जनजातियों के लिए पहली बार विधानसभा में नौ सीटें आरक्षित की गई हैं।

आयोग ने कश्मीरी विस्थापितों और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर से दर-बदर हुए व्यक्तियों के लिए विधानसभा में अतिरिक्त सीटें रखे जाने की सिफारिश की है। आयोग ने पूरे जम्मू-कश्मीर को एक केन्द्रशासित इकाई मानते हुए कश्मीर घाटी के अनंतनाग और जम्मू के राजौरी-पुंछ क्षेत्र के कुछ इलाकों को एक ही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र पुनर्गठित किया है। आयोग ने



- केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की 90 सीटों में से 43 सीटें जम्मू क्षेत्र में और 47 कश्मीर क्षेत्र में होंगी : परिसीमन आयोग

अनुसूचित जाति के लिए सात सीट आरक्षित किया है। इस आदेश को भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया गया है। परिसीमन आदेश के अनुसार इस केंद्रशासित क्षेत्र में जम्मू क्षेत्र में 43 और कश्मीर क्षेत्र में 47 सीटों सहित कुल 90 सीटें रखी गई हैं। चुनाव आयोग ने परिसीमन आयोग की एक रिपोर्ट के मुख्य बिंदुओं की जानकारी देते हुए एक विज्ञप्ति में कहा कि आयोग ने पहली बार जम्मू-कश्मीर में नौ सीटें अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित की हैं। आयोग ने जम्मू-कश्मीर के पांचों संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में 18-18 सीटें निर्धारित की हैं। हर सीट की सीमा संबंधित जिले की सीमा के अंदर रखी गयी है। आयोग ने परिसीमन की प्रक्रिया में पटवार सर्किल को सबसे छोटी इकाई के रूप में लिया है और उसे विखंडित नहीं ● शेष पेज 11 पर

### सरकार सीमा पर डटे बीएसएफ जवानों को हर सुविधा देगी : शाह

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार सीमाओं की रक्षा के लिए मजबूती से डटे सीमा सुरक्षा बल के जवानों को हर मुमकिन सुविधा देने के लिए संकल्पबद्ध है। पश्चिम बंगाल के दौरे पर गये श्री शाह ने गुरूवार को भारत-बांग्लादेश सीमा की हरिदासपुर चौकी पर 'सीमा प्रहरी सम्मेलन' को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने सुंदरबन के दुर्गम क्षेत्र की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार द्वारा बनवाई गयी नर्मदा, सतलुज तथा कावेरी फ्लोटिंग सीमा चौकियों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा इन फ्लोटिंग सीमा चौकियों से हमारे सीमा सुरक्षा बल के जवानों को सीमा की निगरानी व सुरक्षा करने में बहुत सहायता मिलेगी। श्री शाह ने उद्घाटन के पश्चात नर्मदा, सतलुज और कावेरी फ्लोटिंग सीमा चौकियों का भ्रमण कर जवानों की सुविधाओं का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार सुंदरबन के इस अत्यंत चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में पूरी सजगता से देश की रक्षा करने वाले सीमा सुरक्षा बल के जवानों को हर मुमकिन ● शेष पेज 11 पर

# महंगे और अत्याधुनिक हथियार जीत की गांरटी नहीं, जज्बा भी उतना ही जरूरी: राजनाथ




एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज कहा कि केवल अत्याधुनिक तथा महंगे हथियार और प्रौद्योगिकी जीत की गारंटी नहीं हो सकते और इनका सटीक इस्तेमाल जितना जरूरी है सेना और उसके नेतृत्व का जज्बा , काबिलियत तथा दृढ इच्छाशक्ति भी उतनी ही जरूरी है।

श्री सिंह ने 1971 की लड़ाई में सफलतापूर्वक वायु सेना की बागडोर संभालने वाले एयर चीफ मार्शल पी सी लाल की स्मृति में गुरूवार को यहां आयोजित व्याख्यान आयोजन में अपने संबोधन में कहा कि वायु सेना ने 1947 , 1971 की लड़ाई तथा अन्य अभियानों में प्रतिकूल परिस्थितियों में दमदार प्रदर्शन कर फतह हासिल की है। इन लड़ाइयों तथा अभियानों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा , ‌ ये सभी उदाहरण क्या दर्शाते हैं? ये दर्शाते हैं कि किसी भी अभियान में जीत हासिल करने के लिए अत्याधुनिक हथियार प्रणाली, उपकरण और प्लेटफार्म तो जरूरी हैं ही, पर उनसे ● शेष पेज 11 पर

# 120 डिग्री कॉलेजों में जल्द शुरू होंगे ई-लर्निंग पार्क

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में आनलाइन शिक्षा के प्रसार के लिए 120 राजकीय महाविद्यालयों में जल्द ही ई-लर्निंग पार्क की स्थापना हो जाएगी। इसमें से 87 महाविद्यालयों में ई-लर्निंग पार्कों की स्थापना का कार्य पूरा किया जा चुका है, शेष महाविद्यालयों में यह कार्य अगले 100 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। इस संबंध में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के निर्देश के बाद गुरुवार को शासन स्तर पर कार्रवाई तेज कर दी गई।

कोरोना काल में आनलाइन शिक्षा की शुरुआत किए जाने पर ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट न होने या इंटरनेट की धीमी कनेक्टिविटी की समस्या सामने आ रही थी। इस समस्या को देखते हुए ग्रामीण इलाकों में स्थित राजकीय महाविद्यालयों में ई-लर्निंग पार्क की स्थापना का फैसला किया गया। उच्च शिक्षा विभाग ने कहा कि ई-लर्निंग पार्क की सुविधा से आनलाइन शिक्षा गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही पिछड़े क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी आसान होगा। ये ई-लर्निंग पार्क एक डिजिटल लाइब्रेरी के साथ कंप्यूटर, इंटरनेट कनेक्शन और वाई-फाई जैसी सुविधाओं से लैस होंगे। उच्च शिक्षा विभाग अगले 100 दिनों में एबेकस-यूपी पोर्टल लॉन्च करने जा रहा है। इसके माध्यम से छात्रों और शिक्षकों के विभिन्न पहलुओं को जोड़ा जाएगा। यह राज्य स्तरीय एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबेकस-यूपी पोर्टल) नई शिक्षा नीति का हिस्सा है। इसके तहत आने वाले सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को एबेकस-यूपी पोर्टल पर छात्रों और शिक्षकों का डेटा अपलोड करने के लिए कहा गया है। उच्च शिक्षा विभाग केवल उन्हीं महाविद्यालयों को अपनी योजनाओं का लाभ देगा, जिनका एनईपी 2020 के तहत नामांकित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का डाटा एबेकस-यूपी पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

## एबेकस-यूपी पोर्टल पर होगा शिक्षकों-छात्रों का डाटा




## हर जिले में बनेंगे ड्रग वेयर हाउस, दवाओं की उपलब्धता होगी सुनिश्चित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के हर जिले में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ड्रग वेयर हाउस बनायेगी। इस व्यवस्था से जनपद स्तर तक दवाओं की किल्लत समाप्त होगी। सरकार की ओर से गुरुवार को जारी बयान के अनुसार उत्तर प्रदेश के हर जिले में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार 75 जनपदों में ड्रग वेयर हाउस बनवाएगी। इसके लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं को और भी बेहतर करने के लिए जमीनी स्तर पर अधिकारियों को मोर्चा संभालने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग ने एक कार्ययोजना को तैयार की है। इसके तहत आने वाले पांच सालों में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के साथ नई योजनाओं को लागू करने का काम किया जाएगा।स्वास्थ्य विभाग की ओर से मुख्यमंत्री के समक्ष पेश किये गये प्रस्तुतिकरण में आने वाले पांच ● शेष पेज 11 पर

### काशी की तर्ज पर गंगा की 13 सहायक नदियों पर भी होगी 'गंगा आरती'

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में काशी, प्रयागराज और बिठूर में गंगा नदी के तट पर हर शाम होने वाली गंगा आरती का दायरा बढ़ाकर अब गंगा की सहायक नदियों पर भी हर शाम गंगा आरती की शुरुआत होगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में शामिल गंगा स्वच्छता अभियान को विस्तार देते हुए गंगा नदी के साथ उसकी सहायक नदियों को भी संरक्षित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। इसके लिये 'नमामि गंगे परियोजना' के तहत गंगा को स्वच्छ बनाने में जुटी योगी सरकार की नई योजना से सहायक नदियों के घाटों की भी सूरत बदली जायेगी। राज्य सरकार की ओर से गुरुवार को प्राप्त जानकारी के मुताबिक नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा से मिलने वाली रामगंगा, बेतवा, घाघरा, सरयू, राप्ती, वरुणा, काली, यमुना, हिंडन, गर्गो, केन, गोमती और सई के किनारे घाटों की सूरत बदली जाएगी।

# बुलडोजर की राजनीति छोड़ कानून–व्यवस्था दुरुस्त करें सीएम योगी : संजय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ/प्रयागराज। ललितपुर कांड और चंदौली कांड पर आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने प्रयागराज में प्रेस वार्ता कर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों मामलों में पुलिस अभियुक्त है इसलिए पुलिस की किसी भी जांच में न्याय नहीं मिल सकता। ललितपुर में एक किशोरी के साथ थाने में दरोगा ने बलात्कार किया और चंदौली कांड के अंदर जो आरोपी उनकी अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। 7 मई को इन घटनाओं के विरोध में आम आदमी पार्टी पूरे उत्तर प्रदेश में विरोध प्रदर्शन करेगी। मांग करेंगे इन दोनों मामलों की उच्च न्यायालय की निगरानी में सीबीआई से जांच कराई जाए। जिससे दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही हो।

संजय सिंह ने कहा कि थाने में बलात्कार हो रहा है, पुलिस वाले घर में घुसकर के बेटी की हत्या कर दे रहे हैं यह बेहद शर्मनाक है आज ललितपुर में फिर एक समाचार आया कि एक महिला को थाने में निर्वस्त्र करके पीटा गया यह



तालिबान नहीं है हिंदुस्तान है ।

आदित्यनाथ के राज्य में ऐसी घटनाएं हो रही हैं जिन घटनाओं से हम सभी बहुत शर्मिंदा है। उन्होंने कहा कि बुलडोजर की राजनीति से योगी जी वाहवाही लूट सकते हैं बुलडोजर की राजनीति से रेहड़ी पटरी वालों, झुग्गी झोपड़ियों वालों को कुचल सकते हैं ,घर गिरा सकते हैं लोगों की दुकानें तोड़ सकते हैं लेकिन क्या यह बुलडोजर खाकी वर्दी वाले दरिंदों पर भी चलेगा? जिन्होंने इतनी बड़ी बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को बुलडोजर की राजनीति से बचना चाहिए और उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था कैसे दुरुस्त हो सकती है उस पर ठोस कार्रवाई करने की जरूरत है।

# नगर विकास मंत्री ने किया नगर पंचायत का औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद/लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास राज्यमंत्री ने मलिहाबाद नगर पंचायत पहुँचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागों की फाइलों समेत तालाबों की संख्या की जानकारी ली। नगर पंचायत में मौजूद स्टाफ से बातचीत की साफ-सफाई के बारे में भी जानकारी ली। गुरुवार दोपहर नगर पंचायत मलिहाबाद का निरीक्षण करने के लिए राज्यमंत्री नगर विकास राकेश राठौर नगर पंचायत पहुंचे। सड़को साफ सफाई, लाइटों की मरम्मत ,तालाबो की मरम्मत, विशेष रूप से ध्यान देने के लिए निर्देश दिए। इसके बाद मौजूद स्टाफ से बातचीत की वहीं उपस्थित रजिस्टर की भी जांच की। अधिशासी अधिकारी प्रेम नारायण गौशालाओं की स्थिति के बारे में जानकारी ली। ईओ प्रेमनारायण ने बताया कि गौशाला के पर्याप्त जमीन न होने के कारण हमें गौवंशो को नजदीकी



गौशालाओं में छोड़ना पड़ता है। जहाँ पर उनकी देखरेख की जाती है। अधिशासी अधिकारी प्रेम नारायण को निर्देश देते हुए कहा कि बरसात आने से पहले सभी नाली नाले व सड़कों की गंदगी को साफ करने के निर्देश दिए। नगर पंचायत के निरीक्षण करने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास स्थित बड़ा तालाब का भी निरीक्षण किया। तालाब का सौंदर्यकरण कराए जाने के निर्देश दिए।

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अहसन अजीज, मंडल अध्यक्ष जीतेंद्र अवस्थी,आशीष गुप्ता शशिधर आदि लोग मौजूद रहे।

# नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत ब्लॉक प्रमुख ने टीमों को हरी झंडी दिखा किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद/लखनऊ। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता अभियान नामिनी गंगे विंग्स टीमो ने खंड विकास कार्यालय पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल सरक्षण हर घर में जल के महत्व को बताया।बृहस्पतिवार को विकास खंड में राज्य सरकार द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वछता मिशन की नामानि गंगे तथा जल जीवन मिशन हर घर मे जल टीमो को खंड विकास अधिकारी अमित सिंह सहित ब्लॉक प्रमुख़ प्रतिनिधि मीनू वर्मा ने हरी झंडी दिखा रवाना किया।अभियान से जुड़ी टीमें ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायतों में नुक्कड़ नाटक आँगनबाड़ी केंद्रों पर समिति की बैठक जल जांच,महिलाओं की बैठक पेयजल स्वच्छता समिति की बैठक कर जल का महत्व एवं संरक्षण के बारे में बताकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा ।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मीनू वर्मा ने जीवन मे शुद्ध पेयजल का महत्व बताते हुए कहा कि शुद्ध पेयजल अनेको बीमारियों से बचाता है ।इसके साथ जल की दिन प्रतिदिन होती कमी को देखते लोगो को जागरूक कर जल संरक्षण के बारे में बताया ।राज्य प्रशिक्षक धनंजय सक्सेना ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई गई इस मुहिम में राज्य शुद्ध पेयजल संरक्षण एवम स्वच्छता मिशन के अभियान को सफल बनाने के लिए जन सहभागिता अत्यंत जरूरी है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनधि मीनू वर्मा,सहायक विकास अधिकारी रविन्द्र त्रिपाठी,वरिष्ठ प्रशिक्षक राजेश पांडे,सुभाष पांडे, डीपीसी अशफाक अहमद, ए डीपीसी राजकुमार चौधरी,रवि त्रिपाठी अफ़रोज़ खान सहित टीम के सभी सदस्य व ब्लॉक कर्मचारी मौजूद रहे ।

# उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों का डीब्रीफिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उप्र प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी लखनऊ द्वारा वर्ष 2020 बैच के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों का डीब्रीफिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उप्र राज्य महिला आयोग के सभागार कक्ष में गुरूवार को किया गया। जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी लखनऊ के महानिदेशक एल वेंकटेश्वर लू का प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ आयोग में आगमन हुआ। प्रशिक्षु अधिकारियों को आयोग की सदस्य सचिव अर्चना गहरवार व विधि अधिकारी मीता पाण्डेय द्वारा आयोग की कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। अध्यक्ष विमला बाथम द्वारा प्रदेश में मिशन शक्ति 4.0 के अन्तर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंम्बन के तहत चलाई जा रहे विभिन्न अभियानों की जानकारी दी गयी तथा नारी



स्वावलंम्बन के तहत प्रदेश।में संचालित स्वयं सहायता समूह द्वारा महिलाओं को रोजगार दिये जाने की जानकारी दी गयी। स्वयं सहायता समूह से महिलायें घरेलू काम के साथ साथ समाज में अपना स्थान बनाने में सफल रही हैं। अध्यक्ष द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वाबलंम्बन के क्षेत्र में भविष्य में सराहनीय कार्य किये जाने तथा आम जनमानस के हितों को ध्यान में रखते हुये कार्य किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में 16 प्रशिक्षु अधिकारी जय देव सीएस, नूपुर गोयल, अजय जैन, प्रत्यूष पाण्डेय, निधि बंसल, नेहाबन्धु, परिक्षित खटाना, राम्या आर सुधान अब्दुल्ला, सुमित राजेश महाजन, ओजस्वी राज, विशाल कुमार, अभिनव गोपाल, नवनीत सेहारा, पवन कुमार मीना, अजय कुमार गौतम एवं आयोग की वित्त एवं लेखाधिकारी स्वाती वर्मा भी उपस्थित रहीं।

# प्रत्येक जनपद में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक किये जाने की मांग, डीजीपी से मिले व्यापारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में व्यापारियों उद्यमियों की सुरक्षा के लिए गठित व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ को अत्यंत प्रभावी बनाते हुए देश के लिए मिसाल कायम करने वाला बनाया जाए ऐसा प्रस्ताव अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक मुकुल गोयल के समक्ष रखा। संगठन के नौ सदस्य पदाधिकारियों ने पुलिस महानिदेशक मुकुल गोयल से गुरूवार को पुलिस मुख्यालय गोमती नगर में मुलाकात कर बैठक किया। जिसमें उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक आयोजित किए जाने एवं उसकी कार्यवाही पुलिस मुख्यालय तक मंगाए जाने की मांग किया। सर्राफा व्यापारियों के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था किए जाने, व्यापारियों को किसी भी थाने पर पहुंचने पर समुचित सम्मान दिए जाने सहित बाराबंकी सासनी हाथरस डलमऊ रायबरेली के कुछ प्रकरणों पर व्यापारियो ने चर्चा की। संदीप बंसल ने बताया कि पुलिस महानिदेशक मुकुल गोयल ने एडीजी कानून व्यवस्था को तत्काल व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की समस्त कार्य वाहनों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह सभी जनपदों में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठकर सुनिश्चित की जाए और उनकी कार्यवाही से उनको भी अवगत कराया जाए। उन्होंने बाराबंकी हाथरस एवं रायबरेली से संबंधित प्रकरणों पर वहां के कप्तानों को भी निर्देशित करवाया और व्यापारियों को आश्वस्त किया कि आने वाले दिनों में व्यापारियों की सुरक्षा से संबंधित और कार्यवाही की जाएगी साथ ही उन्होंने व्यापारियों से अपेक्षा की कि सभी प्रमुख बाजारों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं और उनकी सुरक्षा की भी व्यवस्था व्यापार मंडल के पदाधिकारी करें। पुलिस महानिदेशक के साथ बैठक में प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेश छाबलानी, व्यापारी नेता जावेद बेग, अश्वन वर्मा, संजय सोनकर, अनुज गौतम, पतंजलि सिंह, मालखान सिंह, आदर्श अग्रवाल व प्रीतपाल सिंह रहे।

## सफाई कार्य में लापरवाही मिलने पर कार्यदायी संस्था पर लगाया एक लाख रुपये का जुर्माना

लखनऊ। महापौर संयुक्ता भाटिया ने गुरूवार को विद्यावती तृतीय वार्ड के सेक्टर जी, नावार्ड चौराहा, लोकबन्धु अस्पताल के पास, मल्टी एक्टिविटी सेंटर के पास, सेक्टर एच, स्टेला मैरिस के पास एवं अन्य इलाकों में सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया एवं गंदगी मिलने पर कार्यदायी संस्था लक्ष्मी सिक्युरिटी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही महापौर ने मानसून को देखते हुए इन इलाकों में हो रही नाला सफाई कार्य का निरीक्षण भी किया। कोमल आइसक्रीम के पास कवर्ड नाला होने के कारण सफाई नही कराई गई थी जिस पर महापौर ने नाराजगी जताई। मल्टी एक्टिविटी सेंटर के पास सड़क पर कूडा पड़ा मिला ऐसा प्रतीत हो रहा कि यहां कई हफ़्तों से ना तो झाड़ू लगी और ना ही नालियाँ साफ हुई इस पर महापौर ने जोनल सेनेटरी ऑफिसर राजेश झा को कड़ी फटकार भी लगाई और सफाई करा फ़ोटो भेजने के निर्देश दिए। महापौर के पूछने पर पता चला कि यहाँ पर कार्यदायी संस्था के माध्यम से 56 कर्मचारी कार्यरत है परंन्तु सफाई कार्य संतोष जनक नही पाए जाने पर महापौर ने लक्ष्मी सिक्युरिटी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

# पांचवीं बार भी नहीं की गई सिरहद्दे से नाप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज । कोरांव तहसील अंतर्गत देवघाट चौराहे पर काश्तकारी और लोकनिर्माण विभाग की विवादित भूमि का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। विगत कई पैमाइशों से नतीजा न निकलता देख विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन राजस्व अनुभाग के निर्देशानुक्रम में जिलाधिकारी प्रयागराज द्वारा पांचवीं बार पुनः की गई जांच फिर बेनतीजा रही। स्थानीय अधिकारियों की मनमानी पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन चुकी है।

**40 वर्षों से काबिज काश्तकारों को हटाने का कुचक्र–**

ग्राम पंचायत देवघाट अंतर्गत चौराहे पर भूखंड संख्या 1152 पर अहद अहमद सिद्दीकी व दीपचंद्र केशरी आदि 20 लोग दयाशंकर विश्वकर्मा की संक्रमणीय भूमि का बैनामा कराकर लगभग 40 वर्षों से मकान बनाकर काबिज है। उक्त भूखंड को लेकर पवन कुमार पाल आदि लोगों ने उपजिलाधिकारी कोरांव को एक याचिका दी कि यह जमीन लोकनिर्माण विभाग की है अतः उपरोक्त लोगों को बेदखल किया जाय। उक्त याचिका के निस्तारण के क्रम में वृहस्पतिवार



को पांचवी बार नाप की गई।

**क्या है विवाद–**

उक्त भूखंड के पैमाइश को लेकर हो रहे विवाद की असली वजह यह है कि प्रशासन वर्तमान में उपयोग की जा रही सड़क व तिराहे को मानक मानकर पैमाइश करने की अपनी जिद पर अड़ा है, जबकि अर्से से काबिज दीपचंद्र केशरी व अहद अहमद सिद्दीकी सहित सभी ग्रामीण सिरहद्दे से नाप किए जाने के पक्ष में है। इन लोगों ने स्थानीय प्रशासन पर पक्षपात व मनमानी का आरोप लगाते हुए विशेष सचिव उत्तर प्रदेश राजस्व अनुभाग से वास्तविक पैमाइश हेतु सिरहद्दे से नाप किए जाने की मांग की थी। विशेष सचिव ने जिलाधिकारी प्रयागराज को नई टीम गठित कर सिरहद्दे से नाप किए जाने का निर्देश दिया था। उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में जिलाधिकारी प्रयागराज ने तहसीलदार डॉ विशाल कुमार शर्मा के नेतृत्व में नई टीम का गठन कर सिरहद्दे से नाप किए जाने का निर्देश दिया था। मगर वृहस्पतिवार को हुई पैमाइश में विशेष सचिव व जिलाधिकारी के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए उपजिलाधिकारी अभिनव कन्नौजिया के नेतृत्व में पहुंची राजस्व टीम ने वर्तमान में उपयोग की जा रही सड़क से नाप कराकर क्षेत्रवासियों को आश्चर्य में डाल दिया। हर कोई स्थानीय प्रशासन की मनमानी देख हतप्रभ रह गया।

**उपजिलाधिकारी ने प्रार्थनापत्र लेने से किया इनकार–**

सिरहद्दे से नाप न कराकर सड़क से नाप कर रही राजस्व टीम की कार्यशैली से खिन्न काबिज लोगों ने जब विशेष सचिव उत्तर प्रदेश व जिलाधिकारी प्रयागराज के आदेश विषयक प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी अभिनव कन्नौजिया को देना चाहा तो उन्होंने प्रार्थना पत्र लेने से साफ मना कर दिया। इस तरह पूरे गांव के सामने फरियादियों को अनसुना करने की स्थानीय प्रशासन की करतूत ने हर किसी को हैरत में डाल दिया।

**फरियादियों ने विशेष सचिव व जिलाधिकारी आदि को दी मामले की जानकारी–**

स्थानीय प्रशासन की करतूत से सहमे संक्रमणीय भूमि पर अर्से से काबिज 20 लोगों ने तत्काल विशेष सचिव उत्तर प्रदेश,जिलाधिकारी प्रयागराज व मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय प्रयागराज को ऑनलाइन जानकारी दी।

**भूमाफियाओं से पंगा लेना ग्राम प्रधान को पड़ा मंहगा-**

स्थानीय लोगों की माने तो अल्हवा के ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी का गांव के भूमाफियाओं से पंगा लेना बहुत मंहगा पड़ता दिख रहा है। ग्राम प्रधान ने 2021 में ग्राम पंचायत की जमीन पर अविधिक रूप से कब्जा किए कुछ लोगो की फसल को जुतवाकर उसे अवमुक्त करा लिया था। उसके बाद से ही वे सब एक षडयंत्र के तहत प्रधान के पीछे पड़ गए। लोगों का आरोप है कि भूमाफिया इतने दबंग है कि स्थानीय प्रशासन उनकी उंगली पर नाच रहा है। क्षेत्रवासियों की माने तो उक्त मामले को लेकर प्रशासन द्वारा किए जा रहे पक्षपात से उत्साहित भूमाफिया ग्राम प्रधान के साथ कभी अप्रिय वारदात भी कर सकते है।

## आखिर कब बनेगा बड़ोखर से चिराव गांव की सड़क

कोराव (प्रयागराज )। विकास खंड कोराव के बड़ोखर से चिराव गांव होकर मध्य प्रदेश को जाने वाली पक्की सड़क जो बड़े वाहनों के आवागवन से टूट कर उखड़ गई जिससे आने जाने वाले राहगीरों को काफी दिक्क़त हो रही है वही दुसरी तरफ वाहनों के पुर्जे खराब हो रहे है और कमर के मरीज भी हो रहे है उक्त सड़क की हालत बहुत ही दयनीय है जिसकी शिकायत क्षेत्र के कई लोगो ने किया लेकिन आज तक सड़क के गड्ढे को भरा नहीं गया ग्रामीणों ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृस्ट कराते हुए खराब पड़ी सड़क को बनवाने की माँग किये है

## कोरांव पुलिस की सक्रियता से क्षेत्र में अपराध व जरायन धंधा रुका

कोराव ( प्रयागराज )। उत्तर प्रदेश शासन की अपराध विरोधी नीतियों को क्रियान्वन करने में उत्तर प्रदेश जनपद प्रयागराज के अंतर्गत थाना कोरांव क्षेत्र का बड़ोखर चौकी, रामगढ़ चौकी सहित पुलिस बल सक्रियता से कार्य कर रहा है अबतक आबकारी एक्ट एनडीपीएस एक्ट बाइक चोर , पशु तस्करी, फरार वारंटियों की गिरफ्तारी व तामिली व भैस चोर , व संगीन अपराध का जल्द ही खुलासा करना अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार करना आदि कार्यो में सक्रियता के साथ कार्यवाही की जा रही है जिससे पुलिस प्रशाशन के प्रति लोगो मे अच्छा उत्साह व विश्वास बढ़ा है। मिली जानकारी के अनुसार प्रयागराज यमुनापार क्षेत्र के पुलिस कप्तान सौरभ दीक्षित एवम क्षेत्राधिकारी मेजा अमिता सिंह के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक कोरांव राम आश्रय यादव अपने सहयोगी बलो के साथ कई महत्व पूर्ण आपराधिक प्रकरणों का खुलासा किया है जिससे अपराधी तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है प्राप्त जानकारी के अनुसार अबतक थाना क्षेत्र के अंतर्गत काफी सराहनीय कार्य किया गया है ।

## निगोहा में मिट्टी खनन कर रहे पोकलेन सहित तीन डंपर सीज

निगोहा, लखनऊ । स्थानीय थाना अंतर्गत निगोहा नंदौली मार्ग के रामदास पुर में बुधवार की रात को मिट्टी का अवैध खनन कर रहे पोकलेन मशीन डंपर को ग्रामीणों की शिकायत पर मोहनलालगंज एसडीएम डॉ0 सुभी सिंह ने पकड़कर सीज करते हुए निगोहा पुलिस के सुपुर्द कर दिया । जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम मिट्टी का अवैध खनन व ट्रैक्टर सहित डम्पर के खिलाफ अभियान चला रहे हैं । बावजूद इसके हौसला बुलंद खनन माफिया पुलिस की मिलीभगत से अभी भी चोरी–छिपे इस काम में लगे हैं । निगोहा–नदौली मार्ग के रामदास पुर गांव के समीप मिट्टी का अवैध खनन कर रहे एक पोकलेन सहित तीन डंपर को एसडीएम ने पकड़ कर सीज कर निगोहा पुलिस के सुपुर्द कर दिया । एसडीएम की इस कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में एसडीएम ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर छापामारी की गई है , पकड़े गए लोगों द्वारा किसी भी प्रकार का कोई परमिशन नहीं दिखाया जा सका। मौके पर रही ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो को खनन माफिया लेकर फरार हो गया । अवैध खनन करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## भवानी प्राइवेट आईटीआई में हुआ टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ। भवानी प्रा आईटीआई पल्टन छावनी में गुरूवार को उत्तर प्रदेश सरकार की स्मार्ट फोन एवं टैबलेट व लैपटॉप वितरण योजना के तहत सत्र 2020–22 बैच के 10 छात्रों को मुख्य अतिथि सभासद रूपाली गुप्ता के द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम कालेज प्रबंध निदेशक एचएन जायसयाल, कोआर्डिनेटर सुधीर मिश्रा व संस्थान के प्रधानाचार्य आशीष श्रीवास्तव की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संस्थान के इंचार्ज व इलेक्ट्रिशियन अनुदेशक संतोष सिंह एवं फिटर अनुदेशक अम्बुज शुक्ला व प्रवीण वर्मा तथा कम्प्यूटर इंजीनियर सरफराज अहमद उपस्थित रहे।

## संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला अज्ञात युवक शव

कैनविज टाइम्स,सरोजनी नगर । राजधानी के सरोजनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार को अज्ञात युवक का शव मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। राहगीरों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरोजनी नगर थाना प्रभारी संतोष आर्य ने बताया एक अज्ञात युवक उम्र 25 वर्ष का शव कई दिन पुराना अमौसी शूटिंग रेंज के पास मिला है उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ। एसजीपीजीआई के द्वारा बताया गया कि हाथों की सफाई और स्वच्छता की दिशा में स्वास्थ्य कर्मियों की जागरूकता हेतु विश्व स्वास्थ संगठन द्वारा प्रतिवर्ष 05 मई को हैंड हाइजीन दिवस का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान की अस्पताल संक्रमण नियंत्रण समिति द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# तहसील व ब्लाक के अधिकारियों की लापरवाही की शिकायत पर हकीकत जानने के लिए जमीन पर उतरे मंडल आयुक्त



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ की मोहनलालगंज तहसील पहुंचे मंडलायुक्त रंजन कुमार तहसील से पहले मोहनलालगंज ब्लॉक का किया औचक निरीक्षण मोहनलालगंज ब्लॉक में समय से पहले गायब हो गए अधिकारीब्लाक कर्मचारियों को मंडलायुक्त ने लगाई कड़ी फटकारतहसील व ब्लाक के अधिकारियों की लापरवाही की शिकायत पर हकीकत परखने जमीन पर उतरे मंडलायुक्त रंजन कुमार बीते दिनों मोहनलालगंज तहसील में अधिवक्ता व निजी कर्मचारी के बीच हाथापाई की वारदात के बढा था तनाव। वही रंजन कुमार मंडलायुक्त लखनऊ तहसील मोहनलालगंज मैं साफ सफाई का भी जायजा लिया और सख्त हिदायत दी की समय से सारे अधिकारी और कर्मचारी टाइम से पहुंचे जनता से अच्छा व्यवहार करें किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर होगी बड़ी कार्रवाई

# प्रदेश सरकार की मंशानुरूप हर स्तर तक प्रत्येक पीड़ित महिला को न्याय दिलाया जायेगा :रंजना शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरदोई । स्थानीय पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में आयोजित जागरूता चौपाल एवं महिला जनसुवाई की अध्यक्षता करते हुए सदस्य राज्य महिला आयोग श्रीमती रंजना शुक्ला से कहा प्रदेश सरकार की मंशानुरूप हर स्तर तक प्रत्येक पीड़ित महिला को न्याय दिलाया जायेगा और पीड़ित करने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही की जायेगी।

सदस्य ने कहा महिलायें कुरीतियों एवं अपने पर होने वाले अत्याचार के विरूद्ध आवाज बुलन्द करें और हर परिस्थित का डट कर मुकाबला करें। उन्होने कहा महिलाओं को न्याय दिलाने में पुलिस एवं



प्रशासन द्वारा पूर्ण सहयोग किया जायेगा। महिला जनसुनवाई में अपहरण का 01, घरेलू हिंसा की 10, क्राइम की 01 अन्य 03 कुल 15 शिकायते प्राप्त हुई, शिकायतों के निस्तारण के लिए सदस्य ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दियें। जनसुवाई के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका गुप्ता एवं अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्व परिषद ने लेखपाल एवं संग्रह अमीनो को राजस्व निरीक्षक पद पर प्रोन्नति दी : अपर जिलाधिकारी

हरदोई । अपर जिलाधिकारी वन्दना त्रिवेदी ने बताया है कि राजस्व परिषद उ0प्र0 लखनऊ के आदेशानुसार जनपद के 10 लेखपाल एवं 04 संग्रह अमीन को राजस्व निरीक्षक पद पर प्रोन्नति प्रदान करते हुए उनकी तैनाती गृह तहसील व वर्तमान तैनाती तहसील को छोड़कर किसी अन्य तहसील में किये जाने के आदेश प्राप्त हुए है। उन्होने बताया उक्त आदेश के क्रम में जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार तहसील सण्डीला के लेखपाल प्यारे लाल, शिवकुमार को हरदोई क्षेत्र, मन्नी लाल बिलग्राम, हरीराम हरदोई से शाहाबाद, रतन कुमार व नसीर अहमद को शाहाबाद से हरदोई, अमरेश कुमार को हरदोई से सण्डीला, राकेश कुमार को बिलग्राम से हरदोई, बृजेश कुमार को बिलग्राम से सण्डीला तथा वेद प्रकाश लेखपाल सवायजपुर को बिलग्राम क्षेत्र का राजस्व निरीक्षक पद पर तैनाती दी गयी है।

# एलडीए की तूफ़ानी कार्रवाई पांच अवैध निर्माण किए सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर राजधानी लखनऊ में अवैध निर्माण के खिलाफ लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी द्वारा प्रभावी कार्यवाही लगातार जारी है । प्राधिकरण द्वारा गुरुवार को अवैध निर्माण पर रोक लगाने के उद्देश्य से गोमतीनगर, बाजारखाला व पारा में पांच अवैध निर्माण सील किए गये । जिसमे प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी, विहित प्राधिकारी कमलजीत सिंह ने बताया कि सुरेन्द्र सिंह व अन्य द्वारा आर्यन होटल, मोहान रोड़, थाना-पारा पर प्राधिकरण से बगैर नक्शा स्वीकृत कराये लगभग 2500 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भूतल, प्रथम तल व द्वितीय तल का निर्माण किया गया है। इस अवैध निर्माण के खिलाफ विहित न्यायालय में मामला दर्ज किया गया था। साथ ही जोन-3 के अन्तर्गत ही मोहान रोड पर मोतीझील कालोनी मेडो हॉस्पिटल के बगल में सुधीर त्रिपाठी एवं अंजनी त्रिपाठी व अन्य लोगों द्वारा प्राधिकरण से बगैर नक्शा स्वीकृत कराये लगभग 3200 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर बेसमेंट एवं भूतल का निर्माण किया गया है। इसके विरूद्ध विहित न्यायालय में मामला दर्ज किया गया था। इन दोनों वाद में पक्षों द्वारा निर्माण के सम्बन्ध में कोई स्वीकृत मानचित्र व साक्ष्य प्रस्तुत नही किये जाने पर अवैध रूप से किये गये निर्माण को सील किये जाने के आदेश दिये गये थे। जिसके बाद सहायक अभियंता संजय जिंदल के नेतृत्व में अवर अभियंता जितेन्द्र कुमार व विपिन राय द्वारा प्राधिकरण की पुलिस बल व क्षेत्रीय थाना पुलिस बल के सहयोग से इस स्थल को सील किया गया। वहीं थाना बाजारखाला क्षेत्र के भदेवा में टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे एनुदृदीन अहमद द्वारा लगभग 1600 वर्गफिट के प्लॉट पर प्राधिकरण से बगैर नक्शा स्वीकृत कराये बेसमेंट व भूतल की छत डालकर प्रथम तल पर निर्माण किया जा रहा था। इसके विरूद्ध भी प्राधिकरण की अदालत में मामला दर्ज किया गया था। इसमे भी पक्ष द्वारा निर्माण के सम्बन्ध में कोई स्वीकृत मानचित्र या साक्ष्य न प्रस्तुत किये जाने पर अवैध रूप से किये गये निर्माण को सहायक अभियंता राजेश सिंह तोमर के नेतृत्व में अवर अभियंता संजय गुप्ता और भानु वर्मा द्वारा प्राधिकरण की पुलिस बल व क्षेत्रीय थाना पुलिस बल के सहयोग से उक्त स्थल को सील किया गया। इसके अलावा विनयखण्ड, गोमतीनगर में लगभग 300 वर्गमीटर भूखण्ड पर संदीप अग्रवाल एवं संगीता अग्रवाल व अन्य द्वारा प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र के विपरीत सेटबैक को कवर्ड करते हुए निर्माण किया जा रहा था। इसके विरूद्ध विहित न्यायालय में मुक़द्दमा दर्ज किया गया था । साथ ही जोन 1 के अन्तर्गत ही विवेकखण्ड, गोमतीनगर में लगभग 3200 स्क्वायर फीट जगह पर हर्ष रस्तोगी द्वारा प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र के अनुसार निर्माण नही किया जा रहा था जिसके चलते इनके विरूद्ध विहित न्यायालय में वाद योजित किया गया था। इसके बाद भी इन दोनों पक्षों द्वारा निर्माण कार्य जारी रखा गया जिस पर उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद सहायक अभियंता अजय गोयल के नेतृत्व में अवर अभियंता सुभाष शर्मा और इम्तियाज अहमद द्वारा प्राधिकरण की पुलिस बल व क्षेत्रीय थाना पुलिस बल के सहयोग से उक्त दोनों स्थल को सील कर दिया गया।

# ताराशंकर आईटीआई में उत्तर प्रदेश परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा टैबलेट वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ गोसाईंगंज । गोसाईगंज स्थित ताराशंकर आईटीआई जेल रोड शिवलर में टैबलेट वितरण टेबलेट वितरण कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व मोहनलालगंज विधायक अमरेश रावत,गोसाईगंज ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा,खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता,एसडीओ भरत सिंह का आईटीआई प्रबंधक द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा आईटीआई कालेज के छात्रों को लैपटॉप वितरित किए गए। लैपटॉप वितरण कार्यक्रम गोसाईगंज क्षेत्र के मोहनलालगंज मार्ग पर शिवलर स्थित तारा शंकर प्राइवेट लिमिटेड आईटीआई कालेज में संपन्न हुआ।इस आयोजन में प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा छात्रों आनंद कुमार पटेल,सत्येन्द्र कुमार वर्मा,अखिलेश कुमार,अमरकांत सिंह,अमित, और अरविंद कुमार को लैपटॉप प्रदान किए गए। लैपटॉप वितरण के पहले परिवहन मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जो काम किए गए हैं उस तरह के काम इससे पहले किसी भी सरकार ने नही किए गए हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इससे पहले प्रदेश में किसी भी पार्टी की सरकार ने इतने अधिक जनकल्याणकारी का नहीं किए हैं। वे भाजपा शासन में रहे कोरोना काल का जिक्र करना नहीं भूले। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय में जब लोगों के व्यवसाय बंद हो गए थे।हर व्यक्ति के सामने समस्या थी। किसी की समझ में नहीं आ रहा था कि वह क्या करे? ऐसी स्थिति में प्रदेश सरकार की ओर से हर व्यक्ति के भोजन की कराई गई थी।अब प्रदेश का एक भी व्यक्ति यह नहीं कह सकता है कि उसे खाने को नहीं मिला है। इसी के बाद आयोजन को विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज के विधायक अमरेश रावत ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया साथ ही उन्होंने क्षेत्र की जनता को चुनवो में उनके पक्ष में मतदान करके जिताने के लिए धन्यवाद दिया।आई टी आई के इस निजी कालेज में आयोजित लैपटॉप वितरण कार्यक्रम में कई क्षेत्रीय प्रधान ,समाज सुधारक और कार्यक्रम आयोजित करने वाली संस्था के लोगों के अलावा अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# समेसी कस्बा स्थित यूको बैंक दूसरे नवनिर्माण भवन में स्थानांतरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । नगराम के समेसी कस्बे में लगभग चार दशक पूर्व यूको बैंक की शाखा ग्राहकों की सेवा के लिए खुली थी जिस भवन में यूको बैंक थी वह भवन पूरी तरह से जर्जर हो गया था । बृहस्पतिवार को समेसी यूको बैंक की शाखा कस्बे में ही दूसरे नव निर्माण भवन में स्थानांतरित हो गई है । बृहस्पतिवार को मुख्य अतिथि के रूप में आये अंचल प्रमुख ओम प्रकाश वर्मा एवं साथ में रही सहायक महाप्रबंधक श्रीमती सुरभि वर्मा ने फीता काटकर यूको बैंक का उद्घाटन किया । समेसी ग्राम प्रधान अशोक रावत ने अंचल प्रमुख ओम प्रकाश वर्मा का बुके देकर स्वागत किया । इसी क्रम में आशुतोष शुक्ला ने बुके एवं डायरी देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया । हिंदी भाषा अधिकारी डॉ रजनी गुप्ता का पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया , मुख्य प्रबंधक अजय कुमार श्रीवास्तव व समेसी शाखा प्रबंधक उमेश कुमार सहित प्रबंधक सूरज वर्मा डॉ0 मनीराम वर्मा ने आए हुए अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया । इस दौरान मुख्य अतिथि ने बैंक में अच्छी लेन-देन के बड़े ग्राहकों में पटेल ऑटो सेल्स के रामजी पटेल , आशुतोष शुक्ला व विशेश्वर यादव , अनमोल चौरसिया सहित विकास पटेल को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया । मुख्य अतिथि ओम प्रकाश वर्मा ने बताया कि ग्राहकों को बैंकिंग सुविधा तथा शासन की योजनाओं का लाभ बैंक के माध्यम से मिल रहा है । मुख्य प्रबंधक अजय कुमार श्रीवास्तव व बैंक के मैनेजर उमेश कुमार , प्रबंधक सूरज वर्मा , पुष्कर अवस्थी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया । इस दौरान अंचल प्रमुख ने यूको बैंक के मैनेजर सहित कर्मचारियों को बधाई दी । इस अवसर पर समेसी ग्राम प्रधान अशोक रावत , ग्राम प्रधान बृजेश वर्मा , सुनील तिवारी राम मिलन यादव , डॉ0 अतुल यादव , अंकुश शर्मा सहित कई बैंक खाता धारक मौजूद रहे ।

## एटीएम काटते चोर पकड़ा गया

सरोजनी नगर । थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्कूटर इंडिया चौराहा स्थित परमसुख कांप्लेक्स में लगे आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम को बुधवार देर रात लगभग 2:30 बजे काट रहे चोर को सरोजिनी नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना सरोजिनी नगर के गौरी पुलिस चौकी प्रभारी अमरेश सिंह ने बताया स्कूटर इंडिया चौराहा स्थित परमसुख कांप्लेक्स में लगे आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम को रात्रि लगभग 2:30 बजे युवक उत्तम शुक्ला पुत्र कमलेश शुक्ला उम्र 28 वर्ष निवासी उत्तर चमरहिया थाना बछरावां जनपद रायबरेली व हाल पता अमौसी सरोजनी नगर लखनऊ जो एटीएम का ऊपरी हिस्सा काट चुका था जैसे ही उसने मशीन के ऊपर का ढक्कन हटाया तो उसमें लगे सेंसर ने उक्त बैंक के मुंबई हेड ऑफिस में अलर्ट सूचना दी। उक्त कार्यालय द्वारा तत्काल सूचना बैंक मैनेजर व पुलिस कंट्रोल रूम को भेजी गई। पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा संबंधित थाना सरोजिनी नगर को सूचना दी गई। सरोजनी नगर थाना प्रभारी संतोष आर्य ने बताया सरोजिनी नगर पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त युवक को एटीएम काटते हुए रंगे हाथों पकड़ा। पकड़े गए अभियुक्त को थाना सरोजनी नगर लाया गया जहां विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

# हंस खेड़ा उद्योग व्यापार मंडल का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। व्यापार मण्डल लखनऊ की तरफ से अमरनाथ मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को हंस खेड़ा उधोग व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ महामंत्री अमरनाथ मिश्र, विशिष्ट अतिथि लखनऊ व्यापार मंडल पके महामंत्री पवन मनोचा व उमेश कुमार शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील तिवारी ने किया। शपथ ग्रहण समारोह में नव नियुक्त पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने अध्यक्ष पद पर लल्लन यादव, वरिष्ठ महामंत्री पद पर राजकुमार विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर सुरेन्द्र शुक्ल को शपथ दिलाई, मुख्य अतिथि अमर नाथ मिश्र ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रामू लोधी, अनिल वर्मा अवधेश यादव, कृपाशंकर मिश्रा, परीक्षित गुप्ता, कैलाश रावत, मनोज यादव, जितेंद्र यादव, राजेश निगम, शिवा यादव व पवन लोधी को शपथ दिलाई एवं विशिष्ट अतिथि पवन मनोचा व उमेश शर्मा महामंत्री ने अभिषेक यादव, महेंद्र यादव, जय सिंह यादव को शपथ दिलाई। वही इस मौके पर मो आलम, पिंटू यादव, आशीष यादव, विजय यादव, रजत जायसवाल, अनिल यादव, मधु तिवारी, विमलेश यादव, प्रदीप शुक्ल, आदित्य प्रकाश, नीरज श्रीवास्तव, मनोज प्रजापति, अंकुर प्रजापति व धर्मेंद्र कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गई। इस मौके पर राजेन्द्र अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन हमेशा व्यापारियों के हित में काम करता रहा है और आगे भी व्यापारियों के हित मे काम करेगा।

अमरनाथ मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापार मंडल सदैव व्यापारियों की हित की लड़ाई लड़ता है। इस शपथ ग्रहण समारोह में जिन वीर योद्धाओ ने शपथ लिया है उनकी ज़िम्मेदारी बढ़ गयी है। यह व्यापारियों के मान एवं सम्मान दिलवाने का कार्य करेंगे ताकि व्यापारियों के साथ कोई अत्याचार न कर सके।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ दो दिवसीय वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन

लखनऊ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफ़ेसर अनुराधा तिवारी के संरक्षण एवं निर्देशन में दो दिवसीय 04 एवं 05 मई को वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें तीन बार की मास्टर नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट चंद्रकांता चन्ना ने महाविद्यालय में विद्यार्थियों को वार्षिक कीड़ा पुरस्कार वितरित किया। इस मौके पर उन्होने अपने संवाद एवं उद्बोधन से सभा में उपस्थित सभी महिलाओं और बालिकाओं के अंदर एक जागरूकता का संचार भी किया। क्रीड़ा प्रभारी डॉक्टर सविता सिंह ने चन्ना के जुझारू व्यक्तित्व का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार 50 प्लस होते हुए भी चंदा ने मास्टर नेशनल गोल्ड मेडल तीन बार हासिल किया। क्रीडा प्रतियोगिता में लंबी कूद में रुचि अधीरा कुसुम, ऊंची कूद में कुसुम लता, अधीरा, सुमनलता व कीर्ति सिंह, भाला फेंक में कीर्ति सिंह, सौम्या यादव एवं नीतू शर्मा, डिस्कस थ्रो में कुसुम लता, रिचा यादव व अधीरा यादव तथा गोला फेंक में संजना यादव, रागिनी प्रजापति व अनामिका पांडे एवं कैरम प्रतियोगिता में शालिनी यादव, अपेक्षा गौतम, आकृति रत्नम तथा शटल रन में सच्ची दीक्षित, कुसुमलता, रिचा यादव एवं इसके अतिरिक्त खो खो में दीपाली सिंह की टीम विजेता रही एवं कीर्ति सिंह की टीम उपविजेता रही।

# लापरवाही बरतने वाले 27 मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से लिया जाए स्पष्टीकरण : धर्मपाल सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने निराश्रित संरक्षित गोवंश के लिए भूसा संग्रहण हेतु निर्धारित अवधि 15 अप्रैल से 05 मई में प्रदेश के 27 मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा कार्य में लापरवाही और टेन्डर न किये जाने पर गहरी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपर मुख्य सचिव पशुधन डॉ रजनीश दुबे को जिम्मेदार अधिकारियों का स्पष्टीकरण लेने और दोषी पाये जाने पर उन पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि 31 मई तक पुनः अभियान चलाकर भूसा संग्रहण किया जाय और भूसा बैंक हेतु दान दाताओं का भी सहयोग लिया जाये। उन्होंने 20 वृहद गोशालाओं का कार्य 15 जून तक पूरा किये जाने के निर्देश दिये हैं। पशुधन एवं दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को पशुधन विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पशुधन मंत्री ने कहा कि चारा, पानी भूसे एवं उपचार के अभाव में संरक्षित गोवंश की मृत्यु होने पर, सम्बंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्रों में जाकर नियमित रूप से गो संरक्षण केन्द्रों एवं संचालित योजनाओं का अनुश्रवण करें और मुख्यालय पर योजनाओं की सही एवं तथ्यात्मक रिपोर्ट ही प्रेषित करें। प्रदेश के सभी गोसंरक्षण केन्द्रों को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जाय और गोचर भूमियों को चिन्हित कर कब्जामुक्त कराया जाये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के संकल्प के अनुरूप किसानों की आय दोगुनी करने और उप्र को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में पशुधन विभाग की अहम भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि 100 दिनों की कार्ययोजना को मूर्त रूप देने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाये। धर्मपाल सिंह ने कहा कि पशुधन विभाग में शीघ्र ही डीपीसी करायी जाये और रिक्त पदों को भरा जाये। उन्होंने कुक्कुट एवं बकरी पालन को बढ़ावा देकर प्रदेश में उद्यमिता का विकास करने, रोगों से बचाव के लिए पशुओं में रोग निरोधित टीकाकरण कोल्ड चेन में कराने, वर्गीकृत वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान का आच्छादन बढ़ाने एवं नस्ल सुधार की उन्नत विधि से पशुपालकों को लाभान्वित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद द्वारा पैरावेट्स मैत्री के चयन हेतु बनाये गये ऑनलाइन पोर्टल का शुभारम्भ भी मंत्री द्वारा किया गया। समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव, पशुधन, दुग्ध एवं मत्स्य विकास डॉ रजनीश दुबे ने विभागीय अधिकारियों को पूर्ण निष्ठा के साथ पशुपालकों के हित में कार्यों का निर्वहन समय से करने के लिए उत्प्रेरित किया। उन्होंने निराश्रित संरक्षित गोवंश के लिए भूसे की व्यवस्था तत्काल करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया और कहा कि अपनी जिम्मेदारियों और लक्ष्यों को समय से न पूरा करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। डॉ दुबे ने कहा कि अधिकारी जनपदों में प्रत्येक स्तर पर सभी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करें और सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सभी पात्र लोगों को मिले। बैठक में योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, गोवंशीय पशुओं के संरक्षण, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्रों की प्रगति, 08 महत्वाकांक्षी जनपदों की प्रगति, किसान क्रेडिट कार्ड अभियान की प्रगति, कुक्कुट पालन योजना की समीक्षा, वर्ष 2022-23 के 100 दिन के कार्यक्रमों का रोडमैप की समीक्षा की गयी।

# गौरैया संरक्षण को लेकर हुई प्रतियोगिता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी में गौरैया संरक्षण को लेकर गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय बंशीगढ़ी व भरोसा में मेरी प्यारी गौरैया मुहिम व अवध वन प्रभाग की ओर से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय वंशी गढ़ी की विभा शर्मा, पूर्वी शर्मा, विशाल, तुसार, व उच्च प्राथमिक विद्यालय भरोसा की सोनालिका, नेहा सिंह, जाईना को प्रमाण पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मुहिम संचालक व पक्षी प्रेमी महेश साहू ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नन्ही गौरैया के संरक्षण के लिए हम सबको आगे आना होगा क्योंकि नन्ही गौरैया की प्रजाति पर संकट मंडरा रहा है। इस तपती गर्मी में नन्ही गौरैया व अन्य पक्षीयो के लिए दाना पानी रखने व कृत्रिम घोंसले लगाने की अपील की। वहीं रेंजर शिवाकांत शर्मा ने प्रतियोगिता में प्रथम , द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी और सभी छात्र छात्राओं को नन्ही गौरैया संरक्षण की शपथ दिलाई। उस मौके पर समाज सेवी हिमांशु गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाचार्या वीरेंद्र यादव, प्रीति त्रिवेदी, वन दरोगा शिवम यादव, अमित सिंह वन रक्षक दीपक कनौजिया, मंगटू प्रसाद, शैलेन्द्र सिंह लोधी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# अब मिट्‌टी की बोतलें और टंकियां भी हैं बाजार में उपलब्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

टोंटीदार सुराही और घड़े भी लोगों को कर रहे आकर्षित



लखनऊ । गर्मियों में मिट्‌टी के घड़े के पानी पीने का क्रेज कभी कम नहीं होगा। चाहे अच्छे से अच्छा फ्रिज हो आपके पास लेकिन घड़े के पानी के स्वाद की बराबरी नहीं कर सकता है। जिस तरह से दूसरी चीजों से बने सामानों में तरक्की हुई है। नई -नई चीजें बन रह रही हैं। उसी तरह से मिट्‌टी के बर्तनों में भी नवोन्मेष हो रहा है। बाजार में अब मिट्‌टी की बोतलें, मिट्‌टी की पानी की टंकी भी मिल रही है। कोरोना ने मिट्‌टी के घड़े और सुराही से पानी पीने का चलन फिर से बढ़ा दिया। इसके अलावा चिड़ियों को पानी पिलाने के लिए कुंडा खूब बिकता है । गर्मियों में मिट्‌टी के बर्तन बेचने की दुकानें शहर की हर बाजार में लगी हुई है। पहले जहां साधारण सा घड़ा या सुराई ही बाजार में दिख जाता था, वहीं अब घडे और सुराही में भी खूबसूरती लाने के लिए नए-नए डिजाइन बनाए गए है। इसमें अब नल की टोंटी भी लगा दी गई है। पहले की तरह सुराही लुढ़का कर पानी निकालने की जरूरत नहीं है, अब टोंटी खोलिए और पानी गिलास में भर लीजिए। ऐसा ही घड़े में भी कर सकते है, जो सुविधाजनक होने के साथ-साथ देखने में अच्छा है। मिट्‌टी की पानी की बोतलें तो देखकर आप ललचा ही जाएंगे। बजाए फ्रिज से बोतल निकाल कर पानी पाने से अच्छा की मिट्‌टी की बोतल का पानी पीजिए। सेहत के लिए नुकसानदायक भी नहीं है। इसी तरह से पानी की टंकी भी बाजार में उपलब्ध है, जिसमें घड़े और सुराही की तुलना में ज्यादा पानी आ जाता है। एक बार टंकी में पानी भर लीजिए, सारे दिन की फुर्सत। अगर परिवार छोटा है तो टंकी का पानी दो दिन तक चल जाएगा।

**चिड़ियों को पानी पिलाने का कुंडा भी खरीद रहे हैं लोग**

इसके अलावा वह बताते हैं कि लोग चिड़ियों का पानी पिलाने के लिए कुंडा भी बहुत खरीदते हैं। वह खुशी से बताते हैं कि मिट्‌टी के घड़े का चलन कभी कम नहीं होगा।

# उद्यान मंत्री ने मैंगों पैक हाउस मलिहाबाद एवं नवीन आधुनिक मण्डी स्थल का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह आज मलिहाबाद के रहमान खेड़ा स्थित उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान संस्थान में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योयानिक विपणन संघ (हाफ़ेड) द्वारा आयोजित कार्यक्रम तथा मण्डी परिषद की वित्तीय सहायता से आम उत्पादकों को प्रोत्साहन हेतु लखनऊ क्षेत्र के चयनित 100 आम उत्पादकों को मैनुअल मैंगो हार्वेस्टर तथा प्लास्टिक क्रेट्स का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आम उत्पादकों को मैंगो हार्वेस्टर एवं क्रेट्स के वितरण से जहाँ एक ओर आम की गुणवत्ता सुरक्षित होगी और आम उत्पादकों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त होगा। जिससे उनकी आय में बढ़ोत्तरी होगी। उद्यान मंत्री ने कहा कि गुणवत्ता युक्त निर्यातनोमुखी आम की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से आम की तुड़ाई के बाद प्रबन्धन के लिए लखनऊ क्षेत्र के 100 आम उत्पादक का चयन जिला उद्यान अधिकारी द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद के वित्तीय सहयोग से निर्यात योग्य आम उत्पादन करने वाले किसानों को 75 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आम का निर्यात विदेशों में किया जा रहा है इसके लिए उन्होंने हाफ़ेड द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि किसानों और व्यापारियों की समस्या को गम्भीरता से लिया जाये तथा उनका निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाये। उन्होंने आम उत्पादकों से उनकी समस्यायें एवं सुझाव मांगे है। ताकि उसका निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाये। उन्होंने निदेशक उद्यान को निर्देश दिये है कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ हर किसान को मिले तथा उनकों किसी भी प्रकार की समस्या न आने पाये। उद्यान मंत्री को मलिहाबाद के आम उत्पादकों द्वारा अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया। जिसमें सरकारी ट्यूबेल, फल मण्डी में दुकान, मलिहाबाद में आम उत्पादकों के लिए उचित दरों की दवा की दुकाने, पैकिंग बाक्स में जी.एस.टी. कम करने, मलिहाबाद में प्रोसेसिंग युनिट लगाने के लिए अनुरोध किया। इस पर उद्यान मंत्री ने आम उत्पादकों को आश्वस्त किया कि उनकी हर समस्या को प्राथमिकता पर हल करने का प्रयास किया जायेगा। इसके उपरांत उद्यान मंत्री ने मैंगों पैक हाउस, मलिहाबाद तथा आधुनिक मण्डी स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों एवं व्यापारियों की समस्या को सुना तथा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि इनका निदान तत्काल करे। उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी परिषद कि अपर निदेशक श्रीमती निधि श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मण्डी परिषद किसानों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है। आम उत्पादकों के लिए उनके उत्पाद के निर्यात के लिए मैंगो पैक हाउस तैयार किया जा रहा है।

# प्राथमिक विद्यालय हुसैनापुर का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। गुरुवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने ब्लाक लखीमपुर के प्राथमिक विद्यालय हुसैनापुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूलों में नामांकित बच्चों से बातचीत करके उनका शैक्षिक स्तर जांचा। डीएम ने शिक्षकों से विद्यालय में विशेष प्रयास किए जाने के निर्देश दिए। विद्यालय को स्वच्छ व सुंदर बनाते हुए सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का खिताब हासिल करें। उन्होंने कहा कि बच्चों को ऐसे पढ़ाएं कि वह कॉन्वेंट स्कूल से कमतर न हो। उन्होंने कहा कि शिक्षक यह प्रयास करें कि गांव का कोई भी बच्चा नामांकन से वंचित न रहने पाए यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराया जाए।

### अर्पिता के गणित ज्ञान पर डीएम गदगद, दुलारा

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के पूछने पर कक्षा तीन की छात्रा अर्पिता ने 20 तक बिना रुके हुए पहाड़े सुनाएं। बालिका की हौसला अफजाई करते हुए उसकी प्रशंसा की। डीएम के पूछने पर अर्पिता ने बताया कि उसकी माता सोनी जयसवाल उसे नियमित पढ़ाती हैं और उन्होंने ही उसे पहाड़े याद कराए हैं। इस दौरान पलक समेत अन्य बालक-बालिकाओं से भी डीएम ने बातचीत की।

### डीएम ने परखी मिड-डे-मिल की गुणवत्ता

प्राथमिक विद्यालय हुसैनापुर के निरीक्षण के दौरान डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मिड-डे-मिल की गुणवत्ता देखी। डीएम के पूछने पर भी रसोईया विनीता और राम जत्ती ने बताया कि आज रोस्टर के मुताबिक अरहर की दाल व रोटी बनी है। डीएम ने कटोरी में दाल लेकर स्वयं चखकर उसकी गुणवत्ता परखी। दाल अच्छी बने होने पर उन्होंने रसोईया की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रतिदिन गुणवत्ता युक्त भोजन परोसा जाए।

## डीएम ने दधीच कुंड का किया निरक्षण

सीतापुर । जिलाधिकारी ने महर्षि दधीच कुंड तीर्थ का भी निरीक्षण किया । तीर्थ पुरोहित राहुल शर्मा ने तीर्थ की जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने की बात कही । सभासद प्रदीप सिंह ने बताया कि जल निकासी हेतु बनवाया गया नाला अतिक्रमण की चपेट में होकर बंद हो गया है । जिससे तीर्थ की जल निकासी व्यवस्था बंद है । तीर्थ का जल दूषित हो रहा है । जिला अधिकारी ने तीर्थ के संबंध में जानकारी ली । तथा तीर्थ परिसर के चारों तरफ घूम कर निरीक्षण किया । जल निकासी हेतु बनवाए गए वाह्य कुंड का निरीक्षण किया। तथा तालाब के पास से नाला बनवाने का अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया । तीर्थ परिसर में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को देखकर व गंदगी को देख कर भड़के अधिशासी अधिकारी को फटकार लगाई । सभी ब्यवस्थाऐं शीघ्र दुरुस्त कराने का निर्देश दिया । तीर्थ परिसर के चारों तरफ अनावश्यक रूप से बने रास्तों को गेट लगाकर बंद कराने के निर्देश दिए । दधीचि कुंड तीर्थ में मार्जन लेकर मंदिर पुजारी राहुल शर्मा के द्वारा महर्षि दधीचि का पूजन व दर्शन किया और फिर तीर्थ परिसर व मंदिर की सभी व्यवस्थाऐं स्वयं देखने की बात कही ।

# प्रबोध हत्याकांड के सुपारी किलर को मुठभेड़ में लगी गोली, गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### ढाई लाख रुपये की नगदी, तमंचा व कारतूस बरामद

लखीमपुर-खीरी। बीती 30 अप्रैल को हुए सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव बालूडीह निवासी प्रबोध कुमार गुप्ता की हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि एक और सुपारी किलर को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। दावा है कि सुपारी किलर से हुई मुठभेड के दौरान पुलिस की गोली उसके बाएं पैर में लगी है। गांव बालूडीह निवासी प्रबोध गुप्ता ( 45 ) की बीते 30 अप्रैल को धारदार हथियारों से प्रहार कर हत्या कर दी गई थी। हत्यारों ने शव कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के गांव जटपुरवा के निकट सड़क किनारे फेंक दिया था। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर बालूडीहा निवासी आशीष गुप्ता और थाना ईसानगर के गांव खमरिया पंडित निवासी उसके साढू अतुल गुप्ता के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने बुधवार को आशीष गुप्ता व अतुल गुप्ता को अगले दिन ही गिरफ्तार कर लिया था। प्रभारी निरीक्षक धौरहरा धर्म प्रकाश शुक्ल ने बताया कि वह वांछितों की तलाश में थे। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दी कि प्रबोध कुमार गुप्ता की हत्या में शामिल सुपारी किलर थाना ईसानगर के गांव खमरिया निवासी उमेश मिश्रा जालिमनगर पुल की तरफ बाइक से जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब उसे घेरकर पकड़ने की कोशिश की तो सुपारी किलर ने पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस ने बचाव करते हुए जवाबी फायर किए। पुलिस की गोली सुपारी किलर के बाएं पैर में जा धंसी और वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रभारी निरीक्षक का दावा है कि पुलिस ने उसके कब्जे से ढाई लाख रुपये, एक 315 बोर का तमंचा, तीन खोखा कारतूस और तीन जिंदा कारतूस और बाइक बरामद किए हैं।

### मुठभेड़ में शामिल पुलिस टीम

मुठभेड़ करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक धर्म प्रकाश शुक्ल, निरीक्षक अपराध राजू राव, एसआई इन्साफ अली, संजय कुमार सिंह, सिपाही प्रशान्त सिंह, मुरली मनोहर, लवी सिन्धू, राहुल जानीवाल व चन्द्रकान्त चहल शामिल थे।

## मानसिक अस्वस्थ महिला के लिए वरदान बने रेउसा थाना प्रभारी

रेउसा सीतापुर । रेउसा थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने मानवता की मिशाल पेश करते हुए मानसिक रूप से कमजोर महिला व उसके बच्चों को वस्त्र आदि उपलब्ध कराए। ज्ञात हो कि गत दिवस रेउसा थाना क्षेत्र के अकसोहा गांव के पास एक महिला घूमती हुई पाई गई जिसके साथ उसके दो बच्चे भी थे जो अपना नाम और घर का पता नहीं बता पा रही थी । ग्रामीणों के द्वारा यह खबर मिलते ही रेउसा थाना प्रभारी ने टीम भेजकर महिला व उसके बच्चों को थाने में बुलाकर खाना खिलाया, साथ थाना प्रभारी व उनके स्टाफ के द्वारा महिला व उसके बच्चों को वस्त्र उपलब्ध कराए गए। चूंकि थाना प्रभारी के अथक प्रयासों के बावजूद भी महिला अपना नाम पता बताने में असमर्थ दिख रही थी। जिसके चलते थाना प्रभारी द्वारा ख़बर लिखे जाने तक महिला को अदालत में पेश करके उसे उचित आशियाना दिलाने के लिए सार्थक कोशिश की जा रही थी।

# ओवर रेटिंग की शिकायत टेस्ट परचेज में मिली सही, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। बियर शॉप उचौलिया पर ओवररेटिंग की शिकायत टेस्ट परचेज में सही मिलने पर जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देश पर आबकारी निरीक्षक रुद्रकांत मिश्रा ने संबंधित के विरुद्ध आईपीसी की 417, 418 व 420 धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया।

डीईओ कुलदीप दिनकर ने जानकारी देते हुए बातया कि आईजीआरएस पर एक शिकायतकर्ता द्वारा बियर शॉप उचौलिया के सेल्समैन द्वारा निर्धारित रेट से ?10 अधिक पर बीयर की बिक्री की शिकायत मिली। जिस पर चार मई को शाम करीब 07:30 बजे आबकारी निरीक्षक रुद्रकांत मिश्रा मय स्टाफ उचौलिया पहुंचे। बियर दुकान से टेस्ट परचेज कराई। टेस्ट परचेज के दौरान उचौलिया दुकान बियर पर ओवर रेट होते हुए मिला। खरीद्दारी करने के बाद में आबकारी निरीक्षक मय स्टाफ दुकान पर पहुंचे, दुकान पर सेल्समैन सुबाज सिंह निवासी शाहजहांपुर थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर विक्रेता के रूप में दुकान पर पाए गए। विक्रेता सुबाज सिंह द्वारा किंगफिशर स्ट्रांग बियर जिसका एमआरपी ?110 है को ?120 में बेचा जा रहा था। इस प्रकार विक्रेता द्वारा निर्धारित मूल्य से ?10 ज्यादा लिया गया। फौरन आबकारी निरीक्षक ने उक्त आशय की सूचना डीईओ को दी। निर्देश मिलते ही आबकारी निरीक्षक रुद्रकांत मिश्रा ने विक्रेता के उक्त कृत्य जनता के साथ धोखाधड़ी करने, उसकी गाढ़ी कमाई का पैसा अपनी जेब में रखने, छलकर के धन उगाही पर सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर को निर्देश दिए कि पूरे आबकारी महकमे को अलर्ट करते हुए यह सुनिश्चित कराया जाए कि किसी भी शराब अनुज्ञापी के यहां मिक्सिंग और ओवर रेटिंग कदापि न हो, ऐसे मामले पर तत्काल एफआईआर दर्ज कराते हुए संबंधित को जेल भेजा जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी शराब की दुकान में इस तरह के मामले संज्ञान में आए तो इसे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सरकारी दुकानों में बन रहे अवैध आस्थाई आवास, निर्माण रुकवाने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा-खीरी। नगर पंचायत में दलितों के लिए बनवाई गई दुकानों पर हो रहे कब्जे को रुकवाने व कार्रवाई करवाने के लिए एसडीएम को शिकायती पत्र दिया गया है। एसडीएम ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। धौरहरा कस्बे में अधिकारियों की मिली भगत के चलते सरकारी जगहों पर कब्जे कर रहे हैं। जबकि प्रदेश सरकार सरकारी जमीनों से कब्जा हटवाने को लेकर कड़ा रुख अख्तियार कर रहे हैं। जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी जमीनों को खाली करवाया जा रहा है। पर धौरहरा नगर पंचायत में सरकारी जमीनों पर कब्जा किया जाना बदस्तूर जारी है। खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के मुख्य द्वार के दाहिनी तरफ दलितों के लिए बनाई गई दुकानों पर अस्थाई आवास बनाकर कब्जा किया जा रहा है। शिकायत के बाद एसडीएम ने कार्रवाई करवाने का आश्वासन दिया है। मामला नगर पंचायत धौरहरा का है, नगर पंचायत के नामित सदस्य सुरेन्द्र दीक्षित ने एसडीएम धीरेंद्र सिंह को शिकायती पत्र दे आरोप लगाया है कि बीते कई वर्षों पहले विकास खण्ड कार्यालय के मुख्य द्वार के दाहिनी तरफ दलितों के लिए आरक्षित दुकानों का सरकार ने निर्माण करवाया था। आरोप है कि कुछ समय तक तो दुकानों के मालिकों ने आवंटित दुकानों में अपनी दुकानदारी की फिर उसे किराए पर दे दिया। किराए पर लिए दुकानदारों ने कुछ समय तक तो उसमें दुकानदारी की फिर उसमें अपना स्थाई निवास का निर्माण कर रहे हैं। नामित सदस्य सुरेन्द्र दीक्षित ने एसडीएम धीरेंद्र सिंह को शिकायती पत्र दे हो रहे निर्माण को रूकवाने व कार्रवाई किए जाने की मांग की है। एसडीएम ने कार्रवाई करवाने व निर्माण कार्य रुकवाने का आश्वासन दिया है।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 सुदामापुरी, सीतापुर

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना : अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, सीतापुर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य को कराने हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी निविदाकारों से निविदाएं ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं प्रपत्र UP Government की वेबसाइट www.etender.up.in पर डाउनलोड/देखे जा सकते है। निविदा से सम्बन्धित अन्य सूचना यथा तिथि विस्तारण/संशोधित तिथि/निरस्तीकरण केवल ई-टेण्डर पोर्टल पर ही प्रकाशित की जायेगी। 1- अल्पकालीन निविदा संख्या 20/विविमसी/ 2022-23 विद्युत परीक्षण खण्ड, सीतापुर के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय सीतापुर के अन्तर्गत विभिन्न 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों एवं पावर परिवर्तकों, इनकमिंग पोषको एवं आउटगोइंग पोषकों की रूटीन एवं आपातकालीन इलेक्ट्रिकल टेस्टिंग का कार्य। धरोहर धनराशि रू09,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु0 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथि- 20.05.2022 निविदा खुलने की तिथिः 21.05.2022। 2- अल्पकालीन निविदा संख्या 21/विविमंसी/2022-23 विद्युत परीक्षण खण्ड, सीतापुर के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-बिसवाँ, सीतापुर के अन्तर्गत विभिन्न 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों एवं पावर परिवर्तकों, इनकमिंग पोषकों एवं आउटगोइंग पोषकों की रूटीन एवं आपातकालीन इलेक्ट्रिकल टेस्टिंग का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 5,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु0 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथि- 20.05.2022 निविदा खुलने की तिथिः 21.05.2022। 3- अल्पकालीन निविदा संख्या 22/विविमसी/2022-23 विद्युत वितरण मण्डल, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम/ द्वितीय /बिसवाँ/ महमूदाबाद, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में विभिन्न उपकेन्द्रों के उपयोग हेतु आवश्यक सामग्री की आपूर्ति का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 10,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथि- 20.05.2022 निविदा की तिथिः 21.05.2022। 4. अल्पकालीन निविदा संख्या 23/ विविमसी /2022-23 विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र सिधौली ग्रामीण से पोषित 11 केवी फीडरों की निर्बाध संचालन हेतु वृक्षों की डालियों की कटाई एवं छटाई का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 2.000.00 मात्र निविदा शुल्क रु. 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथि-20.05.2022 निविदा खुलने की तिथिः 21.05.20221 5- अल्पकालीन निविदा संख्या 24/विविमसी/2022-22 विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र कमलापुर से पोषित 11 केवी फीडरों की निर्बाध संचालन हेतु वृक्षों की तालियों की कटाई एवं छटाई का कार्य एवं 11 केवी ढीले तारों को सही करने एवं एल0टी0 लाइनों के ढील तारों को सही करने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 2.000.00 मात्र निविदा शुल्क रु0 1180.00 मात्र निविदा आन लाइन भरने की तिथि-20.05.2022 निविदा खुलने की तिथि-21.05.20221। 6- अल्पकालीन निविदा संख्या 25/ विविमसी /2022 23 विद्युत वितरण मण्डल, सीतापुर के कार्यालय के विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों की फोटो कापी करने तथा स्पाइरल बाइडिंग करने तथा कार्यालय उपयोग हेतु विभिन्न प्रकार के फाइल कवर एवं कैडक इत्यादि उपलब्ध कराने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 1.000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु0 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथि-20.05.2022 निविदा खुलने की तिथि-21.05.2022, पत्रांक-900/ वि0वि0म0सी0/निविदा प्रकाशन, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण निगम सीतापुर।

राष्ट्र हित में बिजली बचाएं


# आयोजित हुई ग्राम चौपाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेहजम-खीरी। उत्तरप्रदेश सरकार ने हाल ही में एक आदेश दिया था कि ब्लाक की हर पंचायत में ग्राम चौपाल लगाकर वहीं लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा और स्थानीय स्तर पर उसी दिन निपटारा किया जाएगा। सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को बताया जाएगा जिससे जनता योजनाओं का लाभ ले सके। इसी के अनुरूप बेहजम ब्लाक की ग्राम पंचायत गौरिया में ग्राम चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं को सुना गया। चौपाल में पंचायत विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग के अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण किया। साथ ही साथ तमाम प्रकार की सरकारी योजनाओं के बारे में जनता को बताया। चौपाल में पांच वर्ष के बच्चों का सत प्रतिसत नामांकन कराने के लिए जनता को प्रोत्साहित किया। चौपाल में प्रधान प्रतिनिधि समीम खां, क्षेत्रीय लेखपाल उपेंद्र सिंह भदौरिया, ग्राम पंचायत अधिकारी जमालुद्दीन, सहायक चकबंदी अधिकारी सहित ब्लाक के कर्मचारी व गांव के लोग मौजूद रहे।

# संविलियन विद्यालय सदर पहुंची आकांक्षा, घंटों किया मंथन

- बच्चों में बांटी खाद्य सामग्री, डीएम के गोद लिए विद्यालय को मिला आकांक्षा का साथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। डीएम की धर्मपत्नी व जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष अल्पना सिंह ने गुरुवार को अचानक डीएम द्वारा गोद लिए संविलियन विद्यालय सदर का औचक निरीक्षण कर ऑपरेशन कायाकल्प व शिक्षण व्यवस्था की परखी। उन्होंने बच्चों के बीच जाकर उनकी कापियां देखी, उनसे कई प्रश्न पूछे। उन्हें पढ़ाई में आने वाली समस्याओं से भी रूबरू हुई। उन्होंने प्रत्येक बच्चों से नाम जानकर बहुत देर तक बातचीत की। बच्चों से पढ़ाई के विषय में बताया। उन्होंने बच्चों को विभिन्न खाद्य सामग्री व फ्रूटी का वितरण किया। उन्होंने विद्यालय के प्रत्येक कक्षा-कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया। आपरेशन कायाकल्प व शिक्षण व्यवस्था के लिए आवश्यक प्रत्येक संसाधन की पूर्ति के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष अल्पना सिंह ने बीएसए डॉ. लक्ष्मीकांत पाण्डेय से बात की और यथोचित निर्देश दिए और मंशा जाहिर की कि यथाशीघ्र विद्यालय के कायाकल्प, प्रांगण के समतलीकरण, बच्चों के लिए खेलकूद सामान, सुदृण शैक्षिक व्यवस्था को संविलियन विद्यालय सदर में शीघ्र पूर्ण कराया जाए। जिससे छात्र-छात्राओं को रुचि पूर्ण अध्ययन करने में सहयोग प्राप्त हो सके। उन्होंने विद्यालय के रंग रोगन, फर्नीचर, रंगाई पुताई, बिजली, पंखे, शौचालय में टाइल्स की व्यवस्था को सुदृढ़ करने में हरसंभव सहायता व हर संभव सहयोग देने की बात कही, जिससे यह विद्यालय जिले के मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालय के किनारे-किनारे जो भी जंगल-झाड़ी खड़ी हो गई, उसकी समुचित सफाई व कटाई कराने, प्राइमरी के दो जर्जर कक्षों में क्लास चल रही हैं उन्हें निकट के किनारे के अच्छे वाले कक्षाओं में ट्रांसफर कर दिया जाए। स्टोर रूम में अव्यवस्थित सामान को व्यवस्थित कराने तथा साथ ही उसमें प्राइमरी कक्षाओं में पड़ी टूटी बेंचे व अन्य सामान स्थानांतरित कर दिया जाए। साथ ही रिकॉर्ड रूम का रिकॉर्ड भी सुव्यवस्थित तरीके से उसी कक्ष में लगा दिया जाए, जिससे कि रिकॉर्ड रूम, जिसकी स्थिति अच्छी है, का क्लासेज के रूप में सदुपयोग किया जा सके। रोशनी का अभाव वाले क्लासेस में फंटी वाली ट्यूबलाइट्स लगाई जाएं।

## सीने में दर्द कार्डियक है या नॉन कार्डियक : डॉ. आशुतोष शुक्ला

अंबेडकर नगर । दिल का दौरा (हार्ट अटैक) एक बहुत ही घातक स्थिति है और यह जानलेवा हो सकता है। आहार की बुरी आदतों, तनाव, धूम्रपान, शारीरिक श्रम का अभाव और प्रदषण के कारण युवा आबादी में भी समाज में इसकी घटनाएं बढ़ रही हैं। सीने में दर्द जो मूल रूप से हृदय संबंधी होता है उसे एनजाइना कहा जाता है। हृदय का दर्द 2 प्रकार का होता हैः 1) हार्टअटैक (एक्यूट मायोकार्डियल इन्फार्कशन) या अस्थिर एनजाइना 2) स्थिर एनजाइना हार्टअटैक (एक्यूट मायोकार्डियल इन्फार्कशन) या अस्थिर एनजाइना : यह सामान्य दर्द से अधिक होने वाला दर्द है जिसमें तीव्रता या अवधि में वृद्धि होती है। यह दर्द 15 मिनट से अधिक अवधि का होता है। इसमें जबड़े, पेट, कंधों या ऊपरी अंगों में दर्द हो सकता है, डायफोरेसिस हो सकती है। स्थिर एनजाइना क्रॉनिक स्टेबल एनजाइना में दर्द 10 मिनट से कम अवधि तक हो सकता है। यह चलने पर, तनाव में या भावनाओं (द्ध्दधध्द्धधद्धप) से बढ़ जाता है। एक निश्चित दूरी तक चलने पर सीने में दर्द होने लगता है और आराम करने या नाइट्रेट्स लेने पर कम हो जाता है।गैर-हृदय दर्द शरीर के हिलने डुलने , झुकने , खांसने , गहरी सांस लेने या कंधे को ऊपर उठाने पर होता है और दर्द वाले अंग को छूने या दबाने पर सख्त दर्द होता है लेकिन यह प्रत्येक मामले में आवश्यक नहीं है और हृदय संबंधी जांच की आवश्यकता हो सकती है।

# संवाद से परस्परता का भाव पैदा होता है: मिथिलेश त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अंबेडकर नगर। भारतीय जनता पार्टी की 2 मई से चल रहे तीन दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन बुधवार को हो गया।तीन दिन चले प्रशिक्षण वर्ग के अंतर्गत कुल 15 सत्रों में व्याख्यान देते हुए प्रदेश के भाजपा नेताओं और विचारकों द्वारा कार्यकर्ताओं को विभिन्न विषयों में प्रशिक्षित किया गया संवाद हीनता संबंधों को कम करता है।संवाद से परस्परता का भाव पैदा होता है।अनौपचारिक चर्चा से संघ भाव निर्मित होता है।आर्थिक,सांस्कृतिक और वैचारिक समृद्धि हमें वैभावशाली बनाते हैं भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में चले तीन दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग के 15वें समापन सत्र को संबोधित करते हुए अकबरपुर नगर स्थित डाक्टर राम मनोहर लोहिया सभागार में भाजपा क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने व्यक्त किया उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी का पहला विदेश दौरा भूटान का था और आज वह फ्रांस में हैं।अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि भारत एक दिन विश्व गुरु बनेगा जिसके लिए नीव में ईट देश के गौरवशाली प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने रख दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार योजना आयोग के माध्यम से योजना बनाती थी और मोदी जी ने योजना आयोग को समाप्त कर नीति आयोग का गठन किया।उन्होंने कहा कि 2014 में बने नीति आयोग द्वारा देश के विकास और नए भारत की परिकल्पना को मूर्ति रूप देने के लिए योजना बना कर काम किया जा रहा है।भारत को आत्म निर्भर बनाने के लिए ढांचागत निवेश और पूंजीगत निवेश भाजपा सरकार कर रही है।भारत देश मे तोप का गोला और आधुनिक मिसाइल बना कर रक्षा उपकरण के मामले में भी आत्म निर्भर बन रहा है।उन्होंने कहा कि भारत ने कोरोना वैक्सीन बना कर 56 देश को निःशुल्क निर्यात किया है।भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने प्रशिक्षण वर्ग में प्रशिक्षक के रूप में शामिल हुए प्रदेश के वक्ता अतिथियों,वर्ग संचालन समिति के सदस्यों सहित वर्ग में शामिल भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त कर प्रशिक्षण वर्ग के संपन्न होने की घोषणा कीभाजपा जिला मीडिया प्रभारी/जिला प्रशिक्षण वर्ग नियंत्रक बाल्मीकि उपाध्याय द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि जिला प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य,प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चंद्र श्रीवास्तव,राकेश त्रिपाठी,भाजपा प्रदेश मंत्री विधायक शंकर लोधी,अनुसूचित जाति जनजाति आयोग अध्यक्ष लालजी प्रसाद निर्मल,सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक अंकित सिंह चंदेल, क्षेत्रीय महामंत्री/जिला प्रभारी विजय प्रताप सिंह, विधायक सुभाष त्रिपाठी, विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा का पाथेय कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ।

## मिट्टी खनन माफियाओं के खुलेआम आतंक

अम्बेडकरनगर। प्रदेश सरकार नेकिसानोंकोआवश्यकतानुसार खेतों से मिट्टी निकालने की छूट क्या दिया कि मिट्टी खनन माफियाओं की लॉटरी निकल पड़ी। खुलेआम मिट्टी खनन कर फर्राटेदार ट्रैक्टर ट्रालियों के माध्यम से मिट्टियों को बेचा जा रहा है और जो कोई भी इनका काम में तनिक रोड़ा डालने का प्रयास मात्र करता है उसे मौका मिलते ही तेज़ रफ़्तार ट्रैक्टर से कुचल कर हत्या का प्रयास भी करने में नहीं चूकते हैं। ताज़ा मामला बसखारी थानाक्षेत्र के है जहां मिट्टी खनन माफियाओं के आतंक खुलेआम जारी है जिस पर स्थानीय पुलिस भी लगाम नहीं लगा पा रही है। मिट्टी खनन कर फर्राटेदार ट्रैक्टर ट्राली लेकर जाने पर मना करने वाले युवाओं को निशाना बना कर उनपर टैक्टर ट्राली चढ़ा दी जाती है और आननफानन में मामला दुर्घटना का दर्ज करा लिया जाता है। बीती रात्रि मिट्टी खनन पर आपत्ति लगाने वाले दो युवाओं को निशाना बनाया गया और मामले को दुर्घटना दिखा कर इतिश्री करने का प्रयास भी किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात्रि कैफ पुत्र पुत्र मोहम्मद वकील आसिम पुत्र बैयातुल्लाह निवासीगण मकोइयाँ बाइक से घर जा रहे थे कि पीछे से मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली ने उन्हें रौंद दिया और दोनों घायलों को पास के गड्डे में फेंक बाइक को काफी दूर लेकर चले गए।

# अपडेटेड ड्यू लिस्ट के साथ सभी नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर हो नियमित टीकाकरण : डॉ. अनिल गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। मिशन इंद्रधनुष अभियान को लेकर एक समीक्षा बैठक जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में एएनएम ट्रेनिंग सेंटर सभागार में हुई। इस दौरान अर्बन क्षेत्र में आईएमआई में लगे कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में एसीएमओ डॉ. केके आदिम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान मिशन इंद्रधनुष अभियान के कार्यों की समीक्षा करते हुए पाया गया है कि एएनएम के पास अपडेटेड ड्यू लिस्ट और आरसीएच रजिस्टर उपलब्ध नहीं है। वहीं सभी नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर नियम टीकाकरण करने के निर्देश दिए गए। टीकाकरण वहां पर मौजूद स्टाफ नर्स को करना होगा। छूटी हुई गर्भवती माताओं और बच्चों को ड्यू लिस्ट के आधार पर बुलाकर उनका टीकाकरण किया जाना सुनिश्चित किया जाना है। कार्य में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। फाइलेरिया एवं मलेरिया विभाग में कार्यरत कर्मचारी पर्यवेक्षण का कार्य करेंगे और उसकी दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे नगरी स्वास्थ्य केंद्र नौरंगाबाद में तैनात डाक्टर अमृता का स्थानांतरण नगरीय स्वास्थ्य केंद्र निर्मल नगर में किए जाने के आदेश भी दिए गए इस दौरान उप प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ उज्जवल सहित एसएम को डॉक्टर विकास सिंह डब्ल्यूएचओ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मुकेश चौहान कोल्ड चैन हैंडलर स्नेह लता सहित फार्मासिस्ट स्टाफ नर्स और एएनएम उपस्थित रहीं।

# विकास की हकीकत जानने आए मंत्रियों ने किया निरीक्षण

## वार्डों के निरीक्षण के दौरान ईओ को अव्यवस्थाओं के लिए लगाई फटकार, गोशाला में देखी गोवंशों के चारे-पानी की व्यवस्थाएं, गायों को खिलाया गुड़

कैनविज टाइम्स ब्यूरो





रायबरेली। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री एवं प्रभारी मंत्री लखनऊ मंडल सुरेश कुमार खन्ना व प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी व प्रदेश के जल शक्ति विभाग के राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने जनपद रायबरेली भ्रमण कार्यक्रम के दौरान शहर के पूरे कप्तान के पुरवा, प्रभू टाउन, बस स्टॉप आदि क्षेत्रों की साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पूरे कप्तान का पूरा में साफ-सफाई निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां के प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत लाभार्थी रमेश कुमार, राम बहादुर सोनकर, राम प्रकाश, अशोक कुमार सोनकर आदि से संवाद कर प्रधानमंत्री आवास योजना द्वारा प्राप्त किश्तों के बारे में जानकारी ली। जिस पर लाभार्थियों द्वारा बताया गया कि हमें प्रधानमंत्री आवास योजना द्वारा हमे आवास बनाने की सम्पूर्ण किस्तों का पूरा पैसा प्राप्त हुआ है। क्षेत्र के मधूर किशोर बाजपेयी ने बताया कि यहां पर नगर पालिका द्वारा निरन्तर सफाई नहीं की जाती है। जिस पर प्रभारी मंत्री ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को कड़े निर्देश दिये कि शहर के समस्त क्षेत्रों में निरन्तर साफ-सफाई की जाए। प्रभू टाउन क्षेत्र की साफ-सफाई निरीक्षण के दौरान वहां के लोगों द्वारा बताया गया कि शांति इन होटल द्वारा अतिक्रमण किया गया है जिससे क्षेत्र में काफी गंदगी रहती है। जिस पर प्रभारी मंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को तत्काल अतिक्रमण हो हटवाने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने बस स्टॉप में साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया जिस पर निर्माणाधीन कार्य से निकला मलबा रोड से तत्काल हटाने व नाला व नालियों की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान जनरल वार्डों में पहुंचकर रोगियों का हाल जाना तथा उनसे वार्ता करते हुए कहा कि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी तो नही है, इलाज ठीक प्रकार से हो रहा है कि नही। इस पर मरीजों ने मंत्री जी को बताया कि उनका इलाज ठीक प्रकार से हो रहा है तथा किसी प्रकार की समस्या नहीं है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अस्पताल में रोगियों के साथ आये तीमारदारों से भी बात की। उन्होंने उपस्थिति चिकित्सकों को निर्देश दिये कि अस्पताल आये सभी मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएं और अस्पताल में साफ-सफाई को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाए। मंत्री ने विकास खंड राही के ग्राम पंचायत बेलाखारा में वृहद गौशाला व त्रिपुला स्थित कान्हा गोवंश विहार गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि जनपद में खुले में घूम रहें निराश्रित व बेसहारा गोवंश को गौशालाओं में रखा जाये तथा प्रत्येक गौआश्रय स्थलों पर गर्मी एवं हीटवेव से गोवंशों को बचाने हेतु समुचित प्रबंधन सुनिश्चित कराएं। त्रिपुला स्थित कान्हा गोवंश विहार गौशाला में प्रभारी मंत्रियों ने कई गायों को गुड़ भी खिलाया। प्रभारी मंत्री प्राथि सुरजूपुर ग्रापं बेलाखारा के निरीक्षण के दौरान उपस्थित बच्चों से पहाड़ा सुना। जिस पर कक्षा पांच की अंजली से 15 का पहाड़ा सुना व अशिका पाल व अतुल से 13 का पहाड़ा सुना जिस पर बच्चों ने मंत्री जी को पहाड़े सुनाए। छात्रा कोमल से शिक्षा व्यवस्था व मिड डे मील के बारे पूछा जिस पर बच्ची द्वारा बताया गया कि मिड डे मील प्रतिदिन दिया जाता है और अध्यापक भी प्रतिदिन आते हैं। इसी दौरान आयोजित जन-चौपाल में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में लगाए गए स्टालों पर जाकर लाभपरक योजनाओं की जानकारी संबंधित विभागों से ली। उन्होंने जन-चौपाल में लगाए गए स्टालों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा लोगों को बताया कि लोगों की समस्याओं को सुनने तथा योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार स्वयं आपके दरवाजे पर चलकर आयी है। सतावं में मलिक मऊ चौबारा कोरिहर में साधन सहकारी समिति द्वारा गेहूं क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डिप्टी आरएमओ ने से गेहूँ केंद्र पर किसानों द्वारा क्रय किये गये गेहूं की जानकारी ली। जिस पर डिप्टी आरएमओ ने बताया गया कि क्रय केन्द्र पर 23 किसानों से 874.50 कुंतल गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने कहा कि उन्होंने गेहूं क्रय केन्द्रों पर गेहूं खरीद को बढ़ाये जाने के निर्देश दिये। नमी मापक यंत्र, बोरे, इलेक्ट्रॉनिक कांटा आदि व्यवस्थाए दुरुस्त रखीं जाए। गेहूं क्रय केन्द्रों पर किसानों से अधिक से अधिक नियमानुसार गेहूं की खरीद की जाए। इस अवसर पर डीएम माला श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, सीडीओ प्रभाष कुमार, एडीएम प्रशासन अमित कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पल्लवी मिश्रा, एसडीएम सदर, अपर जिला सूचना अधिकारी इंजेश सिंह, डिप्टी आरएमओ सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पहाड़पुर शराब कांड के सरगना ने किया सरेंडर

महराजगंज (रायबरेली)। जनवरी माह में पहाड़पुर में हुए देशी जहरीली शराब कांड के मुख्य सरगना नवीन जायसवाल ने आखिरकार न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। कोतवाली पुलिस ने न्यायायल से नवीन जायसवाल को चार दिन की पुलिस अभिरक्षा में ले लिया है। बताते चलें कि जहरीली शराब कांड में मुख्य आरोपी नवीन जायसवाल फरार चल रहा था, जिस पर कोतवाली पुलिस ने कुर्की की कार्यवाही भी शुरू कर दी थी, वहीं आखिर में नवीन जायसवाल ने स्वयं को न्यायालय में हाजिर कर दिया। जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी को रिमांड में लेने की पेशकश की। न्यायालय में अभियुक्त पक्ष के अधिवक्ता लालेन्द्र श्रीवास्तव व सरकारी अधिवक्ता निर्मल गौर के बीच हुई तीखी बहस के बाद न्यायालय ने अभियुक्त को चार दिन के लिए पुलिस कस्टमी में देने का फैसला किया। कोतवाल जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि गुरूवार को बाराबंकी न्यायालय में दोनों पक्षों के वकीलों में बहस के बाद न्यायालय ने अभियुक्त को पुलिस कस्टडी में देने का फैसला लिया। जिसके बाद कोतवाली पुलिस अभियुक्त को बाराबंकी से महराजगंज पूछतांछ हेतु ले आयी है।

# नवोदय के प्राचार्य को दी गई भवभीनी विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज (रायबरेली)। क्षेत्र के जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य रहे अमरनाथ राय के 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने पर स्वदेश सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां पर विद्यालय के प्राचार्य रामप्रताप सिंह, शिक्षकों व विद्यालय प्रबन्ध कमेटी के पदाधिकारियों ने उन्हें अंगवस्त्र, प्रतीक चिंह व फूल-मालाओं से सम्मानित किया।

विदाई एवं सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य राम प्रताप सिंह ने कहा कि जैसे शिक्षा के क्षेत्र में जवाहर नवोदय विद्यालय की अहम भूमिका होती है वैसे ही विद्यालय चलाने में एक प्राचार्य भी अहम भूमिका में होता है। विगत कई वर्षों से प्राचार्य अमरनाथ राय द्वारा विद्यालय का संचालन बहुत ही बेहतरीन ढंग से किया गया और विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था के साथ अन्य व्यवस्थाओं में भी खासा प्रगति की गयी। जिसके लिए वह धन्यवाद के पात्र है। वहीं प्राचार्य अमरनाथ राय ने कहा कि उनका मानना है कि शिक्षा के साथ-साथ छात्रों में अन्य सामाजिक सरोकार व जीवन की प्रेरणादायी विचारों को डालना अति आवश्यक है। शिक्षा की गुणवत्ता छात्र के समाज या देश के प्रति उसके द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन से ही झलकता है। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्या की देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत के माध्यम से सेवानिवृत्त प्राचार्य अमरनाथ राय का स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर प्रबन्ध कमेटी के रमेश अवस्थी, सरदार फत्ते सिंह, अमर सिंह, प्राचार्य सरस्वती शिशु मन्दिर दिनेश अवस्थी, शिक्षक राकेश मिश्रा, आशीष तिवारी, अमरीष सिंह, रामानन्द, मनीष, अन्तरिक्ष यादव आदि सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# जमुनापुर फीडर में लगी आग, हजारों घर अंधेरे में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऊंचाहार (रायबरेली)। तहसील स्थित विद्युत उपकेंद्र के जमुनापुर फीडर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि अन्य फीडर बाल-बाल बच गए। इस बीच तहसील उपकेन्द्र से दी जाने वाली सैकड़ों गांवों की विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई है। तहसील स्थित विद्युत उपकेंद्र से लक्ष्मीगंज तथा जमुनापुर के सैकड़ों गांवों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। रात में तेज हवाओं के साथ हुई बरसात के बाद पूरी लाइन अस्त व्यस्त हो गई। कहीं बिजली के पोल टूट गए तो कहीं हाईटेंशन लाइनों के तारों पर पेड़ों की डालें टूटकर रख गई। तेज हवा के झोंके से पूरे छीटू सिंह गांव के पास बिजली का डबल पोल टूट गया। जिससे ट्रांसफार्मर भी जमीन पर आ गिरा। जिससे समूचे गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। सुबह होते बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा लाइन का सर्वेक्षण किया गया। जिसके बाद कर्मचारियों द्वारा लाइन की सफाई करवाने के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल कराने की कवायद शुरू कर दी गई। बुधवार की सुबह करीब सात बजे जैसे ही जमुनापुर व लक्ष्मीगंज फीडर को ऑन किया गया। अचानक फीडर में आग लग गई, और फीडर धू-धू कर जलने लगा। आनन-फानन में कर्मचारियों ने अमावा से 33 केवीए की लाइन को बंद करवाया। इसकी सूचना अवर अभियंता लालमणि वर्मा को दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक फीडर पूरी तरह से जलकर खाक हो चुका था। जिसके चलते टाउन, अरखा, जमुनापुर, लक्ष्मीगंज सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। और करीब पचास हजार की आबादी की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। इस बाबत अधिशासी अभियंता दिलीप मौर्य ने बताया कि लाइन में खराबी आने के चलते फीडर में आग लग गई, जिसके चलते जमुनापुर व लक्ष्मीगंज फीडर जलकर राख हो गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला युवती का शव

सलोन (रायबरेली)। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती का शव पेड़ से लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवती की मौत के कारणों का पता नहीं लगाया जा सका है। जानकारी के अनुसार सलोन कोतवाली क्षेत्र के ग्रामसभा इछवापुर मजरे गढ़ी इस्लामनगर की आरती (20) पुत्री रामेंद्र कुमार बीती रात अचानक छत से बिना बताए कहीं चली गई। सुबह परिजनों को जानकारी हुई तो खोजबीन शुरु की। परिजन खोजते-खोजते एक बाग में गए जहां कैथे के पेड़ से आरती का शव लटक रहा था। इस नजारे से परिजनों में कोहरामू और गांव में हड़कंप मच गया। आरती के पिता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेरी पुत्री ने कुछ बताया नहीं ना ही कोई विवाद था। अचानक रात में उठ कर चली गई थी। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

महराजगंज (रायबरेली)। भारतीय किसान विकास सेवा समिति संगठन (अरा.) उत्तर प्रदेश के सैकड़ों किसानों ने विकास खंड परिसर में अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। वहीं मुख्यमंत्री को सम्बोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। बताते चले कि गुरुवार को विकास खंड कार्यलय परिसर में सुबह से ही धरने पर बैठे भारतीय किसान विकास सेवा समिति संगठन (अराजनैतिक) उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष छोटेलाल लोधी अपने सैकड़ों किसानों के साथ अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर अड़े हुए है। राष्ट्रीय अध्यक्ष छोटेलाल लोधी ने बताया है कि बीते कई दिनों से ये किसान धरने पर बैठकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपते है, और अधिकारी आकर आश्वासन देकर फिर चले जाते है। पिछले दिनों कहीं हुई मांगों को लेकर कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे हम लोगों को फिर से धरना-प्रदर्शन करके ज्ञापन देना पड़ रहा है। अगर अब मांग पूरी नहीं होती है तो हम लोग एसडीएम कार्यलय के सामने प्रदर्शन करेंगे। आखिर में धरना स्थल पर पहुंचे खंड विकास अधिकारी शकील अहमद को किसानों ने ज्ञापन सौंपा।

## एक दुकान के साथ ही चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना

बछरावां (रायबरेली)। कस्बा सहित समूचे थाना क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। बुधवार देर रात चोरों ने कुंदनगंज गांव में एक दुकान के साथ ही तीन घरों में हाथ साफ कर दिया। पुलिस घटनाओं की पड़ताल कर रही है। चोरों ने कुंदनगंज गांव में स्थित राजेंद्र कुमार पुत्र रामसेवक की किराने की दुकान को अपना निशाना बनाया। चोर दुकान तथा बगल में स्थित गोदाम से रिफाइंड, सरसों के तेल के टीन तथा दाल की बोरियां एवं अलमारियों में लगे हुए अमूल दूध, घी, गुटखा के पाउच सहित अन्य सामान के साथ गल्ले में रखी बीस हजार की नगदी लेकर रफ्फूचक्कर हो गए। राजेंद्र की दुकान से कुछ ही दूरी पर स्थित अमरेंद्र कुमार व अमित गुप्ता पुत्रगण राम मिलन के घर को अपना निशाना बनाया। सभी ऊपर की मंजिल पर सो रह थे। यहां से चोरों ने 20 हजार की नकदी के समेत एक लाख के जेवरात पार कर दिए। इसके बाद चोरों ने सत्यनारायण पुत्र हरिराम के घर पर हाथ साफ किया। यहां से चोरों ने 12 हजार की नगदी के साथ ही लगभग सत्तर हजार के जेवरात चोरी किये। सभी गृह स्वामी जब सुबह उठे तो अपने अपने घरों में बिखरे समान को देख कर दंग रह गए। दुकान और इन मकानों के बीच में एक बैंक भी स्थित है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि बैंक के सीसीटीवी कैमरे चोर जरूर कैद हुए होंगे। लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। थानाध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि घटनाओं की सूचना मिली है। पड़ताल की जा रही है। जल्द ही घटनाओं का खुलासा होगा।

## अद के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत

बछरावां (रायबरेली)। नवनियुक्त अपना दल एस प्रदेश अध्यक्ष व प्रतापगढ़ सदर सीट से निवर्तमान विधायक राजकुमार पाल का अपना दल व भाजपा कार्यकर्ताओं ने कस्बे के मुख्य चौराहे पर फूल-मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार पाल लखनऊ से बछरावां होते हुए प्रतापगढ़ जा रहे थे। इसी दरमियान पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत कस्बे के मुख्य चौराहे पर अपना दल व भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को पार्टी से जुड़ कर अनुप्रिया के हाथों को मजबूत करना है। विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। स्वास्थ्य सेवाएं जन जन तक पहुंचाई जाएंगी। अपना दल और भाजपा का गठबंधन विकास का गठबंधन है। इस मौके पर मान सिंह पटेल, मारुति मिश्रा, पवन वर्मा, सुभाष सोनी, संतोष वर्मा, विजय चौधरी, अनवर अली, प्रेम वर्मा, मयंक रंजन, गौरव बाबा, निर्मल सिंह, धर्मपाल सहित बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे।

## अवैध कोयला भाट्ठियों को पर की गई कार्रवाई

डलमऊ (रायबरेली)। अवैध कोयला भाट्ठियों पर गाज गिरनी शुरू हो गई है। बृहस्पतिवार को एक दर्जन से अधिक कोयला भट्ठियों पर एसडीएम की मौजूदगी में बुलडोजर से भट्ठियों को ढहा कर बड़ी कार्रवाई की गई है। डलमऊ तहसील क्षेत्र में अवैध कोयला भट्ठियां संचालित की जा रही थी। कई बार इन भट्ठियों पर कार्रवाई करने के लिए लोगों ने मांग भी किया था। बृहस्पतिवार को उप जिलाधिकारी डलमऊ आशीष कुमार मिश्रा, वन रेंजर हरिओम श्रीवास्तव एवं थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के संयुक्त टीम सहित भारी फोर्स के साथ प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलवा कर अवैध कोयला भट्ठियां तोड़ी गई। कोयला भट्ठी तोड़े जाने के बाद भट्ठी संचालित कर रहे हैं। ठेकेदारों में हड़कंप मच गया। वहीं कुछ भट्ठियां अभी भी संचालित की जा रही हैं। उन्हें क्यों नहीं तोड़ा गया यह वन विभाग के रेंजर ही बता सकते है? वन रेंजर हरिओम श्रीवास्तव ने बताया कि बिना रिन्यूअल के संचालित 15 भट्ठियों को तोड़ा गया है। क्षेत्र में जो भी भट्ठियां संचालित की जा रही हैं। उनको भी संयुक्त टीम के द्वारा तोड़ी जाएंगी।

# वकीलों ने खोला तहसीलदार के विरोध में मोर्चा

### तहसीलदार से बहस के बाद धरने पर बैठे अधिवक्ता, डीएम को बुलाने पर अड़े

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ऊंचाहार (रायबरेली)। तहसील मुख्यालय पर उस गहमा गहमी का माहौल हो गया जब तहसीलदार की तानाशाही कार्यशैली से नाराज अधिवक्ताओं ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। अधिवक्ताओं का आरोप था कि तहसीलदार द्वारा कार्यालय में प्राइवेट कर्मचारियों को रखकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है, उसी दौरान न्यायालय में बैठे तहसीलदार से बहस के बाद अधिवक्ता धरने पर बैठ जिलाधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़े रहे।

गुरुवार को दोपहर बाद तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के खिलाफ हल्ला बोल प्रदर्शन शुरू कर दिया, अधिवक्ताओं ने तहसीलदार पर अधिवक्ताओं व उनके मुवक्किलों के साथ बदतमीजी धक्का-मुक्की करने व बदतमीजी से पेश होने का आरोप लगाया और परिसर में घूमकर अधिवक्ताओं ने तहसील प्रशासन मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। इसके अलावां तहसीलदार को हटाने की मांग भी की। इसी दौरान तहसीलदार अजय गुप्ता जैसे ही मुकदमों की सुनवाई के लिए न्यायालय पहुंचे वहां भी पहुंचकर अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए सुनवाई बंद करने को कहा। दोनों पक्षों में हुई बहस के बाद अधिवक्ता तहसीलदार न्यायालय के बाहर ही धरने पर बैठ गए और डीएम को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेशचंद्र उपाध्याय ने बताया कि तहसीलदार जब से आये हुए हैं तब से तानाशाही रवैया अपना रहे हैं। दो दिन पूर्व हमारे अधिवक्ता साथी विमल शुक्ला एक मुवक्किल के साथ उसकी समस्या के लिए गये थे जिन्हें तहसीलदार द्वारा धक्का-मुक्की करके ऑफिस से भगा दिया गया। तहसील में आये दिन भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। कार्यालयों में प्राइवेट कर्मचारियों को माध्यम बनाकर खुलेआम वसूली करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जब तक जिलाधिकारी यहां नहीं आएंगी जब तक धरना अनवरत चलता रहेगा, और जब तक तहसीलदार का स्थानांतरण नहीं होगा तब तक कोई भी न्यायिक कार्य नहीं होगा। इस अवसर पर एशोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष दिनेशचंद्र त्रिपाठी, शिवगोपाल सिंह, विजय सिंह, विमल शुक्ला, महेश द्विवेदी, संदीप सिंह, मेवालाल, राजनारायण मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे। इस बाबत तहसीलदार अजय गुप्ता ने बताया कि अधिवक्ताओं द्वारा लगाये गए आरोप निराधार है अगर हमसे कोई भी शिकायत है तो उसकी जांच करवा लें।

# प्रभारी मंत्री ने गांवों की सफाई पर कसे डीपीआरओ के पेंच

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

### पांच अगस्त तक सही हो जाए बिजली के ढीले तारों का जाल : सुरेश खन्ना

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री एवं प्रभारी मंत्री लखनऊ मंडल सुरेश कुमार खन्ना व प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी सहित प्रदेश के जल शक्ति और बाढ़ नियंत्रण विभाग के राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने जनपद रायबरेली भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट स्थिति बचत भवन के सभागार में लखनऊ मंडल के मण्डलायुक्त रंजन कुमार व जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के साथ कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में कैबिनेट मंत्री व प्रभारी मंत्री लखनऊ मंडल सुरेश कुमार खन्ना ने जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार को निर्देश दिए कि कानून व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के लिए शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल गश्त किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस, आईजीआरएस आदि प्राप्त शिकायतों को समयबद्ध तरीके से नियमानुसार तत्काल निस्तारण किया जाए तथा दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री लखनऊ मंडल ने शहर में जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाये जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिय। जिन लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है उन लोगों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण को तत्काल हटवाया जाए। उन्होंने बैठक के दौरान अधिशाषी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिए कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार विद्युत की पूर्ति की जाये। शहरी क्षेत्रों में ढिले तार व तारों के गुच्छे से निजात दिलाने के लिए पांच अगस्त तक विद्युत के तारों के जालों को सही कराने के निर्देश दिये है। अगर निर्धारित समय तक विद्युत तारों की जाला को दुरूस्त कराने के साथ ही विद्युत पूर्ति की समस्याओं को दुरूस्त नही किया जाता है तो सम्बन्धित अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता विद्युत को यह भी निर्देश दिये कि अगर कोई व्यक्ति नया कनेक्शन कराना चाहता है तो उसे कनेक्शन के साथ ही साथ विद्युत मीटर भी उपलब्ध कराया जाए यदि इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित एसडीओ के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। प्रभारी मंत्री लखनऊ मण्डल ने जल निगम के एचसीएन को निर्देश दिये कि जब पाइप लाइन व सीवर लाइन के लिए जिन सड़कों को खोदा जाता है तो सयामावधि के अन्तर्गत सड़क के गड्ढ़ों को भर कर सड़क को दुरूस्त कर दिया जाए अगर कही पर इस प्रकार की समस्या हो तो तत्काल उसे गड्ढ़ों को भर दिया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता बरते जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्रमीण क्षेत्रों में स्वच्छता व साफ-सफाई का कार्य न किये जाने पर कड़ी फटकार लगाते हुए अगर रोस्टर के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रो में स्वच्छता व साफ-सफाई का कार्य नहीं किया जाता है या अन्य बैठक में शिकायत प्राप्त होती है तो आपके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। प्रभारी मंत्री लखनऊ मंडल ने मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में कहा कि जिलास्तरीय अधिकारी अपने-अपने तैनाती क्षेत्रों में ही विश्राम करें। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने प्रभारी मंत्री लखनऊ मंडल को विकास कार्यों के सम्बन्ध में बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत वर्ष 2021-22 में 11822 का लक्ष्य प्राप्त हुआ जिसके सापेक्ष 10730 आवास पूर्ण किये जा चुके है तथा मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत वर्ष 2021-22 में 367 का लक्ष्य प्राप्त हुआ जिसके सापेक्ष 352 आवास पूर्ण किये जा चुके है। निराश्रित गोवंश संरक्षण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में लक्ष्य 15513 के सापेक्ष 16119 संरक्षित एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 आगामी छः माह हेतु 1000 गोवंश संरक्षित के सापेक्ष अब तक 107 गोवंश का संरक्षण किया गया है तथा माननीय मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के वित्तीय वर्ष 2021-22 में लक्ष्य 1975 कुल 1231 एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में लक्ष्य 744 के सापेक्ष अब तक 120 गोवंश सुपुर्द किये गये है। जिलाधिकारी ने बताया कि अनु.जाति/सामान्य वर्ग शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुसूचित जाति के 1025 लाभार्थियों को 205 लाख एवं सामान्य वर्ग के 450 लाभार्थियों को 90.00 लाख प्रदान किया गया। वृद्धा पेंशन योजनान्तर्गत वर्ष 2021-22 में 112300 लाभार्थियों को 8429.73 लाख निदेशालय द्वारा पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से प्रेषित की गई। छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत वर्ष 2021-22 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अनु.जाति के 6452 छात्र-छात्राओं को 88.96 लाख व सामान्य वर्ग के 244 छात्र-छात्राओं को धनराशि रूपये 49.99 लाख एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अनु. जाति के 12018 छात्र-छात्राओं को 330.75 लाख व सामान्य वर्ग के 7322 छात्र-छात्राओं को 664.75 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में 14172 लाभार्थियों को 223.28 लाख का भुगतान निदेशालय द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद स्तर पर 817 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराते हुए धनराशि 411.55 लाख का व्यय किया गया है। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा अनुपूरक पुष्टाहार योजान्तर्गत वर्ष 2021-22 में 06 माह से 03 वर्ष के 127881 बच्चे, 03 वर्ष से 06 वर्ष के आयु वर्ष के 64646 बच्चे, गर्भवती व धात्री 53200 एवं 06 माह से 06 वर्ष के 5887 अतिकुपोषित बच्चों को अनुपूरक पोषाहार से प्रत्येक माह लाभान्वित किया गया। बैठक के उपरान्त मंत्रियों द्वारा फिरोज गांधी पॉलिटेक्निक के 12 छात्र व 13 छात्राओं को टैबलेट वितरण किया गया।

# फ्री राशन योजना के फर्जी दावेदारों पर होगी सख्त कार्रवाई, जल्द सरेंडर करें अपना राशन कार्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अंबेडकरनगर। केंद्र सरकार की तरफ से फ्री राशन योजना के फर्जी लाभार्थी से कार्ड को सरेंडर करने या निरस्त कराने की अपील की गई है. कार्ड सरेंडर नहीं करने वाले यर्दा? सरकार के सत?यापन में पकड़े जाते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सकती है. साथ ही उनसे अब तक लिए गए राशन की वसूली भी हो सकती है।जनपद में पात्र गृहस्थी एवं अंत्योदय राशन कार्ड के माध्यम से सरकारी दुकानों से फर्जी तरीके से राशन ले रहे अपात्रों की अब खैर नहीं है। जिला आपूर्ति विभाग फर्जी राशन कार्ड धारकों पर शिकंजा कसने लगा है। प्रशासन के सख्त रवैये के बाद फर्जी तरीके से कई सालों से राशन ले रहे 200 राशन कार्ड धारकों ने अपने कार्ड को सरेंडर कर दिया है। डीएसओ ने बताया, खुद से सरेंडर करने वाले कार्ड धारकों से रिकवरी नहीं कि जाएगी। जबकि सत्यापन में मिले कार्ड धारकों से वसूली होगी।जिला आपूर्ति अधिकारी राकेश कुमार ने बताया, अनुमान है कि जिले में करीब 40 प्रतिशत लोग फर्जी तरीके से राशन ले रहे हैं। ये कार्ड धारक शासन द्वारा बनाए गए नियमों की कैटेगरी में नहीं आते हैं। ऐसे में फर्जी तरीके से राशन ले रहे कार्ड धारकों का सत्यापन शुरू कर दिया गया है। अपात्र मिलने पर ऐसे लोगों का न सिर्फ पात्रता सूची से नाम हटाया जाएगा, बल्कि उनसे लिए गए राशन की बाजार रेट पर रिकवरी भी की जाएगी।जिला प्रशासन ने पात्र व अपात्र लोगों के लिए मानक तय किया है। बताया कि उस कैटेगरी को कार्ड धारक देख लें और खुद तय कर लें कि पात्र हैं या अपात्र। अगर अपात्र हैं तो खुद ही अपने राशन कार्ड को जिला पूर्ति कार्यालय में सरेंडर कर दें, लेकिन प्रशासन के कहने के एक महीने बाद केवल 200 लोगों ने ही अपने कार्ड को सरेंडर किया है, जिसके बाद जिला पूर्ति अधिकारी ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर सभी कार्ड धारकों के कार्ड को सत्यापित कराने की मांग की है।जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 1,126 कोटे संचालित हैं। इन कोटों से कुल 4 लाख एक हजार राशन कार्ड धारक संबद्ध हैं। इसमें 3 लाख 35 हजार 33 पात्र गृहस्थी व 65 हजार 967 अंत्योदय राशन कार्ड धारक हैं। संबंधित कोटों से निशुल्क राशन कार्ड धारक राशन ले रहे हैं। इन राशन कार्ड धारकों में कुछ ऐसे भी कार्डधारक हैं, जो अपात्र होने के बाद भी योजना का लाभ उठा रहे हैं। अब ऐसे ही अपात्र राशन कार्ड धारकों के विरुद्ध कार्रवाई की तैयारी शासन ने शुरू कर दी है।जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार ने बताया, जिले में काफी संख्या में अपात्र कार्ड धारक हैं, लेकिन शासन के आदेश के बाद भी अपात्र कार्ड धारक अपने कार्ड को सरेंडर नहीं कर रहे हैं, जिसके बाद अब सभी कार्ड धारकों का सत्यापन होगा और जो कार्ड धारक अपात्र पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई करने के साथ बाजार रेट पर रिकवरी की जाएगी।लेक?िन प?िछले द?िनों सरकार की जानकारी में आया कि लाखों अपात्र लोग भी सरकार की तरफ से फ्री में म?िलने वाले राशन का फायदा ले रहे हैं ।

# विधायक प्रतिनिधि ने छात्र-छात्राओं को वितरित किया टैबलेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अति महत्वकंाक्षी योजना के अंतर्गत प्रदेश के युवाओं को तकनीकी सशक्तिकरण हेतु प्रदेश सरकार द्वारा संचालित लैपटाप/स्मार्टफोन वितरण योजना के तहत बेड़नापुर स्थित केडीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में डीफार्मा के छात्र-छात्राओं को गुरुवार को टैबलेट वितरण किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महसी विधायक प्रतिनिधि अखण्ड प्रताप सिंह गोलू रहे वही विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय मौजूद रहे।जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंधक व पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद कुमार त्रिपाठी ने की।कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबन्धक विनोद कुमार त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय के सचिव प्रमोद कुमार त्रिपाठी व निदेशक मनोज कुमार त्रिपाठी के साथ टैबलेट वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अखण्ड प्रताप सिंह गोलू ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हमारी सरकार तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं को टैबलेट प्रदान कर रही है। प्रदेश सरकार की इस अतिमहत्वाकंाक्षी योजना से लक्षित युवा लाभार्थी वर्ग जहॉ एक ओर अपने शैक्षिक पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण कर सकेंगे वहीं दूसरी ओर शैक्षिक पाठ्यक्रमों को पूर्ण करने के उपरान्त विभिन्न शासकीय, गैर शासकीय तथा स्वावलम्बन की योजनाओं में भी इस गैजेट का सदुपयोग कर सेवारत/व्यवसायरत हो सकेंगे।विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पाण्डेय ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर भरत लाल पाण्डेय ददुआ,पंकज सिंह,केशरी गौड़,डॉ.योगेंद्र कुमार शुक्ला, कमल कुमार पाठक,सचिन श्रीवास्तव, शिवा जी अवस्थी,शेखर श्रीवास्तव, मानस पाण्डेय, रामेन्द्र मणि त्रिपाठी,सुनील सिंह, श्याम जी त्रिपाठी,संजीव मिश्रा व अन्य महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## नहीं रहा पुलिस प्रशासन का डर,चोरों का आतंक

अंबेडकरनगर। बलराम अग्रहरी पुत्र स्व0 सन्त प्रसाद अग्रहरी निवासी ग्राम जगदीशपुर, पोस्ट नौगवा, थाना बेवाना, जिला अम्बेडकरनगर का स्थायी निवासी हैद्य शान्ती नगर कालोनी शहजादपुर में अजय कुमार गौड़ पुत्र शिवकुमार गौड़ के मकान में किराये पर अपने परिवार सहित रहता है। कृष्णा नगर कालोनी शहजादपुर में अपना निजी मकान बनवा रहा है, वहां पर परिवार सहित कमरे में ताला लगाकरदिनांक02.05.2022 को रात्रि में 9.30 बजे सोने चला गया था, जब सुबह 5 बजे लौट कर आया तो देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ था और घर का सामान बिखरा हुआ था कमरे सभी खुले हुए थे। बलराम के अनुसार बलराम के द्वारा समान चेक किया गया तो पता चला कि घर में रखा नगदी रू0 नौ लाख पचास हजार लेकर आदि समान गायब थे चोरों द्वारा बलराम के घर में घूस कर सारे सामान की चोरी कर ली गयी द्य बलराम के द्वारा तुरन्त 112 नम्बर पर सूचना देने पर आयी पुलिस द्वारा मौके का मुआयना करके वापस चली गयी जिस पर कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है। पूरे मोहल्ले में चोरों का आतंक फैला हुआ है।

# तेज आंधी व तूफान से बिजली व्यवस्था चरमराई, पूरे दिन बाधित रही बिजली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अंबेडकरनगर। देर रात 3 बजे के करीब आए तूफान के बाद से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। तूफान से पावर कारपोरेशन को भारी नुकसान हुआ है।रात में आए तूफान से जनपद में तबाही का मंजर देखने को मिला। जनपद मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बिजली व्यवस्था पेड़ों के गिरने से हुई ध्वस्त, जे ई राम जन्म तथा उनकी टीम बिजली की व्यवस्था बनाने में जुटी दिखाई पड़ी बिजली कर्मियों की कड़ी मेहनत के बाद देर रात्रि तक सुधारने के प्रयास चल रहे है। जबकि जनपद के सभी फीडर की यही स्थिति है। आंधी आने पर शहर के फीडरों को भी बंद करना पड़ा, हालांकि अधिक नुकसान होने के बाद भी सभी बिजली कर्मियों के प्रयास से जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।पावर कारपोरेशन का अमला लाइनों को दुरुस्त करने में जुटा है। देर शाम तक आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद है।अवर अभियंता राम जनम की देखरेख में लगभग 20 कर्मचारी तारों व खंभों को दुरुस्त करने में जुटे हैं।

# जिला कारागार में प्ली बारगेनिंग विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अंबेडकर नगर। पद्म नारायण मिश्र जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर जिला कारागार अम्बेडकरनगर में प्ली बारगेनिंग विषय पर प्रियंका सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस विधिक साक्षरता शिविर में जिला करागारअम्बेडकरनगर से गिरिजा शंकर यादव, कारापाल अम्बेडकरनगर प्रतिभाग किया गया।शिविर को सम्बोधित करते हुये प्रियंका सिंह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर ने प्ली बारगेनिंग विषय पर बोलते हुये कहा कि भारतीय ससद ने दण्ड प्रक्रिया संहिता में संशोधन अधिनियम 2/2006 द्वारा एक नया अध्याय 21 (ए) (धारा 265-ए से 265-एल) प्ली बारगेनिंग नामक शीर्षक जोड़कर दांडिक अभियोजन व पीडित पक्ष आपसी सामंजस्य से प्रकरण के निपटारे हेतु न्यायालय के अनुमोदन से एक रास्ता निकालते हैं जिसके तहत अभियुक्त द्वारा अपराध स्वीकृति पर उसे हल्के दण्ड से दण्डित किया जाता है जो अन्यथा कठोर हो सकता है। प्ली बारगेनिंग समझौते का एक तरीका है। इसके तहत अभियुक्त कम सजा के बदले में अपने द्वारा किये गये अपराध को स्वीकार करके और पीड़ित व्यक्ति को हुये नुकसान और मुकदमे के दौरान हुये खर्चे की क्षतिपूर्ति करके कठोर सजा से बच सकता है। प्ली बारगेनिंग केवल उन अपराधों पर लागू होता है जिनके लिये कानून में सात वर्ष तक सजा का प्राविधान है। यदि अभियुक्त उसी अपराध में पूर्व में सिद्धदोष हुआ हो तो वह प्ली बारगेनिंग के लिये अयोग्य होगा। आवेदन प्राप्त होने के पश्चात न्यायालय लोक अभियोजक पीड़ित एवं अनुसंधानकर्ता अधिकारी को न्यायालय में उपस्थित रहने के लिये नोटिस जारी करेगा। न्यायालय उक्त पक्षों को आपसी संतोषजनक हल निकालने के लिये समय देगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर के आदेशानुसार दिनांक 14.05.2022 दिन शनिवार को जनपद न्यायालय अम्बेडकरनगर एवं पुरानी कचेहरी स्थित पारिवारिक न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में लघु प्रकृति के फौजदारी वाद, एन0आई0 एक्ट की धारा 138 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, वैवाहिक पारिवारिक वाद, दीवानी वाद, मोटर दुर्घटना एवं प्रतिकर वाद, विद्युत अधिनियम से संबन्धित बाद, अम वाद एवं भूमि अध्याप्ति वाद राजस्व वाद आदि सहित अन्य प्रकार के वादों का आपसी सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक निस्तारण किया जाना है अतः जनपद के सभी आमजन को सूचित किया जाता है कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में अपने वाद सुलह समझौता के माध्यम से नियत कर निस्तारित करवायें एवं राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 14.05.2022 का लाभ उठायें।

# लड़की के साथ छेडछाड व मारपीट करते हुए वीडियों वायरल करने के तीन आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। थाना धानेपुर क्षेत्र के अन्तर्गत एक 18 वर्षीय लड़की के साथ चार अभियुक्तगणों द्वारा छेड़छाड़, मारपीट, गाली गलौज व जान माल की धमकी दी गई थी तथा उसका वीडियों वायरल कर दिया गया था। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता की मां की तहरीर पर धानेपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक मोतीगंज को सुपुर्द की गई थी। पुलिस अधीक्षक गोण्डा संतोष कुमार मिश्रा ने घटना कारित करने वाले आरोपी अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश प्रभारी निरीक्षक मोतीगंज व थानाध्यक्ष धानेपुर को दिए गए थे। विवेचना के दौरान वांछित तीन नामित अभियुक्तगण 01. मुकेश तिवारी 02. नारायण शर्मा 03. दिनेश कुमार तिवारी को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना धानेपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

# छात्र व छात्राओं के कैरियर बनाने में सहायक होंगे टेबलेट : गौरव वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कैसरगंज बहराइच । सरकार की महत्वकंाक्षी योजना अंतर्गत तहसील कैसरगंज के रामकृष्ण परमहंस पीजी कॉलेज में छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरण किया गया। विद्यालय के सभागार मेंआयोजित कार्यक्रम में मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर फ्री टेबलेट वितरण का शुभारंभ भाजपा नेता पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गौरव वर्मा के द्वारा परास्नातक के विनय कुमार यादव, कल्पना वर्मा और सौम्या श्रीवास्तव को फ्री स्माटफोन/टेबलेट दिया गया। इस अवसर पर बोलते हुए गौरव वर्मा ने कहा की भाजपा सरकार ने जो वादे किए थे उसी के अनुरूप कार्य किए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत फ्री स्माटफोन/टेबलेट वितरण कर छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा एवं इलेक्ट्रॉनिक के क्षेत्र में आगे बढ़ने में यह योजना सहायक सिद्ध होगी। कॉलेज प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य राजीव सिंह ने छात्रों को मेहनत और लगन से शिक्षा ग्रहण करने एवं आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि भविष्य में सरकार द्वारा आप लोगों को भी इस योजना का लाभ अवश्य मिलेगा। टेबलेट वितरण समारोह के समापन पर महाविद्यालय के हिंदी प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार मिश्रा और राजनीति शास्त्र की प्रवक्ता डॉक्टर शैलजा दीक्षित ने आए हुए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर शैलेन्द्र कुमार सिंह, सत्य प्रकाश आर्य,आलोक कुमार सिंह, हवलदार सिंह व ननके सहित समस्त कालेज स्टाफ व लाभान्वित छात्र/छात्राओं सहित तमाम विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# ज्योति सिंह बनी प्राणिविज्ञान की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कैसरगंज बहराइच । ज्योति सिंह का चयन उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा प्राणिविज्ञान विषय के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर पद के रूप में चयन हुआ।इनकी इस सफलता पर इनके परिवार व गाँव में खुशी है ज्योति सिंह की शुरुआती पढ़ाई लखनऊ में हुई। उन्होंने यूनिवर्सिटी लखनऊ से ही बीएससी और बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी से एमएससी और पीएचडी की पढ़ाई की है और उन्होंने सी एस आई आर से जेआरएफ में 36वीं रैंक हासिल की है । वे मूल रूप से जनपद बहराइच के तहसील कैसरगंज के ग्राम पंचायत कडसर बिटौरा निवासी है उनके पिता डॉक्टर विनोद सिंह पेशे से स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत थे । और अपने पिता के निजी आवास लखनऊ कल्याणपुर में स्थित माता पिता के साथ रहकर पढ़ाई की है। अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता डॉ0 विनोद सिंह व माता माया सिंह को तथा अपने कालेज के गुरु जी को देती है । ज्योति सिंह की इस सफलता पर परिवार के भाई,बहन व पैतृक गांव कडसर बिटौरा के लोग सहित अनेक रिस्तेदारो ने प्रसन्नता व्यक्त की है

# आर्यावर्त बैंक ने घटाई आवास ऋण और वाहन ऋण की ब्याज दरें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा प्रायोजित आर्यावर्त बैंक ने आवास ऋण तथा वाहन ऋण की व्याज दरें घटाने का निर्णय लिया है। बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय पर आयोजित एक प्रेस कान्फ़ेस में पत्रकारों से वार्ता करते हुये बैंक के लखनऊ क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार ने बताया कि रिजर्व बैंक द्वारा रेपोरेट में 0.40 प्रतिशत की बढोत्तरी के बाद जहां सभी राष्ट्रीयकृत एवं प्राइवेट बैंक विभिन्न ऋणों पर ब्याज दरें बढ़ाने पर विचार कर रही है वही आर्यावर्त बैंक द्वारा अपने रिटेल ग्राहकों को आकर्षित करने हेतु ऋणों पर व्याज दर घटाने का निर्णय लिया गया है। आर्यावर्त बैंक में अब आवास ऋण 6.50 प्रतिशत की दर से, वाहन ऋण 6.85 प्रतिशत की दर से तथा व्यक्तिगत ऋण 12.35 प्रतिशत की दर से उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही बैंक द्वारा सावधि जमा खातों की व्याज दर बढ़ाकर 515 प्रतिशत कर दी गयी है जो किसी भी अन्य व्यावसायिक बैंक की व्याज दर से अधिक है। श्री कुमार द्वारा बताया गया कि अभी तक आर्यावर्त बैंक को ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यतः कृषि व मुद्रा ऋणों के माध्यम से प्रदेश की ग्रामीण जनता के विकास हेतु ही जाना जाता था परन्तु अब बैंक द्वारा रिटेल ऋणों के वितरण के लिये अभियान चलाया जा रहा है जिसमें आगागी तीन माह में अपने 26 जिलों में कार्यरत 1367 शाखाओं के माध्यम से लगभग 300 करोड़ के ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। आर्यावर्त बैंक के डिस्ट्रिक को ऑडिनेटर आनन्द तिवारी ने बताया कि बैंक को जिले के मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वर्ष 2021-2022 में PMEGP, ODOIP तथा NRLM योजना के अन्तर्गत सर्वाधिक ऋण वितरित करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है तथा अब बैंक की खुदरा ऋणों में भी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने की योजना है। बैंक के मार्केटिंग अधिकारी श्री पीयूष कुमार द्वारा बताया गया कि इस अभियान के प्रचार प्रसार हेतु सभी शाखाओं को शाखा में ग्राहक गोष्ठी का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया है तथा ऋण लेने के इच्छुक सभी आवेदनकर्ताओं को आवश्यक कागजात जमा करने के बाद तीन दिन के अन्दर ऋण वितरित करने का निर्देश दिया गया है।

# आम की बागवानी को प्रदेश सरकार दे रही बढ़ावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । आम भारतवर्ष का ही नहीं, देश-विदेश की अधिकांश जनसंख्या का भी एक पसंदीदा और सबसे लोकप्रिय फल है। इसकी सुवास, उपलब्ध पोषक तत्वों, विभिन्न क्षेत्रों एवं जलवायु में उत्पादन क्षमता, आकर्षक रंग, विशिष्ट स्वाद और मिठास विभिन्न प्रकार के बनाये जाने वाले खाद्य पदार्थ आदि विशेषताओं के कारण इसे फलों का राजा की उपाधि से विभूषित किया गया है। आम लगभग 3-10 मी. तक की ऊँचाई प्राप्त करने वाला सदाबहार वृक्ष है। भारत आम उत्पादन में विश्व के अनेक देशों में से एक अग्रणी देश है। विश्व के कुल आम उत्पादन में से 40 प्रतिशत से अधिक आम का उत्पादन भारत में होता है। भारतवर्ष में उत्तर प्रदेश, प्रमुख आम उत्पादक राज्य है। इसके अतिरिक्त यह छोटे स्तर पर लगभग सभी मैदानी क्षेत्रों में उगाया जाता है। आम उत्पादन में उचित परिपक्वता निर्धारण के साथ वैज्ञानिक ढंग से तुड़ाई, सुरक्षित रखरखाव एवं पैकेजिंग बेहतर प्रबंधन विपणन को दृष्टिगत रखते हुए उ.प्र. सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आम उत्पादन को बढ़ावा दे रहे है। आम (मैंजीफ़ेरा इंडिका एल.) भारतीय उप-महाद्वीप का एक महत्वपूर्ण फल है तथा भारत में विश्व का सबसे अधिक आम उत्पादन होता है। बहुपयोगी होने के कारण ही आम का भारत की संस्कृति से गहरा संबंध रहा है। आम का उत्पादन भारत में प्राचीन काल से ही किया जा रहा है। भारत में इस फल की समाज के आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में इसकी बहुमुखी उपयोगिता के कारण ही विशेष महत्व है। आम का फल सभी जनमानस को सरलता से उपलब्ध होता है। इस फल की पौष्टिकता व विभिन्न गुणों के कारण ही यह सभी लोगों की पसन्द है। आम कच्चा हो या पक्का हो सभी तरह से प्रयोग किया जाता है। आम का अचार तो विश्व प्रसिद्ध है ही साथ में उसकी गुठली के अचार आदि बनते हैं। आम की खट्ठी-मीठी चटनी, आम का पना, आम का जूस/शेक, आइसक्रीम, खटाई, रायता, आम रस का सुखाकर बनाया गया अमावट, आदि विभिन्न खाद्य पदार्थ बनाये जाते हैं। आम उ0प्र0 की मुख्य बागवानी फसल है। उ.प्र. के 280 हजार हे. क्षेत्रफल में आम का बगीचा है। प्रदेश में लगभग 48 लाख मी.टन से अधिक आम उत्पादित होता है, जो देश के कुल उत्पादन का लगभग 83 प्रतिशत है। आम उत्पादन की दृष्टि से उ.प्र. के बाद आंध्र प्रदेश, बिहार एवं कर्नाटक, महाराष्ट्र आम उत्पादन करने वाले अग्रणी राज्य है। उ.प्र. में सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, वाराणसी, लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, सुल्तानपुर जनपद आम फल पट्टी क्षेत्र घोषित है, जहां पर दशहरी, लंगड़ा, लखनऊ सफ़ेदा, चौसा, बाम्बे ग्रीन रतौल, फजरी, रामकेला, गौरजीत, सिन्दूरी आदि किस्मों का उत्पादन किया जा रहा है। मलिहाबाद फल पट्टी क्षेत्र के 26,400 हे. क्षेत्रफल में दशहरी, लंगड़ा, लखनऊ सफ़ेदा, चौंसा उत्पादित किया जा रहा है। आम उष्ण तथा उपोष्ण दोनों प्रकार की जलवायु में पैदा किया जा सकता है। भारत में इसकी खेती समुद्र तल से 1500 मी. की ऊँचाई तक वाले हिमालय क्षेत्र में की जा सकती है। लेकिन व्यावसायिक दृष्टि से समुद्र तल से 600 मी. तक की ही ऊचाई में अधिक सफलता से आम पैदा किया जा सकता है। आम के पौधों का जड़ विन्यास काफी गहराई तक जाता है। अतः इसके विकास के लिए कम से कम 2 मी. तक की गहराई की अच्छी मिट्टी आवश्यक है। आम के लिए सबसे उपयुक्त भूमि गहरी, उचित निकास वाली दोमट मानी जाती है।

उत्तर प्रदेश में प्रमुख व्यावसायिक प्रजातियों के आम उत्पादित होते हैं। प्रदेश की दशहरी प्रजाति की उत्पत्ति उ.प्र. के लखनऊ जनपद के समीप दशहरी गॉव से हुई है। उत्तर भारत की यह प्रमुख व्यावसायिक प्रजाति का फल है। फल मध्यम आकार के तथा फलों का रंग हल्का पीला होता है। फलों की गुणवत्ता एवं भण्डारण तथा विपणन के लिए प्रदेश सरकार ने मलिहाबाद में विशेष व्यवस्था की हैं प्रदेश की लॅगड़ा प्रजाति उत्तर प्रदेश के बनारस जनपद से हुई है। उत्तर भारत की यह प्रमुख व्यावसायिक प्रजाति है। फल मध्यम आकार के तथा फलों का रंग हल्का पीला होता है फलों की गुणवत्ता एवं भण्डारण अच्छा है। यह प्रजाति मध्य मौसम में पकनें वाली होती है। लखनऊ सफ़ेदा प्रजाति के फल 15 जून के बाद पकना शुरू होते हैं। फल मध्यम आकार के, पीले रंग के तथा अच्छी मिठास वाले होते हैं। चौसा आम की उत्पत्ति उत्तर प्रदेश के हरदोई जनपद के सण्डीला स्थान से हुई है। इसके स्वाद व रंग के कारण उत्तर भारत में इसका व्यावसायिक उत्पादन किया जा रहा है। फलों का आकार लम्बा, रंग हल्का पीला होता है।

# सांसद ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर इंटरचेंज बनाने के लिए लिखा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद सुलतानपुर मेनका संजय गांधी ने जनहित में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना के तहसील बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर के निकट किलोमीटर 96-97 पर मुसाफिरखाना अयोया (एमडीआर) पर इंटरचेंज की सुविाा प्रदान करने के लिए अपर मुख्य सचिव एवं मुख्य आिशासी आिकारी अवनीश कुमार अवस्थी को 4 मई 2022 को पत्र लिखा है। सांसद श्रीमती गांधी ने 4 मई को अपर प्रमुख सचिव को लिखे पत्र में बताया है मेरा संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर, अमेठी व अयोया जनपदों वाह संसदीय क्षेत्र से निकट है। उन्होंने लिखा है पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना के तहसील बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर के निकट किलोमीटर 96-97 पर मुसाफिरखाना अयोया (एमडीआर) पर इंटरचेंज बनने से उक्त स्थल से लखनऊ व गाजीपुर तथा जिला मुख्यालय सुल्तानपुर जाने में सुविाा होगी। सांसद ने पत्र में आगे लिखा है कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वें परियोजना के आरंभ के समय तहसील बल्दीराय स्थापित नह हुई थी किंतु ब्लक, थाना व अस्पताल संचालित थे। बल्दीराय तहसील बन जाने के उपरांत क्षेत्र का विकास हुआ है तथा जनता का आवागमन एवं आवासीय गतिविाियां बढ़ी हैं। बल्दीराय तहसील की सैकड़ों बीघा जमीन परियोजना हेतु ली गई थी। बल्दीराय तहसील के निकट किलोमीटर 96-97 पर इण्टरचेंज ना होने से एक्सप्रेस-वे पर होने वाली दुर्घटनाओं में बगल में उपलब सीएससी बल्दीराय से इलाज भी नह मिल पाता है इसके कारण दुर्घटना में लोगों को हलियापुर या कूरेभार जाना पड़ता है। उक्त स्थल से सीएससी हलियापुर व कूरेभार दूर होने से पीड़ित व्यक्ति की जान भी चली जाती है। सांसद मीडिया प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया की श्रीमती गांाी ने यूपीडा के मुख्य आिशासी आिकारी अवनीश अवस्थी को लिखे पत्र में बताया है कि यूपीडा इंजीनियर से वार्ता करने पर पता चला कि 20 किलोमीटर से कम दूरी पर इण्टरचेंज दिए जाने का नियम नह है किंतु जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि यूपीडा द्वारा अकबरपुर सुल्तानपुर मार्ग पर किलोमीटर 137 पर इण्टरचेंज सुविाा स्वी.त की गई है जबकि इसकी कूरेभार इण्टरचेंज से 14 किलोमीटर की दूरी है। इसी प्रकार हलियापुर इण्टरचेंज किलोमीटर 81 से बल्दीराय की दूरी 15 किलोमीटर है किन्तु कूरेभार से यह दूरी 26 किलोमीटर है इस आाार पर कूरेभार इंटरचेंज से 26 किमी दूरी देखते हुए बल्दीराय के निकट इण्टरचेंज मंजूर किया जाना जनहित में जरूरी है। सांसद की इस पहल का प्रतिनिाि रणजीत कुमार, बल्दीराय ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह, भाजपा नेता राजार शुक्ला,प्रदीप शुक्ला, रमेश तिवारी, मुकेश अग्रहरि, ड बलराम मिश्रा,अरुण द्विवेदी, महेश सिंह एवं सूर्यभान पांडे आदि ने सराहना करते हुए उनका आभार प्रकट किया है।

# आंधी-तूफान और बारिश का कहर, एक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



- बड़ी संख्या में गिरे विघुत पोल व पेड़
- कई स्थानों पर आवागमन बाधित
- आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किसान की मौत

सुल्तानपुर। देर रात आए चक्रवात ने भारी तबाही मचाई है। देर रात 3 बजे के आसपास आए आंाी-तूफान, बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से जनहानि हुई है। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के हलियापुर में खेत की रखवाली कर रहे बुजुर्ग की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई है। वही शहरी क्षेत्र में 100 ऊपर बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं जिससे सभी फीडरों की सप्लाई रात से ही बााित है और देर शाम तक बहाल होने की संभावना है। बताते चले कि देर रात शहरी क्षेत्र में करीब 3 बजे तेज आंाी के साथ बरसात शुरूहुई। लगभग 48 मिनट तक यह सिलसिला चलता रहा और कई बार आकाशीय बिजली भी गिरी। इस बीच लोगो के घरों पर लगे टीन उड़ गए तो खिड़की दरवाजे तक टूट गए। शहर के डाकखाना, दरियापुर, ट्रांसपोर्ट नगर व केएनआई फीडर रात से ही बंद किया गया है। बिजली विभाग के आिकारी के अनुसार शहरी क्षेत्र से इन फीडरों पर दी जाने वाली सप्लाई बााित इसलिए है कि लगभग 100 ऊपर बिजली के पोल टूट कर गिर गए हैं जिन्हें ठीक कराया जा रहा है। वही शहर के कई वार्डों में नगरपालिका की सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई है, जगह सड़कों पर पानी भर गया है जिससे लोगो का घरों से निकलना दुशवार हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के हलियापुर थाना क्षेत्र के पूरे मलईया पांडे मजरे कांपा गांव में खेत की रखवाली कर रहे किसान शिद्ध नाथ पांडेय (65) पुत्र शिवनाथ पांडेय की आकाशीय बिजली के चपेट में आने से मौत हो गई है। मृतक गांव के बाहर रात में खेत की रखवाली करने गया था। जब बारिश होने लगी तो वह खेत के पास आम के पेड़ के नीचे जाकर छिप गया। अचानक आकाश से तेज हवा और बारिश के साथ आकाशीय बिजली आयी और वृद्ध को अपने चपेट में ले लिया जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। सूचना पर थानायक्ष अजय द्विवेदी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# तमंचे के साथ तीन लड़कों का वायरल फोटो सोशल मीडिया पर बना चर्चा का विषय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसौली । बीते दिनों बिसौली क्षेत्र में एक फोटो वायरल हो रहा है, जिसमें तीन युवक एक साथ बैठे दिखाई दे रहे हैं। फोटो में एक युवक के हाथ में तमंचा है, जबकि दो युवक साथ में बैठे हैं बताया जा रहा है कि यह फोटो एक युवक ने अपनी फ़ेसबुक प्रोफाइल पर लगा लिया था। हालांकि कुछ समय बाद इसे प्रोफ़ाइल से हटा लिया गया। चर्चा है कि अवैध तमंचा लिए हुआ युवक थाना बिसौली के ग्राम मलखानपुर का रहने वाला बताया जा रहा है। तो वही साथ बैठे दो युवक थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव आसफपुर के बताए जा रहे हैं। यह लड़के फोटो में इतने बेखौफ दिखाई दे रहे हैं, जैसे कि कानून नाम की कोई चीज नहीं है। इससे कुछ दिन पहले भी थाना फैजगंज बेटा क्षेत्र के गांव खेड़ा गांव में एक युवक ने अपने फोटो तमंचे के साथ फ़ेसबुक पर पोस्ट किया था, जो परविंदर लाडला नाम की फ़ेसबुक आईडी थी।लेकिन पुलिस ने इसके खिलाफ कोई कार्रवाई करने के बजाय लड़के का 151 सीआरपीसी में चालान कर दिया। इससे पहले भी कई लड़कों के तमंचा के साथ फोटो वायरल हो चुके हैं। थाना अध्यक्ष फैजगंज बेहटा चरण सिंह राणा का कहना है कि फोटो वायरल हो रहा होगा, पर हमारे यहां का नहीं है, बिसौली क्षेत्र का है। बिसौली कोतवाल ऋषि पाल सिंह ने बताया कि हमारे क्षेत्र का नहीं है, वो थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के आसफपुर का मामला है। मामला सीमा विवाद में उलझने के कारण अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है।

# मुस्लिम युवक ने देवी देवताओं पर की अभद्र टिप्पणी सोशल मीडिया पर वायरल, गिरफ्तार


कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसौली । बदायूं के थाना फैजगंज वेहटा क्षेत्र राजा की सीकरी में हिंदू सांस्कृतिक सनातन धर्म के देवी-देवताओं पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया । मुस्लिम समुदाय के युवक द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर हिन्दू संगठनों द्वारा देखने पर सम्प्रदाय विशेष के लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने पुलिस को मामले की पूरी जानकारी दी जिससे थाना पुलिस ने दो समुदायों से जुड़े मामले देखते हुए गंभीरता से लेकर पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी । तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना फैजगंज बैहटा प्रभारी चरण सिंह राणा व आसफपुर चौकी प्रभारी राजेश कौशिक ने मय पुलिस फोर्स ने देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी कर व्हाट्सएप पर स्टेटस लगाने वाले सद्दाम उर्फ भूरे खां पुत्र विनायत खां आरोपी को गांव राजा की सीकरी में दबिश देकर उसे दबोच लिया । पुलिस ने जब कठोरता से पोस्टों के बारे में पूछा तो उसने सब कुछ कबूल कर लिया। अभी तक जितनी भी जानकारी निकल कर सामने आई है उसके अनुसार आरोपी सद्दाम उर्फ भूरे खां जेहादी प्रवृत्ति का इंसान है जिसने इन पोस्टों के जरिये क्षेत्र में उन्माद फैलाने और दंगा भड़काने की साजिश रची थी। वो अपनी साजिश में कामयाब भी हो जाता अगर पुलिस ने समय रहते कार्यवाही न की होती। घटना के संबध में सब इंस्पेक्टर आसफपुर राजेश कौशिक का कहना है कि आरोपी पर धारा 295 इ (जानबूझकर धार्मिक उन्माद फैलाना और दंगे भड़काने की साजिश रचना) के तहत अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा जा रहा है। पुलिस कई दूसरे पहलुओं से भी इस घटना की जांच कर रही है ।

# नगर पंचायत की जलती रहती दिन में स्ट्रीट लाइटें, लापरवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। कुंवरगांव कस्बे में लगी स्ट्रीट लाइटें दिन में जरूर जलती मिलेंगी ऐसा एक या दो दिन नहीं बल्कि महीनों से जल रही हैं कई मोहल्लों में ऐसा होता हुआ नजर आ रहा है जहां दिन भर स्ट्रीट लाइटें जलती रहती हैं जबकि लाइटों को चालू और बंद करने के लिए नगर पंचायत कार्यालय द्वारा अलग से स्विच भी लगाया गया है। तथा जगह जगह चेंज ओवर भी लगाए गए हैं लाइटों को चालू करने बंद करने की जिम्मेदारी नगर पंचायत की है जिसके लिए नगर पंचायत द्वारा कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई जाती है लेकिन पता नहीं इन कर्मचारियों के लिए दिन में जलती हुई स्ट्रीट लाइटें क्यों दिखाई नहीं देती हैं।कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है।कस्बे में खराब स्ट्रीट लाइटों में सुधार करने तथा सुबह बंद करने अथवा खोलने की जिम्मेदारी नगर पंचायत के कर्मचारियों की है लेकिन नगर पंचायत का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है।वहीं दूसरी तरफ नगर में कई खंबो से स्ट्रीट लाईटें ही गायब हैं जिससे रात में नगरवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# मिशन शक्ति 4.0 : आपरेशन मुक्ती कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में मिशन शक्ति 4.0 अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड ललौरीरीखेड़ा के ग्राम पंचायत ख़रुआ में आपरेशन मुक्ती कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के दौरान जिले के अलग -अलग विभागों से उपस्थित अधिकारियों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जिला प्रोबेशन अधिकारी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दी साथ ही बताया कि सर्वागींण विकास के लिए हर महिला को शिक्षित होना होगा जिससे महिला रोजगार पहलू पर ध्यान देने में सक्षम हो पाएगी पुलिस विभाग से सीओ लाइंस एवं सदर ने महिलाओं को समाज मे आगे आकर कार्य करने हेतु अग्रसर किया साथ ही महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी और बताया कि यदि किसी महिला को ससुराल वालों या समाज में रहते हुए कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार से परेशान करता है तो आप 112,1090 पर फ़ोन करके अपनी समस्या को बता सकते हैं जिससे आपको तुरंत पुलिस सहायता मिल सके हर पुलिस थाने पर महिला हेल्प डेस्क की सुविधा है जिसका उपयोग तत्काल जरूरत पड़ने पर किया जा सकता है स्वास्थ्य विभाग से एसीएमओ एवं एमओआईसी ने महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए जागरूक किया जिससे महिलाएं अपनी आने वाली पीढी को उचित पोषण दे पाने में सक्षम हो साथ ही महिलाओं को सरकार द्वारा दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी दी जिला बाल विकास विभाग से सीडीपीओ द्वारा गर्भवती महिलाओं को उचित पोषण पौस्टिक आहार के बारे में विस्तार से बताया एवं महिला कल्याण अधिकारी,संरक्षण अधिकारी ने विभाग द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं एवं बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया साथ ही उपस्थित ग्रामीण महिलाओं, ग्राम प्रधान, आगनवाड़ी कार्यकत्रियों को बाल विवाह रोकने के लिये आग्रह किया और कहा यदि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा देखा जाए तो 1098 पर फ़ोन करके जानकारी उपलब्ध कराएं राज्य महिला आयोग की सदस्यता द्वारा ग्रामीण महिलाओं के प्रति हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने को कहा जिससे महिलाएं स्वावलंबी बन सकें ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जो इस प्रकार रही भागवती, रूपराज, सूर्यप्रकाश, हरिप्रशाद, राजरानी, डोरी, डाली, सेवाराम, प्रदीप कुमार ने बताया कि इनका राशन कार्ड नही बना एवं महिलाओं की पेंशन न बनने की समस्या को रखा इस संदर्भ में अंजू प्रजापति ने ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी की निर्देशित किया कि वह इस समस्या पर एक सप्ताह में कार्यवाई करें।

# महिला शिक्षक संघ व नेकी की दीवार ने विवाह के लिए सहायता प्रदान की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नेकी की दीवार के नेक कामों को देख कर एक ही पंक्ति याद आती है मनुष्य वही है जो मनुष्य के काम आए इसी पंक्ति को आदर्श बनाते हुए नेकी की दीवार ने एक और गरीब कन्या की शादी में हर संभव मदद की बिट्टू देवी जिनके पति रामकिशोर प्रजापति की मृत्यु 2020 में हो गई थी घर में दो बेटियां दो बेटों के जीवन यापन को लेकर अकाल एकेडमी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर काम कर रही है आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण बेटी के हाथ पीले करने में बाधाएं उत्पन्न हो रही थी इन सबको देखते हुए नेकी की दीवार के संस्थापक गुरमेल सिंह,फाउंडर सदस्य कपिल कक्कड़ ने व्यापार संघ ने गिल फर्नीचर के मालिक रवि सिंह गिल्स से सहयोग का आग्रह किया कि बेटी की शादी की कुछ जिम्मेदारी निभाएं तो उन्होंने दरियादिली दिखाते हुए तुरंत राजी हो गए कपिल कक्कड़ के माध्यम से शादी की सभी व्यवस्था आर्य समाज मंदिर में की गई है।

बिटिया के परिवार को महिला शिक्षक संघ की ब्लाक अध्यक्ष एव नेकी की दीवार की फाउंडर सदस्य नीराजना शर्मा, महामंत्री सुगंध अग्रवाल, नैन्सी गुप्ता, रंजना सरोज, श्रद्धा वर्मा, अंजलि वर्मा आदि ने भी दहेज जुटाने में सहयोग किया साथ ही पूरी टीम ने गिल फर्नीचर का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया संस्था में बहुत से दानवीर जुड़ रहे है जिस तरह से दूसरों के दुख दर्द को समेट कर ये संस्था काम कर रही है उसको देखते हुए लोग एक दूसरे का हाथ थमते नजर आ रहे है।

## कोई करे परेशान तो डायल करें हेल्पलाइन नम्बर

बदायूँ । मिशन शक्ति अभियान, महिला सुरक्षा विशेष अभियान के अंतर्गत थाना उधैती महिला कॉन्स्टेबल रेनू व कविता द्वारा उधैती में बालिकाओं व महिलाओं की मीटिंग की गई, जिनमें उन्हें बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान के सम्बंध में बताया गया।

इसके साथ ही बालिकाओं व महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 जैसे महत्वपूर्ण नम्बरों के बारे में बताकर आवश्यकता पड़ने पर डायल करने की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। बालिकाओं व महिलाओं को महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा के विरुद्ध चुप्पी तोड़े व उनके अधिकार के संबंध में जानकारी दी गई। बाल श्रम, बाल विवाह के बारे में भी बताया गया।

कॉल या मैसेज कर या सोशल मीडिया के माध्यम से लड़कियों को परेशान करने वालो को कैसे सबक दिखाया जाता है इसके सम्बंध में भी जागरुक किया गया। लड़कियों व महिलाओं के साथ मारपीट, लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव में भी जागरुक किया गया।

## क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार वितरित

बदायूँ । जिला क्षय रोग अधिकारी ने अवगत कराया है कि कैमिस्ट एसोसिएशन ने क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार का वितरण किया है। राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा वर्ष 2019 में प्रदेश में क्षय रोगियों को गोद लेकर भावनात्मक, न्यूट्रीशनल सर्पोट(पोषण) एवं राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अरन्तगत प्रदान की जाने वाली समस्त नि:शुल्क सुविधायों एवं उपचार को सुनिश्चित करने हेतु लोकोपकारी सामाजिक/शैक्षणिक संस्थाओं/गणमान्य नागरिकों की दी गयी।

प्रेरणा एवं आवाहन पर क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें क्षय रोग से लड़ने में प्रदान किया गया। इसी क्रम में बुधवार को जनपद बदायूँ में औषधि निरीक्षक नवनीत कुमार की अध्यक्षता में उझानी केमिस्ट एसोसिएशन ने क्षय रोगियों को गोद लेकर पौष्टिक आहार का वितरण किया और उनको यह भी जानकारी दी गयी कि इलाज के दौरान क्षय रोगियों को यदि कोई समस्या होती है तो उन्हें अथवा सम्बन्धित कर्मचारी को अवश्य अवगत करायें, जिससे कि क्षय रोगियों की हर सम्भव मदद की जाये। कार्यक्रम का संचालन अवधेश गोयल(अध्यक्ष) एवं मोहित अग्रवाल (कोषाध्यक्ष) उझानी कैमिस्ट एसोसिएशन द्वारा किया गया।

## एक सप्ताह से नहीं आई बिजली, ग्रामीणों ने विद्युत अधिकारियों को लिखा पत्र

पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र के बंजरिया गांव में बिजली आपूर्ति एक सप्ताह से वाधित चल रही है।इसी बिजली लाइन से अन्य गांव व किसान और शेरपुर कला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व जल निगम पानी की टंकी किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड के कनेक्शन संचालित है। बिजली बाधित होने से किसान व ग्रामीणों के कार्यालय के कार्य बाधित चल रहे हैं।वही ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कई बार शिकायत करने के बावजूद ध्यान नहीं दिया जा रहा है रियाजत नूर खां, रामकुमार, सलीम खान, प्रीतम सिंह, सोबरन सिंह सहित कई बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के अवर अभियंता को शिकायती पत्र देकर बिजली आपूर्ति सही करा कर चालू कराए जाने की मांग की है

## क्षेत्र के तीनां ब्लाकों के गावों मे हुआ ग्राम चौपाल का आयोजन

धौरहरा–खीरी। तहसील क्षेत्र की ग्रामसभाओं मे रोस्टरवार चौपाले आयोजित होती है। तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड ईसानगर के ग्राम ईसानगर, विरसिहंपुर, लखपेडा, बिलौली, सिरसी, महारिया, ऐरा, डेबर, रुद्रपुर, बेलागढी, ओझापुरवा, कोडरीरुप, रमियाबेहढ, नैनापुर, भटपुरवा, सुजईकुण्डा, गु0ता0 अमेठी, मल्लबेहढ, टहारा, गौरिया, ढखेरवा नानकार, पढुवा व धौरहरा विकास खण्ड की खरवहिया नं 1, गुदरिया, महराजनगर, मटेहनी, वाली, जुगुनूपुर, सिसैया, सरसवा आदि गावों मे संम्बन्धित अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर लोगां की शिकायतें सुनकर उनके निस्तारण के लिये भेजी गई। अब देखना होगा कि शाशन द्वारा गरीब असहाय तबके को न्याय दिलाने हेतु चलाये जा रहे कार्यक्रम के तहत कितने लोगों की फरियादों का निराकरण होगा या घर बैठकर फर्जी आख्या लगाकर अपने हाथ से ही अपनी पीठ ठोकने जैसा होगा।

# पत्रकारों के आपसी समन्वय से अधिकारियों को मिलता है बल : दिव्या सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कूरेभार, सुलतानपुर। स्थानीय ब्लाक पर आपसी समन्वय को लेकर कूरेभार खंड विकास आिकारी दिव्या सिंह के द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर गहनता पूर्वक विचार विमर्श लेकर स्थनीय पत्रकारों संग एक बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान मौजूद पत्रकारों से परिचय प्राप्त करते हुए कूरेभार खंड विकास आिकारी दिव्या सिंह ने कहा कि उनकी तैनाती तो कई माह पूर्व ही इस ब्लाक पर हुई है, परन्तु कार्यो की अत्यािक व्यस्तता के कारण, दुर्भाग्यवश यहां के पत्रकारों से मुलाकात नही हो पाय थी। जिसके कारण आपसी समन्वय नही बन पा रहा था। जबकि विकास कार्यो व सरकारी की योजनओं को जन जन तक पहुचाने में पत्रकारों की अहम भूमिका होती है। साथ ही पत्रकार ही हमें जनता की विभिन्न समस्याओं से रूबरू करवाते है। साथ ही परेसान/असहाय लोगो की समस्याओं की जानकारी आिकारियों तक आसानी से पहुँच जाती है। बैठक में पत्रकारों ने कहा कि समय से विकास संबाी कार्यकर्मो की जानकारी न होने से खबरो को प्रकाशित करने में समस्या होती है। यदि कोई कार्यक्रम की जानकारी नही देगा और तो ऐसी स्थितियां बनी रहेग। जिसपर बीडीओ ने पत्रकारों को भरोसा दिलाया कि आगे से ऐसा नही होगा। इस आपसी समन्वय की बैठक में पत्रकार सुनील कुमार राठौर, ामर्राज दूबे, केडी शुक्ल, अनिल कुमार गुप्ता, दिनेश सिंह, सुशील कुमार मिश्र एवं वरिष्ठ लेखाकार वीर भारती, विकास कर्मी सुरेन्द्र तिवारी, ब्लक सोशल अडिट कोआर्डिनेटर राज कुँवर सिंह, सहित कई पत्रकारगण मौजूद रहे।

# जिला प्रशासन के विरुद्ध लामबंद होगा किसान संगठन

- डीएम नहीं लेते शिकायतों को संज्ञान, जांच के बगैर दौड़ा रहे कागजी घोड़े

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलेगा। इस आशय के साथ आज संगठन की एक मासिक बैठक शहर के अंबेडकर पर्क में हुई। जिसमें किसान नेताओं ने जिला प्रशासन के आिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। किसान संगठन द्वारा आिकारियों को पत्र दिया गया है। वही किसान नेता व संगठन के जिलायक्ष राम प्यारे वर्मा ने लिखा है कि विगत वर्षों में प्रत्येक माह के तीसरे बुावार को डीएम की अयक्षता में बैठक होती रही जिसमें समस्याओं का निस्तारण किया जाता रहा। लेकिन अब इसे बंद कर दिया गया है। वही किसान नेता शकील अहमद ने बताया कि किसान नेता राम मंगल सिंह पर फर्जी मुकदमा लिखकर पुलिसिया उत्पीड़न किया जा रहा है। इसकी हम निंदा करते हैं और इसको लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वह जिलायक्ष ने कहा कि अब संगठन द्वारा जितने मांग पत्र दिए गए हैं उन पर आजतक डीएम द्वारा संज्ञान नह लिया गया है। अगर संगठन मांगों को लेकर सड़क पर आया तो जिम्मेदारी डीएम की होगी। वह किसान नेता गुड्डू सिंह ने बताया कि हमारा मासिक बैठक का यह ारना इसलिए है कि जनपद सुल्तानपुर में आए दिन भ्रष्टाचार बढ़ता चला जा रहा है। हम लोग समस्याए देते रहते हैं कही न जांच है न कुछ है। कागज में इनके घोड़े दौड़ते रहते हैं। हम लोग आज एक बड़े आंदोलन की रणनीति तैयार कर रहे हैं। जिले के किसान नेता राम .पाल पर फर्जी तरीके से मुकदमा दर्ज किया गया है उसको लेकर भी हमारा प्रदर्शन हो रहा है।

## सम्पादकीय

# भारतीय विदेश नीति की सफलता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी यूरोप यात्रा के दौरान राष्ट्रीय हितों का संरक्षण-संवर्धन करने में सफल रहे। उनकी यह यात्रा संवेदनशील परिस्थितियों में हुई। यूक्रेन-रूस के बीच युद्ध चल रहा है। अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ नाटो के सदस्य देश रूस के खिलाफ हैं। दूसरी तरफ भारत व रूस के बीच आपसी सहयोग जारी है। यूरोपीय देशों की यात्रा पर रहे नरेन्द्र मोदी के लिए यह स्थिति काफी चुनौतीपूर्ण थी। उनके सामने रूस से संबंध ठीक रखते हुए यूरोपीय देशों से साझेदारी बढ़ाने की मुश्किल चुनौती थी। नरेन्द्र मोदी ने यूरोप यात्रा में अपनी कुशलता का परिचय दिया। बहुत संतुलित तरीके से स्थिति को संभाले रखा। पूरी यात्रा में वह सहज रहे। मोदी ने सभी समस्याओं के समाधान में वार्ता के महत्व को रेखांकित किया। कहा कि युद्ध से किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। मोदी की कूटनीतिक कुशलता कामयाब रही। जर्मनी व डेनमार्क के साथ कई समझौते हुए। डेनमार्क में मोदी की कई अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व क्षेत्रीय मसलों पर वार्ता हुई। नरेन्द्र मोदी भारत नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में सहभागी हुए। उनकी आइसलैंड की प्रधानमंत्री कैटरीन जैकोब्स्दोतिर, नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर, स्वीडन की प्रधानमंत्री मैग्डेलेना एंडरसन और फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मारिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी हुई। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर से मुलाकात के दौरान दोनों प्रधानमंत्रियों ने द्विपक्षीय संबंधों में चल रही गतिविधियों की समीक्षा की और आपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। दोनों नेताओं ने ब्लू इकोनॉमी, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, सौर और पवन परियोजनाओं हरित शिपिंग, मत्स्य पालन, जल प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, अंतरिक्ष सहयोग, दीर्घकालिक अवसंरचना निवेश, स्वास्थ्य और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में जुड़ाव को मजूबत करने की क्षमता पर चर्चा की। इस दौरान क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम पर भी चर्चा हुई। यूएनएससी के सदस्य के रूप में भारत और नॉर्वे संयुक्त राष्ट्र में पारस्परिक हित के वैश्विक मुद्दों पर एक-दूसरे के साथ जुड़ते रहे हैं। स्वीडन की प्रधानमंत्री मैग्डेलेना एंडरसन से मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लीड आईटी पहल द्वारा की गई प्रगति पर भी संतोष व्यक्त किया। यह कम कार्बन अर्थव्यवस्था की ओर दुनिया के सबसे भारी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक उद्योगों का मार्गदर्शन करने में मदद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में उद्योग संक्रमण पर एक नेतृत्व समूह लीड आईटी स्थापित करने के लिए भारत-स्वीडन की संयुक्त वैश्विक पहल थी। इसकी सदस्यता अब सोलह देशों और उन्नीस कंपनियों से बढ़कर पैंतीस हो गई है। दोनों नेताओं ने नवाचार, जलवायु प्रौद्योगिकी, जलवायु कार्रवाई, हरित हाइड्रोजन, अंतरिक्ष, रक्षा, नागरिक उड्डयन, आर्कटिक, ध्रुवीय अनुसंधान, सतत खनन और व्यापार और आर्थिक संबंधों जैसे क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। आइसलैंड की प्रधानमंत्री कैटरीन जैकोब्स्दोतिर से मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने विशेष रूप से भूतापीय ऊर्जा, नीली अर्थव्यवस्था, आर्कटिक, नवीकरणीय ऊर्जा, मत्स्य पालन, खाद्य प्रसंस्करण, डिजिटल विश्वविद्यालयों सहित शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। भूतापीय ऊर्जा, विशेष रूप से, एक ऐसा क्षेत्र है जहां आइसलैंड की खास विशेषज्ञता है और दोनों पक्षों ने इस क्षेत्र में दोनों देशों के विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री जैकोब्स्दोतिर के व्यक्तिगत प्रयासों की सराहना की और उन्हें इस संबंध में भारत की प्रगति के बारे में जानकारी दी। क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर भी चर्चा हुई। फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मारिन के साथ बातचीत में दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और ऐसे अन्य क्षेत्रों में इस साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। भारत और फिनलैंड के बीच विकासात्मक साझेदारी तेजी से बढ़ रही है।

# आग बरसाती गर्मी और बिजली का गहराता संकट

**इस वर्ष तक सौर ऊर्जा के जरिये 100 गीगावाट बिजली पैदा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था लेकिन इस लक्ष्य को हासिल नहीं किए जा सकने के कारण भी बिजली की कमी का संकट बना है। सौर ऊर्जा क्षमता के मामले में भारत फिलहाल चीन, अमेरिका, जापान तथा जर्मनी के बाद दुनियाभर में पांचवें स्थान पर है और बिजली के समय-समय पर गहराते संकट से देश को निजात तभी मिलेगी, जब सौर ऊर्जा परियोजनाओं के जरिये लक्ष्यों को समय से हासिल किया जाए। घरों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने हेतु आसान शर्तों पर ऋण तथा सब्सिडी देने की योजना के जरिये भी बिजली की मांग कुछ हद तक कम करने में मदद मिल सकती है।**

भीषण गर्मी में बिजली की तेजी से बढ़ती मांग के कारण देश के कई राज्यों में बिजली की कमी का संकट गहरा रहा है। बिजली की मांग बढ़ने के साथ ही थर्मल पावर प्लांटों में कोयले की खपत तेजी से बढ़ी है और इसी कारण कुछ राज्यों के बिजली संयंत्रों में कोयले का स्टॉक घट रहा है। दरअसल गर्मी के कारण कई बिजली कंपनियों में बिजली की मांग में वृद्धि हुई है और जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, बिजली की मांग में भी उसी तेजी से वृद्धि हो रही है। कोरोना लॉकडाउन के बाद बड़ी मुश्किल से पटरी पर लौट रही औद्योगिक गतिविधियों के कारण उद्योगों में भी बिजली की खपत बढ़ी है, इससे भी बिजली की मांग बढ़ रही है लेकिन मांग के अनुरूप पावर प्लांटों में कोयले का स्टॉक नहीं है। कोयले की कमी के संकट को लेकर कोल इंडिया स्वीकार चुकी है कि गर्मी शुरू होने के साथ ही देश के बिजली संयंत्रों में कोयला भंडार नौ साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि संघीय दिशा-निर्देशों के अनुसार बिजली संयंत्रों में कम से कम 24 दिनों का कोयला स्टॉक होना चाहिए।

आंकड़े देखें तो महाराष्ट्र में करीब 28 हजार मेगावाट बिजली की मांग है, जो गत वर्ष के मुकाबले 4 हजार मेगावाट ज्यादा है। उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना इत्यादि राज्य भी इस समय कोयले की किल्लत से जूझ रहे हैं, जिस कारण कुछ राज्यों में कुछ पावर प्लांटों में तो बिजली उत्पादन ठप हो गया है तो कुछ प्लांटों में बिजली उत्पादन अपेक्षाकृत कम हो पा रहा है। केन्द्रीय बिजली प्राधिकरण (सीईए) के मुताबिक देश में 173 बिजली संयंत्रों में से 155 गैर-पिथेड बिजली संयंत्र हैं, जहां पास में कोई कोयला खदान नहीं है और इनमें औसतन कोयले का करीब 28 फीसदी स्टॉक है जबकि कोयला खदानों के पास स्थित 18 पिथेड संयंत्रों का औसत स्टॉक सामान्य मांग का 81 फीसदी है। पिछले साल अक्तूबर माह में भी बिजली की मांग करीब एक फीसदी बढ़ जाने के कारण कोयला संकट के चलते बिजली संकट गहराया था और तब यह भी स्पष्ट हुआ था कि बिजली संयंत्रों को कोयले की वांछित आपूर्ति नहीं होने के अलावा कई नीतिगत खामियां भी बिजली संकट का प्रमुख कारण हैं।

कोरोना काल से पहले अगस्त 2019 में देश में बिजली की खपत 106 बिलियन यूनिट थी, जो करीब 18 फीसदी बढ़ोतरी के साथ अगस्त 2021 में 124 बिलियन यूनिट दर्ज की गई। विशेषज्ञों का मानना है कि मार्च 2023 तक देश में बिजली की मांग में 15.2 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो सकती है, जिसे पूरा करने के लिए कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को उत्पादन में 17.6 फीसदी वृद्धि करनी होगी। देशभर में कुल बिजली उत्पादन का 70-75 फीसदी कोयला आधारित संयंत्रों से ही होता है और कोल इंडिया द्वारा रिकॉर्ड कोयला उत्पादन भी किया जा रहा है लेकिन फिर भी मांग और आपूर्ति का अंतर कम नहीं हो पा रहा है। देश में करीब 80 फीसदी कोयले का उत्पादन कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा किया जाता है और उसने इस वित्त वर्ष में कोयला आपूर्ति को 4.6 फीसदी बढ़ाकर 565 मिलियन टन करने का लक्ष्य रखा है। कोल इंडिया का कहना है कि वैश्विक कोयले की कीमतों और माल ढुलाई लागत में वृद्धि से आयात होने वाले कोयले से बनने वाली बिजली में कमी आई है।

केन्द्रीय कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी के मुताबिक 2012-22 में देश में कुल कोयला उत्पादन 8.5 फीसदी बढ़कर 77.72 करोड़ टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि यदि वाकई कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है तो फिर बिजली संयंत्र कोयले की भारी कमी से क्यों जूझ रहे हैं और यदि कोयले की कमी नहीं है तो बिजली उत्पादन में गिरावट क्यों आ रही है? बिजली संयंत्रों तक कोयला पहुंचाने के लिए रेलगाड़ियों की कमी भी बिजली संकट गहराने का कारण बनी है। कोयला खदानों से पावर प्लांटों तक कोयला पहुंचाने के लिए रेलवे में रैक (डिब्बों) की कमी एक अहम कारण रहा है।



एक बड़ी समस्या यह भी है कि कोरोना महामारी के कारण कई राज्यों की वित्तीय स्थिति खस्ता हुई है, जिससे उनके स्वामित्व वाली बिजली वितरण कम्पनियां (डिस्कॉम) बिजली उत्पादन कम्पनियों को बकाया चुकाने की स्थिति में नहीं हैं। माना जा रहा है कि केन्द्र तथा कोयला बहुल गैर-भाजपा शासित सरकारों के बीच भुगतान को लेकर तनातनी और बिजली उत्पादन कम्पनियों द्वारा सीआईएल को अदायगी में देरी भी कोयला खनन में ठहराव आने का प्रमुख कारण है।

विदेशों से कोयले का आयात बंद करने से भी समस्या गहराई है। दरअसल अंतरराष्ट्रीय बाजार में कोयले की कीमतें काफी बढ़ी हैं और बिजली संयंत्रों द्वारा कोयले का आयात इसीलिए बंद या बहुत कम किया जा रहा है क्योंकि इससे उनकी उत्पादन लागत में काफी वृद्धि हो रही है। कोयले की बढ़ती मांग के कारण बिजली मंत्रालय द्वारा कोयले का आयात बढ़ाकर 36 मिलियन टन करने को कहा गया है।

बहरहाल, कोयले की कमी से बार-बार उपजते बिजली संकट से निजात पाने के लिए बिजली कम्पनियों को भी कड़े कदम उठाने की दरकार है। दरअसल बिजली वितरण में तकनीकी गड़बड़ियों के कारण कुछ बिजली नष्ट हो जाती है। वितरण प्रणाली को दुरूस्त करके बेवजह नष्ट होने वाली इस बिजली को बचाया जा सकता है। इसके अलावा लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर चोरी की जाने वाली बिजली के मामले में भी सख्ती बरतते हुए निगरानी तंत्र विकसित करते हुए बिजली की चोरी पर अंकुश लगाना होगा। बिजली संकट से स्थायी राहत के लिए अब आवश्यकता इस बात की भी महसूस होने लगी है कि देश में कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के बजाय प्रदूषण रहित सौर ऊर्जा परियोजनाओं, पनबिजली परियोजनाओं तथा परमाणु बिजली परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जाए।

इस वर्ष तक सौर ऊर्जा के जरिये 100 गीगावाट बिजली पैदा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था लेकिन इस लक्ष्य को हासिल नहीं किए जा सकने के कारण भी बिजली की कमी का संकट बना है। सौर ऊर्जा क्षमता के मामले में भारत फिलहाल चीन, अमेरिका, जापान तथा जर्मनी के बाद दुनियाभर में पांचवें स्थान पर है और बिजली के समय-समय पर गहराते संकट से देश को निजात तभी मिलेगी, जब सौर ऊर्जा परियोजनाओं के जरिये लक्ष्यों को समय से हासिल किया जाए। घरों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने हेतु आसान शर्तों पर ऋण तथा सब्सिडी देने की योजना के जरिये भी बिजली की मांग कुछ हद तक कम करने में मदद मिल सकती है।

ऊर्जा की कमी को विश्व बैंक द्वारा किए गए एक अध्ययन में आर्थिक विकास में बाधक बताया जा चुका है। दरअसल बिजली के समय-समय पर गहराते संकट के कारण विभिन्न राज्यों में आम नागरिकों की ही परेशानियां नहीं बढ़ती बल्कि बिजली की कमी से देश की अर्थव्यवस्था पर भी काफी बुरा असर पड़ता है। **योगेश कुमार गोयल**

# खाने की थाली पर महंगाई का तड़का

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**खाद्य तेल, दालें और सब्जियां गरीब की थाली से दूर होती जा रही है। दरअसल, अन्य कारणों के साथ पेट्रोल, डीजल, गैस की कीमतों ने बहुत कुछ बिगाड कर रख दिया है। पेट्रोलियम पदार्थों के भाव भले सरकारों की स्थाई रेवेन्यू का माध्यम हो पर इसका प्रभाव पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। वस्तुओं का परिवहन महंगा हो रहा है तो उसकी वसूली अंततोगत्वा आम आदमी से ही होनी है। ऐसे में भावों में बढ़ोतरी का अनवरत दौर जारी है।**

कोरोना के साइड इफ़ेक्ट के साथ सबसे बड़ा साइड इफ़ेक्ट अब खाने की थाली पर दिखाई देने लगा है। हालांकि देश-दुनिया में खाद्यान्नों के उत्पादन में बढ़ोतरी ही हुई है पर कोरोना और उसके बाद दुनिया के देशों में युद्ध और तनाव के हालात ने कोढ़ में खाज का काम किया है। दरअसल कोरोना के कारण सबकुछ थम जाने के बाद दुनिया के देशों ने जिस ओर सबसे अधिक ध्यान दिया है, वह कोरोना के कारण ठप हुई अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास है। इसे अच्छा प्रयास भी माना जा सकता है क्योंकि आर्थिक गतिविधियों को पटरी पर लाना इसलिए आवश्यक है कि विकास और रोजगार की गति उसी पर निर्भर है। यह दूसरी बात है कि संकट के इस दौर में जहां दुनिया के देशों को अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाते हुए रोजगार बढ़ाने के समन्वित प्रयास करने चाहिए थे वहीं पहले अफगान और अब रूस-यूक्रेन युद्ध की त्रासदी में फंस कर रह गए हैं। दुनिया अभी महामारी की त्रासदी से निपट भी नहीं पाई है कि रूस-यूक्रेन युद्ध दुनिया के देशों को दो खेमों में बांट कर रख दिया है। दुनिया के देश कोरोना के कारण आई समस्याओं से निपटने के स्थान पर एक-दूसरे की टांग खिंचाई में उलझ कर रह गए हैं।

देखा जाए तो दुनिया के देशों में तनाव के कारण कच्चे तेल के भावों में जिस तरह से तेजी आई है और इस तेजी को रोकने के लिए जो प्रयास होने चाहिए थे उन्हें नजरअंदाज किया गया है। इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ रहा है। आपसी खींचतान के चलते कच्चे तेल का उत्पादन और विपणन दोनों प्रभावित हुए हैं। पाम ऑयल का आयात-निर्यात प्रभावित हुआ है। तो युद्ध के कारण दुनिया के देशों में गेहूं-चावल आदि का कारोबार प्रभावित हुआ है। दुनिया के देशों की अर्थव्यवस्था को इन बिगड़े हालात ने हिला कर रख दिया है। यदि हमारे देश की बात करें तो कोरोना के पहले और बाद के हालात में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। पिछले कुछ माह से जब भी घरेलू जरूरत के सामान खरीदने जाते हैं तो पैकिंग पर हर बार बदली हुई रेट देखने को मिल रही है। जानकारों के अनुसार पिछले दो साल में खाद्य सामग्री की कीमतों में एक मोटे अनुमान के अनुसार 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है। खाद्य तेलों के भाव तो सारे रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं तो दालों के भाव में भी तेजी देखी गई है। मसालों के भाव भी आसमान की ओर है तो डेयरी उत्पाद के भाव लगातार बढ़ रहे हैं। देखा जाए तो खाद्य तेल, दालें और सब्जियां गरीब की थाली से दूर होती जा रही है। दरअसल, अन्य कारणों के साथ पेट्रोल, डीजल, गैस की कीमतों ने बहुत कुछ बिगाड कर रख दिया है। पेट्रोलियम पदार्थों के भाव भले सरकारों की स्थाई रेवेन्यू का माध्यम हो पर इसका प्रभाव पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। वस्तुओं का परिवहन महंगा हो रहा है तो उसकी वसूली अंततोगत्वा आम आदमी से ही होनी है। ऐसे में भावों में बढ़ोतरी का अनवरत दौर जारी है।

## सेहत मंत्र

# हाई ब्लड प्रेशर से परेशान हैं तो इस तरह तुरंत मिलेगी राहत

आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में हर व्यक्ति किसी न किसी बीमारी से पीड़ित है। इन्हीं बीमारियों में एक है हाई ब्लड प्रेशर की समस्या। इसकी गंभीरता की तहफ लोगों का ध्यान ही नहीं जाता। बहुत अधिक ब्लड प्रेशर आपकी किडनियों से लेकर आंखों तक को खराब कर सकता है। इतना ही नहीं, इसके कारण आप पैरालीसिस हो सकते हैं या फिर आपको दिल का दौरा पड़ सकता है। यहां तक कि इसके कारण आप असमय काल के गाल में भी समा सकते हैं। इसलिए जो लोग उच्च रक्तचाप की समस्या से पीड़ित हैं, उन्हें अपने आहार पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। यही आपकी समस्या को बढ़ा सकता है और कम भी कर सकता है। तो चलिए आज हम आपको ऐसे कुछ खाद्य पदार्थों के बारे में बता रहे हैं जो उच्च रक्तचाप के मरीजों के लिए लाभकारी सिद्ध होते हैं- प्याज है फायदेमंदः उच्च रक्तचाप के मरीजों के लिए प्याज का सेवन काफी लाभकारी माना जाता है। इसमें एंडीऑक्सिडेंट, फ्लेवेनॉल, कैसेरटिन आदि तत्व पाए जाते हैं, जो आपके शरीर में रक्त चाप के संतुलन में सहायक होते हैं। इसलिए अगर आप भी रक्त चाप की समस्या से पीड़ित हैं तो प्याज को अपने आहार का हिस्सा जरूर बनाएं। दही का कमालः गर्मी के मौसम में यूं तो दही का सेवन करने की सलाह हर व्यक्ति को दी जाती है, लेकिन उच्च रक्तचाप से पीड़ित व्यक्ति को फैट फ्री प्लेन दही का सेवन करना चाहिए। इससे आपको कैल्शियम के अतिरिक्त पोटेशियम व मैग्नीशियम भी प्राप्त होता है। जो आपके रक्त चाप को संतुलित करने का कार्य करता है। अजवाइन को करें शामिलः रक्तचाप से पीड़ित व्यक्ति को किसी न किसी रूप में अजवाइन को अपने आहार में अवश्य शामिल करना चाहिए। दरअसल, अजवाइन में कार्वाक्रोल नामक यौगिक पाया जाता है, जो धमनियों के दबाव को कम करता है जिससे हार्ट रेट में कमी आती है। अजवाइन के सेवन का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह सिर्फ उच्च रक्तचाप पीड़ित व्यक्ति ही नहीं, बल्कि लो ब्लडप्रेशर के मरीजों के लिए भी फायदेमंद है।

## धर्म मंत्र

# मंदिर में परिक्रमा करते समय बोलें मंत्र, एक-एक कदम पर बढ़ेगा पुण्य

जब भी किसी मंदिर जाते हैं या घर में पूजा-पाठ करते हैं तो भगवान का ध्यान करते हुई परिक्रमा जरूर करनी चाहिए। परिक्रमा करना किसी भी देवी-देवता की पूजा का महत्वपूर्ण अंग है। मान्यता है कि परिक्रमा से पापों का नाश होता है। परिक्रमा करते समय ध्यान रखें ये बातें: भगवान की मूर्ति और मंदिर की परिक्रमा हमेशा दाहिने हाथ से शुरू करना चाहिए। जिस दिशा में घड़ी के कांटे घूमते हैं, उसी प्रकार मंदिर में परिक्रमा करनी चाहिए। मंदिर में स्थापित मूर्तियों सकारात्मक ऊर्जा होती है, जो कि उत्तर से दक्षिण की ओर प्रवाहित होती है। बाएं हाथ की ओर से परिक्रमा करने पर इस सकारात्मक ऊर्जा से हमारे शरीर का टकराव होता है, जो कि अशुभ है। जाने-अनजाने की गई उल्टी परिक्रमा हमारे व्यक्तित्व को नुकसान पहुंचा सकती है। दाहिने का अर्थ दक्षिण भी होता है, इसी वजह से परिक्रमा को प्रदक्षिणा भी कहा जाता है। इस मंत्र का अर्थ यह है कि हमारे द्वारा जाने-अनजाने में किए गए और पूर्वजन्मों के भी सारे पाप प्रदक्षिणा के साथ-साथ नष्ट हो जाए। परमपिता परमेश्वर मुझे सद्बुद्धि प्रदान करें। सूर्य देव की सात, श्रीगणेश की चार, श्री विष्णु की पांच, श्री दुर्गा की एक, श्री शिव की आधी प्रदक्षिणा करें। शिव की मात्र आधी ही प्रदक्षिणा की जाती है,जिसके विशेष में मान्यता है कि जलधारी का उल्लंघन नहीं किया जाता है। जलधारी तक पंहुचकर परिक्रमा को पूर्ण मान लिया जाता है।

## पर्यटन



# घूमने फिरने के लिए विदेश में भारतीयों की पहली पसंद है यूरोप

रोजमर्रा की भागदौड़ भरी जिंदगी में सब कोशिश करते है कि कुछ समय निकाल कर रिलेक्स करने के लिए कहीं घूम कर आया जाए। यूं तो भारत अपने आप में एक स्वर्ग है अगर घूमने फिरने, शांति या कुदरत की सुंदरता को निहारना हो तो यहां बहुत सी खूबसूरत जगह हैं। लेकिन घूमने वालों के लिए आउट ऑफ कंट्री जाने का अपना ही अलग क्रेज होता है और बाहर के देशों में अगर देखा जाए तो घूमने के लिए भारतीयों का पसंदीदा स्थल यूरोप है। ये बात सामने आई है ट्रैवल कंपनी काक्स एंड किंग्स के एक सर्वे में। इस सर्वे के अनुसार घूमने के लिए यूरोप इस साल भी भारतीयों की पसंदीदा जगह बना हुआ है। यूरोप में अगर आप जाते हैं तो तो ऑफिस से लंबी छुट्टियां लेकर जाएं क्योंकि वहां घूमने के लिए बहुत कुछ है। हालांकि लोग अब कम अवधि वाले अवकाश को प्राथमिकता दे रहे हैं। अगर परिवार के साथ वेकेशन पर जाना चाहते हैं तो देखा जाए तो लंबी छुट्टियां बच्चों के साथ गर्मियों में ही मिल सकती हैं। सर्वे के मुताबिक कुल मिलाकर गर्मियों की छुट्टियों के लिए पिछले साल की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। सर्वे के मुताबिक जहां पर लोग सबसे ज्यादा घूमना पसंद करते हैं वो है फ्रांस और स्विट्जरलैंड जो भारतीय पर्यटकों के लिए घूमने का केंद्र हैं। कुछ पर्यटक इन स्थानों के साथ कुछ और देशों को भी अपने यात्रा मार्ग में जोड़ रहे हैं। इनमें आस्ट्रिया, इटली, नीदरलैंड या फिर जर्मनी को शामिल किया जा रहा है। अगर बात अकेले ट्रेवल करने वालों की करें तो सर्वे के अनुसार उनकी पसंदीदा जगहों में आइसलैंड, यूक्रेन, ग्रीस और क्रोशिया प्रमुख हैं। पश्चिम भारतीय राज्यों के टूरिस्टों की अगर बात करें तो गुजरात और महाराष्ट्र के लोग ठंडे समुद्री तटों वाले स्थानों की यात्रा करना पसंद कर रहे हैं। इन राज्यों के पर्यटक मॉरिशस, रियूनियन आइलैंड और सेशेल्स जैसे देशों में जा रहे हैं। इन दोनों राज्यों से इन पर्यटक स्थलों के लिए मांग 15 प्रतिशत तक बढ़ी है।

# प्रतिबंधित पालीथिन के विरुद्ध चला अभियान, वसूला गया जुर्माना

❐ नगर पंचायत हैदरगढ़ सतरिख सिद्धौर टिकैतनगर जैदपुर सुबेहा में चला विशेष अभियान

❐ पालीथिन की बिक्री और इस्तेमाल पर कड़ी कार्रवाही के निर्देश जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जिलाधिकारी आदर्श सिंह के निर्देश पर समूचे जनपद में पॉलिथीन के विरुद्ध अभियान चलाया गया जिसके तहत पॉलिथीन की बिक्री करने वाले दुकानदारों से जुर्माना वसूल करते हुए कड़ी चेतावनी दी गई। अगर भविष्य में पॉलिथीन बरामद हुई तो मुकदमा दर्ज करवा कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि जिलाधिकारी डॉक्टर आदर्श सिंह द्वारा जनपद के समस्त उप जिला अधिकारी अधिशासी अधिकारी खंड विकास अधिकारी आदि को पॉलिथीन के रोकथाम हेतु निर्देश दिए गए थे जिसके पालन हेतु समूचे जनपद में अभियान चलाया गया।जानकारी के अनुसार नगर पंचायत प्रशासन सतरिख द्वारा नगर की दुकानों में जाकर पॉलिथीन जप्त की गई अधिशासी अधिकारी श्रीमती रेनू यादव ने बताया कि नगर के प्रतिष्ठान अयूब होटल बलराम मैनुद्दीन अमर सिंह नूर आलम रेहान गारमेंट शकील उस्मान क्लॉथ हाउस मुस्कान क्लॉथ हाउस समेत विभिन्न दुकानों पर जाकर 45 सौ से अधिक जुर्माना वसूल किया गया एवं चेतावनी दी गई कि अगली बार पॉलिथीन का इस्तेमाल हुआ तो कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में नगर पंचायत टिकैतनगर द्वारा अधिशासी अधिकारी कीर्ति सिंह की अगुवाई में नगर में पॉलिथीन विरोधी अभियान चलाया गया नगर पंचायत जैदपुर में अधिशासी अधिकारी योगेश प्रताप मिश्र द्वारा लोगों को पॉलिथीन का समान ना करने के संबंध में जागरुक किया गया। हैदरगढ़ सवांददाता के अनुसार शासन के निर्देश जिलाधिकारी डॉक्टर आदर्श कुमार के आदेश पर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रविंद्र मोहन द्वारा पॉलिथीन के विरुद्ध अभियान चलाया गया नगर पंचायत के सब्जी मंडी किराना मार्केट मे अभियान चलाकर सैकड़ों दुकानों पर छापेमारी की गई दुकानों पर बरामद पॉलिथीन को कब्जे में लेकर जब किया गया कई बार हिदायत एवं नोटिस देने के बाद जिन दुकानदारों के यहां पॉलिथीन बरामद हुई उनके ऊपर अर्थदंड करके चार हजार की वसूली की गई नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रविंद्र मोहन ने पटरी दुकानदारों एवं फल सब्जी परचून की दुकानदारों को बताया कि जिन दुकानदारों के यहां पालीथीन मिलेगी अथवा दुकान के सामने कूड़ा करकट डिस्पोजल गिलास पढ़े मिलेंगे डस्टबिन मे नहीं मिलेगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा अर्थदंड के रूप में जुर्माना भी वसूला जाएगा अधिशासी अधिकारी रविंद्र मोहन ने कस्बा के लोगों को यह भी बताया कि यह नगर आपका है इसे साफ सुथरा व सुंदर बनाने में सहयोग करें घर का कूड़ा सड़कों पर मत डालें हमारे सफाई कर्मी को दे नल के पानी को खुला मत छोड़ो चलाए गए अभियान में प्रमुख रूप से नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रविंद्र मोहन अखिलेश मिश्रा मनोज यादव रवि दीक्षित अंकित अयोध्या प्रसाद राजू चतुर्वेदी पंकज अवस्थी सम्मिलित थे।

## ....तो वीरान रहता है रामनगर का बस स्टॉप ?

# बसों का ठहराव नही, अव्यवस्थाओं का बोलबाला, जिम्मेदार खामोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। रामनगर का एकमात्र बस अड्डा हुआ वीरान, यात्री अपने गंतव्य तक जाने के लिए घंटो रहते परेशान। बताते चलें रामनगर के बुढवल चौराहे पर उत्तर प्रदेश परिवहन का एक बस अड्डा बना हुआ है। जहां पर लखनऊ से आने वाली बसें तथा गोंडा बहराइच से आने वाली बसें चौराहे पर बसों को रोकना उचित नहीं समझते हैं। वही बस अड्डे पर पहले बाबुओं के द्वारा बस रुकवा कर एंट्री होती थी अब वह भी होना बंद है कहीं 10 पांच बसों की एंट्री की खानापूर्ति की जाती है, वहीं बाबू के द्वारा ना होकर गार्ड से एंट्री कराई जाती है, जो लापरवाह गार्ड बस रुकवाना उचित नहीं समझता है, पान खाकर घूमा करता है। सबसे गंभीर बात तो यह है कि ऐसी चिलचिलाती धूप में यात्रियों के लिए चौराहे पर कोई छाया तक नहीं है,जब बसें रुकती नहीं तो यात्री भी बस अड्डे पर बैठकर क्या करें।ऐसी धूप में यात्री खड़े होकर बसों को हाथ दिया करते हैं, परंतु चालक परिचालक बस को रोकना उचित नहीं समझते। यह तो रामनगर का दुर्भाग्य है कि कोई कर्मचारी अपने कार्यों के दायित्व का निर्वाह नहीं करते यहां तक जो पहले बाबू नियुक्त था मेहनत करके बसों का ठहराव कराता था वह भी यहां से हटा दिया गया और ऐसी तपन में यात्रीगण परेशान हुआ करते हैं।

# पत्रकार प. भोला नाथ मिश्र का हर्षोल्लास से मनाया गया जन्म दिन

## कैनविज टाइम्स द्वारा भेंट की पवित्र रामायण

कैनविज टाइम्स संवाददाता





रामसनेहीघाट बाराबंकी। क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी पंडित भोलानाथ मिश्र का जन्मदिन पत्रकार साथियों की ओर से सुमेरगंज स्थित आज अखबार के कार्यालय पर मनाया गया, इस मौके पर पत्रकारों ने श्री मिश्र को जन्म दिवस की बधाई देते हुए मुंह मीठा कराया तथा दीर्घायु एवं निरोगी जीवन के ईश्वर से कामना की। जन्मदिन के अवसर पर समस्त पत्रकारों ने वरिष्ठ पत्रकार श्री मिश्र को माला पहनाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी तथा कहा कि रामसनेहीघाट में पत्रकारिता के इतिहास में भोलानाथ मिश्र जी का अतुलनीय योगदान रहा है उनके नेतृत्व में यहां के पत्रकारिता ने एक कीर्तिमान स्थापित करते हुए पत्रकारिता के मानदंडों को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई उन्होंने कहा कि रामसनेहीघाट की पत्रकारिता ने जहां शासन एवं प्रशासन को रचनात्मक सहयोग देते हुए समाज के मूलभूत मुद्दों को उठाया तथा समस्याओं के निराकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्षेत्रीय रिपोर्टर विकास पाठक ने मिश्रा जी को श्री मद्‌भागवत गीता पुस्तक भेंट करते हुए बधाई देते हुए कहा कि ईश्वर उन्हें निरोगी एवं दीर्घायु जीवन प्रदान करें। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार रामबाबू मिश्रा, दिवाकर बाबा, कमलेश्वर तिवारी, सूरज कुमार सिंह,मुकेश कुमार,दीपक वर्मा अरमान अंसारी,अमर सिंह राणा राकेश कुमार, अवधेश वर्मा सहित अन्य पत्रकार बंधु मौजूद रहे, जिन्होंने मिश्रा जी को माला पहनाकर मुंह मीठा कराते हुए जन्मदिन की बधाई दी।

# धरती पर पाप के अंत के लिए लीलाधारी मधुसूदन ने लिया था जन्म : बृजेश शास्त्री

### करुणेश जी महाराज की स्थली पर आयोजित भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी। कंस के द्वारा किए गए अत्याचारों से धरती पर पाप का बोझ बढ़ने पर देवताओं के प्रार्थना बंदन पर भगवान ने अवतार लिया यह बात कथावाचक बृजेश शास्त्री ने बहुता धाम में आयोजित भागवत कथा में कहीं। हैदरगढ़ तहसील मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर बहुता धाम मे ब्रह्मलीन परम संत 1008 स्वामी करुणेश जी महाराज के आश्रम मे। बिगत कई दिनों से हो रही श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का पाठ प्रतिदिन मंत्र उच्चारण के साथ पंडित धीरज शास्त्री द्वारा विधि विधान से कराया जा रहा। श्रीमद् भागवत कथावाचक डॉक्टर बृजेश कुमार शास्त्री ने आगे कहा कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म धरती पर पाप बढ़ने से हुआ संत महात्माओं देवताओं कि तरुण पुकार सुनकर लीलाधारी ने कंस जैसे अत्याचारी को मोती देने के लिए प्रगट हुए भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव काफी धूमधाम से मनाया गया श्रोताओं को मथुरा वृंदावन जैसा आनंद मिल रहा था फूलों की वर्षा भजन कीर्तन के साथ उत्सव मनाया गया बृजेश शास्त्री ने आगे बताया श्रीमद् भागवत महापुराण एक ऐसा ग्रंथ है क्यों कलयुग में बहुत ही लाभकारी है आजामील प्रहलाद ध्रुव की कथा को विस्तार से श्रोताओं के मध्य कहा श्री शास्त्री जी ने यह भी कहा कि विष्णु भगवान की का जाप करने से लक्ष्मी जी सोयम प्रसन्न हो जाते हैं और अपनी कृपा अपने भक्तों पर जीवन भर करती रहती परमात्मा का नाम एक बार भी जपने से ईश्वर उसको अपना मान लेता तुलसी बाबा ने लिखा है कि एक घड़ी आधी घड़ी आदि में पुनियाद तुलसी संगत साधु की हरे कोटि अपराध संगीतमयी कथा कई दिनों से भव्य रूप से हो रही है कार्यक्रम का सफल मंच संचालन सर्वेश कुमार मिश्र द्वारा किया जा रहा है श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर सर्वेश जी के भजनों पर श्रोता मस्ती में झूमने लगे कार्यक्रम के संरक्षक रमेश चंद्र शुक्ला ने आए हुए अतिथियों श्रोताओं का आभार जताया कार्यक्रम में मथुरा वृंदावन से आए योग्य कलाकारों शंकर पार्वती जी की झांकी व श्री श्री कृष्ण वासुदेव की झांकियों का प्रदर्शन किया गया जिसकी उपस्थित श्रोताओं ने काफी सराहना की श्रीमद् भागवत कथा सुनने वालों में प्रमुख रूप से अरुण शुक्ला ग्राम प्रधान देवी शरण लोधी विनोद त्रिपाठी राम कमल तिवारी सुरेश पांडे अंजनी मिश्रा प्रहलाद सिंह कन्हैयालाल मिश्रा तिवारी शिवाकांत दीक्षित विनोद मिश्रा छोटे लाल पांडे प्रवीण जटा शंकर पांडे अनुज मौर्य श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य जजमान श्रीमती मोहिनी बाजपेई श्रीमती उषा पांडे सुरेश पांडे द्वारा आरती पूजन अनवरत किया जा रहा है इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राकेश पाठक विकास तिवारी जगदीश मौर्य भारी संख्या में पुरुष व महिलाओं उपस्थित हो रही है।

# शातिर लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे, लाखों की नकदी समेत दो अवैध तमंचा बरामद

### अपराधियों का कबूलनामा, बैंक में रैकी कर देते थे वारदात को अंजाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देवा बाराबंकी। थाना देवा व सर्विलांस टीम की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके पास से लूट के 1,57,000 रूपये व 02 अदद तमंचा मय 02 अदद जिन्दा कारतूस एवं एक अदद मोटर साइकिल बरामद किया है पकड़े गये लुटेरों के ऊपर जनपद समेत गैर जनपद में दर्जनों आपराधिक मुकदमे पंजीकृत है पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सर्विलांस टीम व थाना देवा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना देवा पर धारा 392 भादवि से सम्बन्धित दो शातिर लुटेरों . सचिन नायर पुत्र रविन्द्र नाथ राणा प्रताप मार्ग मल्ला पुर हाता थाना हजरतगंज जनपद लखनऊ मुकेश सोनकर पुत्र स्व0 विन्दा दीन सोनकर निवासी 5/96 रविदास नगर वजीरहसन रोड थाना हजरतगंज जनपद लखनऊ को मामा नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से एक लाख सत्तावन हजार रूपये नकद व 02 अदद तमंचा मय 02 अदद जिन्दा कारतूस व लूट की घटना में प्रयुक्त एक अदद मो0सा0 हीरो स्प्लेंडर प्लस एवं एक अदद स्टेट बैंक का पासबुक बरामद किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्तगण सन् 2010 से अपराध कर रहे है। अभी तक ये जनपद बाराबंकी के आलावा गोण्डा, उन्नाव, लखनऊ, बहराइच, अयोध्या, रायबरेली, अमेठी, अम्बेडकर नगर, सुल्तानपुर, सीतापुर व कई अन्य जनपदों में लूट की घटना कारित कर चुके है तथा लूट के रुपये से ही मोटरसाइकिल खरीदी थी। अभियुक्तगण किसी बैंक में रेकी के दौरान पुलिस से बचने के लिए अपने पास रखते थे अभियुक्त गणों द्वारा जनपद के विभिन्न थानों में की गई वारदात को स्वीकार किया है पुलिस द्वारा कुख्यात अपराधियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है

# सच्ची श्रद्धा हो तो भगवान सूखी रोटीयां भी खाते हैं : जंगली प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। तहसील रामनगर क्षेत्र के नंदऊपारा की ग्राम प्रधान डाली सिंह पत्नी अभिषेक सिंह के निवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन बेलहरा से पधारे पंडित जंगली प्रसाद मिश्र ने प्रसंग सुनाते हुए कहा भगवान अपने सच्चे भक्तों की परीक्षाएं बहुत लेते हैं जो भक्त उनकी कसौटी पर खरा उतरता है उसे ही मोक्ष प्राप्त होता है।उन्होंने कहा आदिकाल में भगवान का एक भक्त था जिसके परिवार में उसके माता के सिवा कोई नहीं था।जो जंगल से लकड़ियां काट कर अपना जीवन यापन करता था।भगवान की भक्ति के साथ-साथ वह अपनी माता की बहुत सेवा करता था तमाम मेहनत के बाद दिनभर में वह सिर्फ दो रोटियां भर की ही लकड़ी काट पाता था।एक रोटी मां को और एक रोटी वह स्वयं खाता था।भक्त के घर एक दिन उनके गुरु का आगमन हुआ उस दिन भक्त ने माता की आज्ञा लेकर दोनो रोटियां अपने गुरु को भोजन के लिए प्रस्तुत किया।गुरु ने जैसे तैसे दोनों सूखी रोटियां खाई।भोजन कर गुरु ने किसी तरह रात गुजारी।सुबह होते ही गुरु जब प्रस्थान करने लगे तो भक्त ने गुरु से झोली में रखे एक भगवान को मांगा।सूखी रोटियां खाए गुरु ने गुस्से में भक्त को भगवान के बजाय भांग पीसने वाला लोड़ा दे दिया।लोड़ा पाकर भक्त अत्यंत प्रसन्न हुआ और भक्त ने लोड़ा रूपी भगवान का नाम गुरु से पूछा।गुरु भगवान का नाम लोढानाथ बताते हुए अपने गंतव्य की ओर चल पड़े।भक्त भगवान को घर में रख कर लकड़ियां काटने के लिए जंगल की ओर चला गया लकड़ियां काटने के बाद शाम को जब भक्त घर लौटा तो दो रोटी भर का आटा लेकर आया भक्त की मां ने दो रोटियां बनाई।बेटे और माता ने यह तय किया कि एक रोटी से भगवान का भोग लगेगा और एक में हम दोनों आधी आधी ग्रहण करेंगे।भगवान को भोग लगाया गया परंतु भगवान ने रोटी नहीं खाई भक्त को लगा कि एक रोटी भगवान नहीं खाएंगे तो दूसरी रोटी भी भगवान को दे दी भगवान ने तब भी भोजन ग्रहण नहीं किया।इसी तरह समय बीतता गया और ना तो भगवान ने भोजन किया ना ही भक्त और उसकी मां ने।भगवान के भोजन ना करने से भक्त उदास होकर जयोही आत्महत्या करने चला कैलाश पर भगवान शिव का सिंहासन डोल उठा और भक्त के समक्ष भगवान शिव प्रकट होकर दर्शन दिए जिससे भक्त और उसकी मां का जीवन धन्य हो गया।प्रसंग सुनकर सभी श्रोता भाव विभोर हो गए।इस अवसर पर अभिषेक सिंह,रामनंद सिंह,अशोक कुमार सिंह,पूर्व अध्यापक अंबर प्रसाद मौर्य, अनिल सिंह, पुतान सिंह,देशराज सिंह,सौम्या सिंह, रूबी सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## आगामी लोक अदालत 14 मई को तैयारियों को लेकर बैठक आहूत

बाराबंकी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी के तत्वावधान में दिनांक-14 मई 2022 को जनपद न्यायालय में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के परिपेक्ष्य में जनपद न्यायाधीश रवीन्द्र नाथ दूबे जी की अध्यक्षता में आज श्री दुर्ग नारायण सिंह प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय बाराबंकी व श्री संजय कुमार-८ पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण बाराबंकी के साथ विचार विमर्श बैठक का आयोजन जनपद न्यायाधीश महोदय के विश्राम कक्ष में किया गया है। इस बैठक में जनपद न्यायाधीश महोदय के द्वारा वैवाहिक मामले एवं मोटर दुर्घटना से संबंधित वादों का ज्यादा से ज्यादा निस्तारण किये जाने के बारे में बताया गया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा बताया गया कि दिनांक-14 मई 2022 की राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पिटिशन, दीवानी वाद, वैवाहिक वाद, फौजदारी के शमनीय वाद, एन0आई0 एक्ट, विद्युत अधिनियम, बैंक के ऋण सम्बन्धी वाद, राजस्व वाद, चकबन्दी वाद तथा वे समस्त वाद जो सुलह समझौता के आधार पर निस्तारित किये जा सकते हैं, उनको जरिये सुलह समझौता निस्तारित कराया जायेगा।

## करंट से मजदूर की मौत, दो बच्चे अनाथ

बाराबंकी : विजली पंखा से चिपक कर एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक की पत्नी 5 साल पूर्व मौत का शिकार हो गयी अब दोनों बच्चे अनाथ हो गए। मामला थाना जहांगीराबाद इलाके के मोहिउद्दीनपुर मजरे कटरा का है। यंहा के निवासी अनिल कुमार रावत उम्र करीब 28 साल बुधवार को सुबह अपने घर मे नहा कर बाहर विजली से चल रहे फैन को सीधा करने लगा इसी बीच वह फैन के करंट की चपेट में आकर गिर गया ऊपर से पंखा भी उसी के ऊपर गिर गया। जब तक लोग मामले को समझते वह बेसुध हो गया। आनन फानन में पास पड़ोस के लोग उसे जिला अस्पताल लेकर निकले लेकिन मजदूर का जिश्म बेजान हो चुका था। परिजनों ने बताया कि 5 वर्ष पूर्व मृतक की पत्नी कांति 22 की मौत हो चुकी है। अब अनिल की मौत के बाद उसके दोनों बेटे अनाथ हो गए। बड़ा बेटा अनिरुद्ध 8 साल और छोटा बेटा कमल 5 साल का है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## तेज आंधी -पानी से सैकड़ों गांवों की विद्युत आपूर्ति ध्वस्त

मसौली, बाराबंकी। अचानक बारिश होने से मेन्था खेती एवं आम की बाग के लिए पानी काफी फायदेमंद साबित हुआ। लेकिन देर रात्रि तेज आंधी पानी आने के कारण लगभग एक सैकड़ा गांवों की विद्युत आपूर्ति ध्वस्त हो गई।जनपद के चंदौली पावर हाउस से विद्युत उपकेन्द्र मसौली को आपूर्ति होने वाली 33 हजार केवी विद्युत लाईन पर रात्रि में तेज आंधी के कारण फतेहसराय के पास पेड़ गिर जाने से विद्युत लाईन में आई फाल्ट के कारण बुधवार की रात एक बजे बिजली गुल हो गई। गुरुवार की सुबह विभाग के कर्मचारियों ने पेट्रोलिंग के दौरान फतेहसराय के पास 33 हजार केवी विद्युत लाईन पर आधा दर्जन स्थानों पर पेड़ गिरे मिले तो कही पर तार आपस में स्पर्श मिले। कड़ी मशक्कत के बाद लगभग प्रातः 10 बजे बिजली आपूर्ति शुरू हो सकी।इस दौरान विद्युत उपकेन्द्र मसौली के लगभग एक सैकड़ा गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित रही।जिससे जन-जीवन बदहाल हो गया।

## संगीता यादव बनी महिला संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी। सोमवार को महिला शिक्षक संघ का अधिवेशन ब्लॉक संसाधन केंद्र दहिला विकास खंड त्रिवेदीगंज में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिये संगीता यादव का मनोनयन किया गया तथा महामंत्री पद पर आशा व कोषाध्यक्ष पद पर मृदुला सागर का मनोनयन किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर स्मृति अरोड़ा, मंत्री पद पर ऊषा जायसवाल, संयुक्त मंत्री पद पर संध्या, उपाध्यक्ष पद पर अर्चना यादव, प्रियंका सिंह, अमृता लामा, संगठन मंत्री पद पर यशी सचान, अर्चना सिंह , नेहा तथा मीडिया प्रभारी पद पर आरती मिश्रा का मनोनयन हुआ।

# जंगली जानवर के पदचिन्हों ने फिर फैलाई दहशत

❐ बन्दर के क्षत विक्षत शव मिलने के बाद से मचा है हड़कम्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुबेहा बाराबंकी। जंगली जानवर की दहशत एक बार फिर जिले में व्याप्त हो गई। हालांकि अभी तक तेंदुआ होने की पुष्टि नहीं हो पाई है लेकिन पिछले 1 वर्ष से गोमती नदी के तटीय क्षेत्रों में तेंदुआ होने की खबर मिल रही है। वही कथित तौर पर कल तेंदुआ द्वारा एक बंदर का शिकार किया गया। जब ग्रामीण क्षेत्रों की देखभाल करने के लिए सुबह निकले तो देखा बंदर का शव क्षत-विक्षत अवस्था में जंगल में पड़ा था। वहीं शव के आसपास तेंदुएं के पदचिन्ह मिलें। हालांकि अभी तक वन विभाग द्वारा तेंदुआ होने की पुष्टि नहीं की गई। लेकिन जबसे इस घटना की जानकारी वन विभाग को हुई है। तब से लगातार जंगलों में कांबिंग जारी है। वहीं वन विभाग की टीम स्थानीय लोगों से एहतियात बरतने के लिए भी कह दिया गया है। क्योंकि कोई भी जंगली जानवर किसी को नुकसान ना पहुंचाएं। जनपद बाराबंकी के हैदरगढ़ तहसील क्षेत्र अंतर्गत सुबेहा थाना क्षेत्र के शरीफाबाद गांव में पिछले 1 वर्षों से जंगल में तेंदुआ होने की बात ग्रामीणों द्वारा कही जा रही है। कई बार तो कुछ ग्रामीणों ने खेतों के आसपास इस जंगली जानवर को टहलते हुए भी देखा हैं। लेकिन यह जानवर भी इतना चालाक है कि जहां पर इंसानों की संख्या ज्यादा होती है। वहां पर यह नहीं देखा जाता। अक्सर रात में ही यह शिकार के लिए इधर-उधर घूमता है। पिछले वर्ष भी गांव में एक बकरी व मावेशी के बच्चे को अपना शिकार बना चुका है। हालांकि वन विभाग के क्षेत्रीय दारोगा अनुज कुमार सिंह लगातार जंगलों में कांबिंग कर रहे हैं। उनका कहना है कि अभी तक ऐसे किसी भी जंगली जानवर को नहीं देखा गया है। लेकिन ग्रामीणों की बातों के आधार पर इस जंगली जानवर को ढूंढने का प्रयास लगातार जारी है। वहीं लोगों को जंगली जानवर अर्थात तेंदुआ से सतर्क रहने के लिए भी चेतावनी दे दी जा चुकी है। अचानक तेंदुआ निकलने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। जिससे स्थानीय नागरिकों व किसानों में डर का माहौल व्याप्त हो गया। वहीं लोगों का कहना है कि तेंदुए ने एक बंदर का भी शिकार किया है। जिसका शव क्षत-विक्षत अवस्था में जंगल में पड़ा मिला। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी। वन विभाग को अज्ञात जंगली जानवर की सूचना मिलते ही क्षेत्र के वन दरोगा अनुज सिंह अपनी टीम के साथ हैदरगढ़ तहसील क्षेत्र के सुबेहा थाना क्षेत्र अंतर्गत शरीफाबाद के जंगल में पहुंचे। जहां पर बीती देर रात तक उन्होंने पूरे जंगल में कांबिंग किया। लेकिन अज्ञात जंगली जानवर का कोई पता नहीं चला। उन्होंने ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए भी सलाह दी है। साथ ही वन दरोगा अनुज सिंह ने बताया कि अभी तक जंगली जानवर का कोई पता नहीं चल पाया है। जो पदचिन्ह मिले हैं उन्हें उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया है। साथ ही जंगल में कांबिंग लगातार जारी है।

# हम सही दिशा में बढ़ रहे हैं, लेकिन बल्लेबाजी क्रम में सुधार की जरूरत : फाफ डु प्लेसिस

**एजेंसी**

पुणे। चेन्नई सुपर किंग्स को 13 रनों से हराकर लगातार तीन मैचों की हार का सिलसिला तोड़ने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कहा कि वे सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं लेकिन बल्लेबाजी क्रम में कुछ सुधार करने की जरूरत है। हर्षल पटेल (3/35) और ग्लेन मैक्सवेल (2/22) के शानदार गेंदबाजी की बदौलत बुधवार को पुणे के एमसीए स्टेडियम में आरसीबी ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 13 रनों से जीत दर्ज की। मैच के बाद फाफ डु प्लेसिस ने कहा, हमें निश्चित रूप से इस जीत की आवश्यकता थी। हमने एक अच्छा स्कोर बनाया। हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हम गेंदबाजी विभाग में बहुत अच्छे हैं। मुझे लगा कि 165 एक बराबर स्कोर था और इससे ऊपर कुछ भी बोनस था। फाफ ने गेंदबाजों के प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि वे



भाग्यशाली हैं कि उन्हें बीच में अनुभवी खिलाड़ी मिले। उन्होंने कहा, मैंने सोचा था कि पावरप्ले स्कोर करने का एक अच्छा समय था। हमारा क्षेत्ररक्षण अद्भुत था। मैच में हमारी तरफ से वास्तव में कुछ शानदार कैचिंग और अच्छी गेंदबाजी हुई। हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमारे पास अनुभवी खिलाड़ी हैं। मुझे सीनियर खिलाड़ियों पर पूरा भरोसा है। अपने बल्लेबाजी क्रम के बारे में बात करते हुए, डु प्लेसिस ने कहा, बस बल्लेबाजी विभाग में सुधार की जरूरत है। शीर्ष चार में से एक को अंत तक बल्लेबाजी करने की जरूरत है।

इस मुकाबले में आरसीबी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट पर 173 रन बनाए। आरसीबी की तरफ से कप्तान फॉफ डु प्लेसिस ने 38, महिपाल लोमरोर ने 42, विराट कोहली ने 30,रजत पाटिदार ने 21 और दिनेश कार्तिक ने नाबाद 26 रन बनाए। आरसीबी की तरफ से महेश तीक्ष्णा ने तीन, मोईन अली ने दो व ड्वेन प्रिटोरियस ने 1 विकेट लिया।

जवाब में चेन्नई की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 160 रन ही बना सकी। चेन्नई की तरफ से डेवोन कॉन्वे ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 56 रन बनाए, वहीं, मोईन अली ने 34 व रूतुराज गायकवाड ने 28 रन बनाए। आरसीबी की तरफ से हर्षल पटेल ने तीन, ग्लेन मैक्सवेल ने 2 और शाहबाज अहमद, जोश हेजलवुड और वानिन्दु हसरंगा ने 1-1 विकेट लिया। इस जीत के साथ आरसीबी अब 12 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और सीएसके छह अंकों के साथ नौवें स्थान पर है। एमएस धोनी की अगुवाई वाली सीएसके को हराने के बाद, आरसीबी की टीम रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी।

# आईपीएल 2022 की रेस में हैदराबाद, लखनऊ गुजरात और राजस्थान ने सभी को पछाड़ा

**एजेंसी**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2022 जहाँ दिग्गज टीमों के लिए सबसे कठिन साबित हुआ है, वहीं दूसरी कुछ टीमों के लिए बेहद खास बन गया है। सबसे अधिक यानी 5 बार आईपीएल का खिताब जीत चुकी टी20 लीग के इतिहास की सबसे सफल टीम मुंबई इंडियंस 50 मैच खत्म होने के बाद भी लय नहीं बना सकी और प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली पहली टीम बनी। डिफेंडिंग चैंपियन और 4 बार की विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स भी लगभग मुकाबले से बाहर हो चुकी है। वहीं, 2 बार आईपीएल का खिताब जीत चुकी केकेआर भी खराब स्थिति में है।

बाकी सभी टीमों को पछाड़कर चार टीमें उभरकर सामने आई हैं, जिनमें राजस्थान रॉयल्स, सनराइज़र्स हैदराबाद, लखनऊ सुपरजायंट्स और गुजरात टाइटंस के नाम शामिल हैं। यदि इनके विकेट्स की बात करें, तो राजस्थान रॉयल्स ने अब तक 69, सनराइज़र्स हैदराबाद ने 62, लखनऊ सुपरजायंट्स ने 61 और गुजरात टाइटंस ने 60 विकेट्स अपनी झोली में डाले हैं।

स्वदेशी माइक्रो-ब्लॉगिंग मंच, कू ऐप पर कुछ दिनों से इन चारों ही टीमों का शोर मचा हुआ है। भारतीय क्रिकेटर्स और फैंस चारों टीम्स की तारीफों की झड़ी लगाए दिख रहे हैं।

भारतीय क्रिकेटर अभिनव ने चारों टीमों की तारीफ करते हुए कू पर लिखा, ़शक्तिशाली गेंदबाजी वाली टीम्स इस सीज़न में सर्वश्रेष्ठ स्थिति में हैं। पॉवरप्ले और बीच के ओवर्स में विकेट लेना महज़ आर्थिक रूप से गेंदबाजी करने से ज्यादा महत्वपूर्ण है। स्टैंडिंग में टॉप चार टीम्स ने सबसे अधिक विकेट लिए हैं। यह बताता है कि मुंबईजैसी सुपर टीम्स आखिर क्यों संघर्ष कर रही हैं। वहीं, भारतीय महिला क्रिकेटर हरलीन कौर देओल,ने कहा, ़एक कप्तान को अपनी टीम जितना ही अच्छा कहा जाता है। कप्तानी एक ऐसा कौशल है, जो एक टीम में गेंदबाजों और बल्लेबाजों को सिंक्रनाइज़ करने पर निर्भर करता है और ऐसा करने वाली टीम्स ने आईपीएल सीज़न में शानदार परिणाम दिखाए हैं। आईपीएल टेबल में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली टीम से सबसे अधिक विकेट लेने वाले और रन बनाने वाले खिलाड़ी दिए जाते हैं।

एक अन्य भारतीय महिला क्रिकेटर निकिता भुवा ने गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा, ़आईपीएल 2022 अब तक गेंदबाजों का टूर्नामेंट रहा है। इस सीज़न के आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली टीम्स टॉप पर हैं। इससे आईपीएल में खेलों की गुणवत्ता भी बेहतर हुई है। अब देखना यह है कि 15वें सीज़न में बाजी कौन-सी टीम मारती है और किसके हाथों में गेंदबाजों को समर्पित इस सीज़न का खिताब जाता है।

# मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब के नए अध्यक्ष बने स्टीफन फ्राई, अक्टूबर में संभालेंगे पदभार

**एजेंसी**

लंदन। ब्रिटिश अभिनेता और लेखक स्टीफन फ्राई मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के नए अध्यक्ष बनाए गए हैं। फ्राई एक क्रिकेट समर्थक हैं, एमसीसी फाउंडेशन के संरक्षक हैं, और उन्होंने पिछले साल एमसीसी काउड्रे व्याख्यान दिया था। उन्हें वर्तमान अध्यक्ष क्लेयर कॉनर द्वारा भूमिका के लिए नामित किया गया था, और 1 अक्टूबर को उनका कार्यकाल समाप्त होने पर वह पदभार ग्रहण करेंगे। स्टीफन ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं एमसीसी के अगले अध्यक्ष के रूप में नामित होने पर सम्मानित और गौरवान्वत महसूस कर रहा हूं। यह एक ऐसा क्लब है जिसे दुनिया भर में जाना जाता है। इस भूमिका को निभाने का अवसर दिये जाने का मैं आभारी हूं।

फ्राई ने कहा, मैं इस अविश्वसनीय अवसर के लिए क्लेयर को धन्यवाद देता हूं और मैं शरद ऋतु में अपनी पारी शुरू करने से पहले गर्मियों में अध्यक्ष पद के लिए उनका समर्थन करने के लिए उत्सुक हूं।

फ्राई एक अंग्रेजी अभिनेता, पटकथा लेखक, लेखक, नाटककार, पत्रकार, कवि, हास्य अभिनेता, टेलीविजन प्रस्तुतकर्ता और फिल्म निर्देशक हैं। 2011 से उन्हें एमसीसी के सदस्य और एक क्रिकेट प्रेमी के रूप में जाना जाता है और उन्होंने नवंबर 2021 में 20वें एमसीसी काउड्रे व्याख्यान दिया। व्याख्यान देने वाले केवल दूसरे गैर-क्रिकेटिंग व्यक्तित्व के रूप में, उनका भावुक भाषण शक्तिशाली और यादगार दोनों था।

एमसीसी के वर्तमान अध्यक्ष क्लेयर कॉनर ने कहा, मैं स्टीफन को अपने उत्तराधिकारी के रूप में घोषित करने में सक्षम होने के लिए रोमांचित हूं। उन्हें क्रिकेट से गहरा प्यार है और एमसीसी के लिए वह एक अद्भुत एंबेसडर होंगे। उन्होंने कहा, पिछले साल उन्होंने जो काउड्रे व्याख्यान दिया वह प्रेरणादायक था और उन्होंने दिखाया कि वह एमसीसी और क्रिकेट दोनों के सामने आने वाली चुनौतियों और अवसरों को किस हद तक समझते हैं। वह भूमिका के लिए अनुभव का खजाना लाएंगे और मुझे उम्मीद है कि वह अपने साल का पूरा आनंद लेंगे।

# बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेले : धोनी

**एजेंसी**

पुणे। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ मिली 13 रनों की हार से निराश चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने कहा कि उनके बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेले और अपने विकेट गंवाए। हर्षल पटेल (3/35) और ग्लेन मैक्सवेल (2/22) के शानदार गेंदबाजी की बदौलत बुधवार को पुणे के एमसीए स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने चेन्नई सुपर किंग्स को 13 रन से हराया। मैच के बाद धोनी ने कहा, हमने उन्हें 170 रनों तक सीमित करने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। मुझे लगा कि बाद के हाफ में यह बेहतर हो सकता है और हमें अच्छी शुरुआत करनी थी, सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन जो चीज हमें निराश करती है वह थी बल्लेबाज़ी। जब



आप लक्ष्य का पीछा कर रहे हैं तो आपको पता होना चाहिए है कि क्या आवश्यक है और क्या नहीं। आपको स्थिति के अनुसार बल्लेबाजी करने की जरूरत होती है, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। शॉट चयन अंत में बेहतर हो सकता था। हमने अच्छी शुरुआत की और विकेट भी हाथ में था, सतह बेहतर होती रही लेकिन हमने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए।

इस मुकाबले में आरसीबी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट पर 173 रन बनाए। आरसीबी की तरफ से कप्तान फॉफ डु प्लेसिस ने 38, महिपाल लोमरोर ने 42, विराट कोहली ने 30,रजत पाटिदार ने 21 और दिनेश कार्तिक ने नाबाद 26 रन बनाए। आरसीबी की तरफ से महेश तीक्ष्णा ने तीन, मोईन अली ने दो व ड्वेन प्रिटोरियस ने 1 विकेट लिया। जवाब में चेन्नई की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 160 रन ही बना सकी। चेन्नई की तरफ से डेवोन कॉन्वे ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 56 रन बनाए, वहीं, मोईन अली ने 34 व रूतुराज गायकवाड ने 28 रन बनाए। आरसीबी की तरफ से हर्षल पटेल ने तीन, ग्लेन मैक्सवेल ने 2 और शाहबाज अहमद, जोश हेजलवुड और वानिन्दु हसरंगा ने 1-1 विकेट लिया।

# कप्तान के रूप में अच्छा कर रहे हैं पंत : सुरेश रैना

**एजेंसी**

मुंबई। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने दावा किया कि ऋषभ पंत ने दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और जिस तरह से उन्होंने टाटा आईपीएल 2022 में स्पिनर कुलदीप यादव का इस्तेमाल किया है, वह काफी शानदार है। कुलदीप ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए चार प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार हासिल किया है, लेकिन एक बल्लेबाज के रूप में पंत का प्रदर्शन टीम के लिए चिंता का विषय रहा है। बाएं हाथ के बल्लेबाज को अभी तक अपनी फॉर्म नहीं मिली है, लेकिन रैना - जो आईपीएल के महान खिलाड़ियों में से एक हैं - का मानना है कि इस साल के आईपीएल में उभरते हुए कप्तानों में से एक की बड़ी पारी दूर नहीं है। स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव में रैना ने कहा, मेरी नजर में पंत ने एक कप्तान के रूप में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कुलदीप यादव का बखूबी इस्तेमाल किया



है और अब वह दिल्ली के लिए मैच जीत रहे हैं। लेकिन बतौर बल्लेबाज पंत को अभी भी फायर करना है। वह एक बड़े खिलाड़ी हैं, और उनके पीछे कोच रिकी पोंटिंग हैं, वह जल्द ही क्लिक करने वाले हैं और जल्द ही एक बड़ी पारी आने वाली है। साथ ही, मेरा मानना है कि दिल्ली कैपिटल्स एक कॉम्पैक्ट इकाई की तरह नहीं खेल रही है। टीम के अन्य खिलाड़ियों को भी जिम्मेदारी उठाकर अपना योगदान देना होगा। पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ, जिन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के साथ सहायक कोच के रूप में काम किया है, का मानना है कि पंत को यह तय करना होगा कि वह आने वाले खेलों में बल्ले के साथ क्या करना चाहते हैं। कैफ ने कहा, ऋषभ पंत को यह तय करना होगा कि वह पूरे 20 ओवर खेलना चाहते हैं या वह पिंच हिटर की भूमिका निभाना चाहते हैं। कप्तान पंत को फैसला करना होगा कि टीम के हित में क्या है। पंत में अकेले मैच जीताने की क्षमता है लेकिन एक बल्लेबाज के रूप में उनका प्रदर्शन इस साल अच्छा नहीं रहा है। इसलिए, मुझे लगता है कि एक कप्तान के रूप में और एक बल्लेबाज के रूप में भी सफल होने का दबाव है।

कैफ ने आगे कहा कि दिल्ली कैपिटल्स ने इस संस्करण में अब तक अपनी क्षमता के साथ न्याय नहीं किया है और पंत को सामने से टीम का नेतृत्व करना होगा।

कैफ ने कहा, ़दिल्ली ने इस सीजन में अब तक अपनी क्षमता के साथ न्याय नहीं किया है। इस टीम ने टुकड़ों में अच्छा खेला है। अगर यह टीम आईपीएल जीतना चाहती है, तो सभी खिलाड़ियों को अपना गेम दिखाना होगा और जिम्मेदारी कप्तान (पंत) के पास है। उन्हें उदाहरण पेश करके नेतृत्व करना होगा।

बता दें कि पंत ने आईपीएल 2022 में अब तक 9 मैच खेले हैं और एक बार नाबाद रहते हुए 33.43 की औसत और 149.04 की स्ट्राइक रेट से 234 रन बनाए हैं। जिसमें 44 रन उनका सर्वोच्च स्कोर है।

# बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ छोर बदलने से फायदा मिला : हर्षल पटेल

**एजेंसी**

पुणे। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ तीन विकेट लेकर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलौर (आरसीबी) की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने कहा कि बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ छोर बदलने से उन्हें फायदा मिला। हर्षल ने चेन्नई के खिलाफ अपने 4 ओवर में 35 रन देकर 3 विकेट लिए। हर्षल ने मोईन अली, रवींद्र जडेजा और ड्वेन प्रिटोरियस को आउट किया।

मैच के बाद हर्षल ने कहा, ़मैंने पहले ओवर में धीमी गेंदों को विकेट में डालने की कोशिश की लेकिन वह बल्ले पर आसानी से आ रही थीं। इसके बाद मैंने अपना छोर बदला ताकि बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए लंबी बाउंड्री रहे और उसका मुझे फायदा भी मिला। कहां, किस बल्लेबाज को किस फील्ड प्लेसमेंट पर कौन सी गेंद करनी है यह सब आपके



दिमाग में चलता रहता है।ङ्क

अपने गेंदबाजी प्रदर्शन और यॉर्कर के बारे में बात करते हुए, पटेल ने कहा, एक गेंदबाज को परिस्थितियों और फिर बल्लेबाज क्या करने की कोशिश कर रहा है, इसका पता होना चाहिए। जब तक आपके पास स्पष्टता होती है जब आप शीर्ष पर होती है। जब लोग धीमी गेंदों की प्रतीक्षा कर रहे होते हैं, तो मेरी हार्ड लेंथ की गेंदें और मेरी यॉर्कर रिलीज हो जाती हैं। अब तक इस सीजन में मैं यॉर्कर गेंद नहीं डाल पाया हूं, उम्मीद है कि आगे के मैचों में मैं ऐसा कर सकूंगा।

इस मुकाबले में आरसीबी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट पर 173 रन बनाए। आरसीबी की तरफ से कप्तान फॉफ डु प्लेसिस ने 38, महिपाल लोमरोर ने 42, विराट कोहली ने 30,रजत पाटिदार ने 21 और दिनेश कार्तिक ने नाबाद 26 रन बनाए। आरसीबी की तरफ से महेश तीक्ष्णा ने तीन, मोईन अली ने दो व ड्वेन प्रिटोरियस ने 1 विकेट लिया।

जवाब में चेन्नई की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 160 रन ही बना सकी। चेन्नई की तरफ से डेवोन कॉन्वे ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 56 रन बनाए, वहीं, मोईन अली ने 34 व रूतुराज गायकवाड ने 28 रन बनाए। आरसीबी की तरफ से हर्षल पटेल ने तीन, ग्लेन मैक्सवेल ने 2 और शाहबाज अहमद, जोश हेजलवुड और वानिन्दु हसरंगा ने 1-1 विकेट लिया।

# आईसीआईसीआई बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा का होम लोन हुआ महंगा

**एजेंसी**

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के रेपो रेट में बढ़ोतरी के बाद बैंकों ने भी अपनी ब्याज दरों में इजाफा किया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा और निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक ने रेपो रेट से जुड़ी ब्याज दर (एक्सटर्नल बेंचमार्क लेंडिंग रेट) में 0.40 फीसदी की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के बाद इन दोनों बैंकों से होम, ऑटो और पर्सनल लोन सहित सभी तरह का कर्ज लेना अब महंगा हो गया है। निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक की बढ़ी हुई ब्याज दर 4 मई से लागू हो गई। वहीं, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा की बढ़ी हुई ब्याज दर 5 मई (गुरुवार) से लागू हो गई है।

आईसीआईसीआई बैंक के मुताबिक, आरबीआई की नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट



के मुताबिक बैंक के एक्सटर्नल बेंचमार्क लेंडिंग रेट को बढ़ा दिया गया है। आईसीआईसीआई बैंक की बेवसाइट के मुताबिक इसे 0.40 फीसदी बढ़ाकर 8.10 फीसदी कर दिया गया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इसी तरह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी खुदरा लोन के लिए रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट को 0.40 फीसदी बढ़ाकर 6.90 फीसदी कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने एक अक्टूबर, 2019 से फ्लोटिंग रेट वाले सभी पर्सनल और रिटेल लोन को एक एक्सटर्नल बेंचमार्क से जोड़ना अनिवार्य कर दिया था। एक्सटर्नल बेंचमार्क लेंडिंग रेट किसी लोन पर ब्याज की न्यूनतम दर होती है। एक्सटर्नल बेंचमार्क में आरबीआई रेपो रेट भी शामिल है। दरअसल यह किसी लोन पर ब्याज की न्यूनतम दर होती है। हालांकि, बैंक कोई भी एक्सटर्नल बेंचमार्क तय करने के लिए स्वतंत्र है।

# देश में 30 अप्रैल तक 342.37 लाख टन चीनी का हुआ उत्पादन : इस्मा

**एजेंसी**

नई दिल्ली । देश में चीनी विपणन वर्ष 2021-22 में चीनी मिलों ने 30 अप्रैल तक 342.37 लाख टन चीनी का उत्पादन किया है। पिछले साल की समान अवधि में 300.29 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। इस तरह 30 अप्रैल तक 42 लाख टन ज्यादा चीनी का उत्पादन हुआ है।

भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि देश की चीनी मिलों ने 30 अप्रैल, 2022 तक 342.37 लाख टन चीनी का उत्पादन किया है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में 300.29 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। इस्मा के मुताबिक देश में चीनी का उत्पादन चालू चीनी विपणन वर्ष 2021-22 की



अक्टूबर-अप्रैल अवधि के दौरान एक साल पहले इसी अवधि के मुकाबले 14 फीसदी बढ़कर 342.37 लाख टन पहुंच गया है, जो 42 लाख टन ज्यादा है। वहीं, इस साल 30 अप्रैल, 2022 को 217 चीनी मिलें गन्ने की पेराई कर रही थी, जबकि 30 अप्रैल 2021 को इसी अवधि में 106 चीनी मिलें गन्ने की पेराई कर रही थी।

इस्मा के मुताबिक भारत ने सितंबर में समाप्त होने वाले चालू चीनी विपणन वर्ष 2021-22 में अबतक 70 लाख टन चीनी का निर्यात किया है। उद्योग संगठन ने जानकारी देते हुए कहा कि चीनी विपणन वर्ष के दौरान चीनी का निर्यात 90 लाख टन के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकता है। दरअसल देश ने चीनी विपणन वर्ष 2020-21 में रिकॉर्ड 72.3 लाख टन चीनी का निर्यात किया था। इसमें अधिकांश निर्यात सरकारी अनुदान की मदद से किया गया। बता दें कि ब्राजील के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश है। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है।

उद्योग निकाय इस्मा के मुताबिक देश के प्रमुख चीनी उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 30 अप्रैल तक बढ़कर 1.32 करोड़ टन पर पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 1.05 करोड़ टन चीनी का उत्पादन हुआ था। वहीं, दूसरे सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में चीनी का उत्पादन घटकर 98.9 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1.05 करोड़ टन हुआ था। हालांकि, तीसरे सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य कर्नाटक में चीनी का उत्पादन बढ़कर 59 लाख टन रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि में 42.4 लाख टन रहा था।

# ललितपुर : पुलिस के जुल्म की एक और शिकायत महिला को पीटने पर तीन पुलिसकर्मी निलंबित

एजेंसी




ललितपुर। उत्तर प्रदेश के ललितपुर में सामूहिक बलात्कार की पीड़ित बच्ची के साथ थानाध्यक्ष द्वारा दुष्कर्म किये जाने का मामला अभी शांत भी नहीं हो पाया था, कि गुरुवार को कथित चोरी के आरोप में एक महिला को कोतवाली में जमकर पीटने की घटना सामने आने पर कोतवाली प्रभारी, महिला उपनिरीक्षक और एक कांस्टेबिल को निलंबित कर दिया गया। पुलिस के अनुसार ललितपुर के महरौनी थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मी के घर पर काम करने वाली महिला को कथित चोरी के इल्जाम में घर और कोतवाली में पीटे जाने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक निखिल पाठक ने महरौनी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद, महिला उपनिरीक्षक पारूल चन्देल व आरक्षी अंशू पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही पीड़िता के साथ मारपीट करने वाले पुलिसकर्मी चन्देल व पटेल और पटेल की पत्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

इस मामले में शिकायतकर्ता पूजा पत्नी लक्ष्मी प्रसाद, निवासी मुहल्ला खरबांचपुरा थाना महरौनी द्वारा लिखित शिकायत दी गयी थी। इसमें उन्होंने बताया कि वह कोतवाली महरौनी में तैनात आरक्षी अंशू पटेल के घर पर खाना बनाने का काम करती है। बीती 02 मई को जब वह खाना बनाने पहुंची तो उपरोक्त आरक्षी अंशू पटेल, उसकी पत्नी व महिला उप निरीक्षक पारुल चन्देल ने कमरा बंद करके उसे जमकर पीटा तथा आरक्षी के घर में हुयी चोरी के संबंध में आरोप कुबूल करने का दबाव बनाया। पुलिसकर्मियों का कहना था कि किसी तांत्रिक ने बताया है कि घर में काम करने वाले ने ही चोरी की है। इसके बाद पीड़िता और उसके पति को कोतवाली में ले जाकर दोनों के साथ इन लोगों ने मारपीट की। मारपीट से उसे काफी चोट आने की दुहाई देते हुए पीड़िता ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सहित उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली महरौनी में सुसंगत धाराओं के तहत महिला उप निरीक्षक पारूल चन्देल, सिपाही अंशू पटेल व सिपाही अंशू पटेल की पत्नी के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया गया है।

## ललितपुर दुष्कर्म मामले के सभी आरोपी गिरफ्तार, थानाध्यक्ष पुलिस रिमांड पर

ललितपुर। उत्तर प्रदेश में ललितपुर के पाली थाना क्षेत्र में एक तेरह वर्षीय बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद पुलिस थाने में भी थानाध्यक्ष द्वारा बलात्कार करने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, साथ ही बुधवार को गिरफ्तार किये गये पाली थाने के थानाध्यक्ष तिलकधारी सरोज को अदालत में पेश करने पर उसे 14 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

इस मामले में थाना पाली में एक महिला की तहरीर पर मंगलवार को मामला पंजीकृत कर छह लोगों को आरोपी बनाया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए बुधवार को अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, भानु भास्कर व पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र, जोगेन्द्र कुमार ने पुलिस टीमें गठित कर सभी नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया था। पुलिस ने बताया कि इस क्रम में तत्कालीन थाना प्रभारी पाली तिलकधारी सरोज के अलावा पाली निवासी पांच अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनमें चन्दन अहिरवार पुत्र पूरन अहिरवार, राजभान पुत्र दमाली अहिरवार, हरीशंकर पुत्र दयालू अहिरवार, महेन्द्र चौरसिया पुत्र जगन्नाथ चौरसिया, गुलाबबाई अहिरवार पत्नी दयालू अहिरवार को गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आज स्थानीय अदालत में पेश किया। अदालत ने सरोज को 14 दिन की पुलिस रिमाण्ड पर भेजने की अभियोजन पक्ष की दलील को स्वीकार कर पांच अन्य आरोपियों को जेल भेजने का आदेश दिया है।

## राशिफल




मेष : आज बढ़िया दिन है जब आप सबके ध्यान को अपनी तरफ खींचेंगे।

वृष : आज आप अपने मनमौजी बर्ताव पर क़ाबू रखें, क्योंकि यह आपकी दोस्ती को बर्बाद कर सकता है। अपनी पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाकर आप करियर में नए दरवाज़े खोल सकते हैं।

मिथुन : आज सैर-सपाटे पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है, जो आपकी ऊर्जा और उत्साह को तरोताज़ा कर देगा।

कर्क : आज अगर आप अपने आकर्षण और होशियारी का इस्तेमाल करें, तो लोगों से मनचाहा व्यवहार लाभ पा सकते हैं।

सिंह : आज व्यवसायियों के लिए अच्छा दिन है, क्योंकि उन्हें अचानक बड़ा फ़ायदा हो सकता है।

कन्या : आज प्यार का बुख़ार आपके सर पर चढ़ने के लिए तैयार है। इसका अनुभव कीजिए। आप जीतोड़ मेहनत और धीरज के बल पर अपने उद्देश्य हासिल कर सकते हैं।

तुला : आज पिता का तल्ख़ बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है। लेकिन हालात को नियंत्रण में रखने के लिए शांत रहें। इससे आपको ही फ़ायदा होगा।

वृश्चिक : आज आप दफ्तर में माहौल में बेहतरी और कामकाज के स्तर में सुधार को महसूस कर सकते हैं।

धनु : आज के दिन किसी के साथ मजाक करने से बचें। रचनात्मक कामों से जुड़े लोगों के लिए बेहतरीन दिन है ।

मकर : आज आपका सामना कई नई आर्थिक योजनाओं से होगा- कोई भी फ़ैसला करने से पहले अच्छाइयों और कमियों पर सावधानी से ग़ौर फ़रमाएँ।

कुम्भ : आज आप शरारती मनोदशा में होंगे। अचानक आए ख़र्चे आर्थिक बोझ बढ़ा सकते हैं। आपके नज़दीकी लोग निजी जीवन में परेशानियाँ खड़ी कर सकते हैं।

मीन : आज बच्चों के साथ वाद-विवाद झुंझलाहट पैदा करेगा। एक प्यारी-सी मुस्कुराहट से अपने प्रेमी का दिन रोशन करें।

# देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से केरल में सबसे अधिक 52 लोगों की मौत

एजेंसी



नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी से केरल में सबसे अधिक 52 लोगों की मौत हुई। इसके अलावा दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में एक-एक मरीज की मौत हुई हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरूवार को बताया कि देश में एक अरब 89 करोड़ 63 लाख 30 हजार 362 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 3,275 नये मरीज सामने आये हैं, जबकि बुधवार को 3,205 नये मामले सामने आये थे। मंत्रालय के अनुसार इस दौरान 3,010 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 25 लाख 47 हजार 709 मरीज कोविड से उबर चुके हैं। इस बीमारी से 55 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा 5,23,975 हो गया है। बुधवार को कोरोना से मरने वालों की संख्या 31 थी। इस समय देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की दर 0.05 प्रतिशत, रिकवरी रेट 98.74 फीसदी तथा मृत्यु दर 1.22 प्रतिशत है। राजधानी में सक्रिय मामले 133 और घटकर 5,853 पहुंच गए। वहीं 1,486 और लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों का आंकड़ा 18,56,374 पर पहुंच गया जबकि एक और मरीज की मौत के बाद मृतकों की संख्या 26,177 हो गयी है। हरियाणा में भी सक्रिय मामले 140 और बढ़कर 2,734 हो गये हैं। इस दौरान 430 लोगों के स्वस्थ होने से महामारी से उबरने वाले मरीजों की कुल संख्या 9,81,148 हो गयी जबकि मृतकों का आंकड़ा 10,620 पहुंच गया है। केरल में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले 155 बढ़कर 2,899 हो गए हैं। इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 179 बढ़कर 64,70,597 हो गयी जबकि मृतकों की संख्या में 52 की बढ़ोतरी होने से यह आंकड़ा 69,164 पर पहुंच गया है।

## बीएसएफ जवानों की पीड़ा को कम करने में लगे हैं मोदी : शाह

हिंगलगंज। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को देश के सीमावर्ती जिलों में अतिक्रमण और घुसपैठ को रोकने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के समर्पण की सराहना की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीएसएफ के जवानों की पीड़ा को कम करने के काम में लगे हैं। श्री शाह ने बंगलादेश से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप उत्तर 24 परगना जिले के हिंगलगंज में आज को छह अस्थायी बीपीओ (सीमा चौकी) का अनावरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीमा पर अपराधों , विशेष रूप से घुसपैठ को नियंत्रित करने में बीएसएफ की मदद करने के लिए स्थानीय सरकार की आवश्यकता पर भी बल दिया। श्री शाह ने अपने ट्वीट में भी कहा, सुंदरबन के बेहद चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की सुरक्षा के लिए तत्पर बीएसएफ को हरसंभव मदद प्रदान कर रहे हैं। बीएसएफ के एक अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की बंगलादेश, नेपाल और भूटान के साथ बड़ी छिद्रपूर्ण सीमाएं हैं।

# आईआईएमसी और एमएएनयूयू के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के महानिदेशक प्रो संजय द्विवेदी और हैदराबाद के मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय (एमएएनयूयू) के कुलपति प्रो सैयद ऐनुल हसन ने गुरुवार को ज्ञान, संसाधन और अनुसंधान गतिविधियों को साझा करने के लिए एक समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। दोनों संस्थानों के बीच यह समझौता तीन वर्ष के लिए हुआ है।

प्रो द्विवेदी ने इस मौके पर कहा कि यह समझौता दक्षिण और उत्तर का मिलन के समान है। हम एक-दूसरे की विशेषताओं को साझा करेंगे और संकल्पों को साथ मिलकर पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि आज भारतीय भाषाओं का स्वर्णिम काल है। उर्दू भाषा के अखबार देश में भर में पढ़े जाते हैं, लेकिन प्रिंट से डिजिटल की ओर हो रहे बदलाव ने उर्दू जैसी भाषाओं को अपनी पहुंच को और ज्यादा व्यापक बनाने का सुनहरा अवसर दिया है। प्रो. द्विवेदी ने बताया कि एमओयू का उद्देश्य आईआईएमसी और एमएएनयूयू के बीच संकाय, गैर-शिक्षण कर्मचारियों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों का आदान-प्रदान करना, शोध परियोजनाओं का संयुक्त कार्यान्वयन, दस्तावेज़ों, वैज्ञानिक जानकारी और प्रकाशनों का आदान-प्रदान करना, सम्मेलनों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और बैठकों के माध्यम से संवाद करना, अध्ययन के संयुक्त कार्यक्रम तैयार करना और उर्दू पत्रकारिता के विद्यार्थियों को स्नात्तकोत्तर की पढ़ाई में सहायता प्रदान करना है। एमएएनयूयू के कुलपति प्रो सैयद ऐनुल हसन ने कहा कि आज सरकार भी शिक्षा में 'क्लस्टर सिस्टम' की बात कर रही है। दो शैक्षणिक संस्थान मिलकर शैक्षणिक कार्यक्रम चला सकते हैं तथा विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान कर सकते हैं। ऐसे में आईआईएमसी और एमएएनयूयू को मिलकर इस दिशा में प्रयास करने की जरूरत है। इस दौरान आईआईएमसी के डीन अकादमिक प्रो.गोविंद सिंह, उर्दू पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार, एमएएनयूयू की ओर से रजिस्ट्रार प्रो. इश्तियाक अहमद, स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के डीन प्रो. एहतेशाम अहमद खान और दिल्ली क्षेत्रीय केंद्र की प्रमुख रुचिका केम उपस्थित थे।

## सत्यार्थी ने ललितपुर दुष्कर्म मामले में योगी से थाने पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की

नयी दिल्ली। बाल अधिकार संरक्षण के पुरोधा एवं नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से ललितपुर के थाने में किशोरी के साथ कथित दुष्कर्म किए जाने के मामले में पूरे थाने के सभी पुलिस कर्मियों को निलंबित करके उनपर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। श्री सत्यार्थी ने गुरुवार को ट्विटर पर एक बयान में कहा, ञ्च बलात्कार की रपट लिखाने गई 13 साल की बच्ची के साथ दरोगा द्वारा बलात्कार भारत के लोकतंत्र पर लगा कलंक है। ललितपुर के थाने में मौजूद हरेक पुलिसकर्मी को निलंबित करके पूरे थाने पर कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री जी, कृपया इस कलंक को पोंछने के लिए सख्त कदम उठाइये। गौरतलब है कि आरोपी थाना प्रभारी को ललितपुर के पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को ही निलंबित करके उसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया था। इसके अलावा बुधवार को पुलिस थाने के अन्य कर्मचारियों को भी लाइन हाजिर करके पुलिस उपमहानिरीक्षक स्तर के अधिकारी को मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। बालश्रम उन्मूलन के लिए संघर्ष शील श्री सत्यार्थी बालकों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिए जाने की दुनिया भर की सरकारों को सचेत करते रहे हैं। उन्हें इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए 2014 में पाकिस्तान की महिला कार्यकर्ता मलाला यूसुफजई के साथ संयुक्त रूप से नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# कश्मीर फाइल्स 'इस्लामोफोबिक' नहीं 'टेररफोबिक' फिल्म है : विवेक अग्निहोत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। कश्मीर फाइल्स फिल्म के माध्यम से दुनिया के सामने पहली बार जम्मू कश्मीर से कश्मीरी पंडितों के सामूहिक संहार एवं भीषण अत्याचारों को सामने लाने वाले फिल्मकार विवेक अग्निहोत्री ने आज आरोप लगाया कि विदेशी मीडिया संस्थान भारत में संप्रभुता के साथ खिलवाड़ करने एवं देश में बहुसंख्यक समुदाय के खिलाफ सांप्रदायिक घृणा फैलाने की साजिश रच रहे हैं। श्री अग्निहोत्री, उनकी पत्नी एवं अभिनेत्री पल्लवी जोशी ने ग्लोबल कश्मीरी पंडित डायस्पोरा (जीकेपीडी) के अंतरराष्ट्रीय समन्वयक उत्पल कौल के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में यह आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कश्मीरी पंडितों की पीड़ा और उनकी कहानी के दुनिया भर में प्रभाव के बारे में विश्व भर में चर्चा हो रही है और उन्हें कई विदेशी संवाददाताओं ने फोन करके बातचीत करने की इच्छा जाहिर की थी जिसके बाद उन्हें फॉरेन कॉरेस्पोंडेंट क्लब में एक संवाद कार्यक्रम तय किया था लेकिन अंतिम क्षणों में क्लब के अध्यक्ष ने उन्हें सूचित किया कि न्यूयॉर्क टाइम्स, अल जज़ीरा और ब्लूमबर्ग का भारी दबाव है जिससे उन्हें प्रेस कॉन्फ्रेंस रद्द करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि इसी तरह से तीन मई को भारतीय प्रेस क्लब में उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए बुकिंग की तो उन्हें विश्व प्रेस आजादी दिवस के दिन ही प्रेस कॉन्फ्रेंस रद्द करने की सूचना दी गयी। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं ने देश के सामने विदेशी ताकतों के षड्यंत्र को उजागर कर दिया है। उन्होंने इसकी पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि कश्मीर फाइल्स फिल्म के निर्माण के बाद नवंबर 2021 से उन्होंने अमेरिका के 16 शहरों में इसका प्रदर्शन किया जिसे हर प्रकार के वर्ग का भरपूर समर्थन मिला लेकिन पांच छह मीडिया संस्थानों ने इस फिल्म को काल्पनिक साबित करने के लिए पूरा जोर लगा दिया। अलग अलग लेखों के जरिये यह बताया गया कि यह इस्लामोफोबिक फिल्म है। लेकिन अमेरिका में जनसमर्थन मिलने के बाद उन मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों ने उनसे संपर्क किया और केवल मुस्लिम और मोदी के बारे में ही सवाल पूछे और अपने भारत एवं हिन्दू विरोधी एजेंडे के अनुरूप मनगढ़ंत रिपोर्ट लिखीं। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि उनकी फिल्म 'इस्लामोफोबिक' नहीं 'टेररफोबिक' है। पूरी फिल्म में कहीं भी पाकिस्तान का नाम नहीं है और ना ही कहीं मुस्लिमों या इस्लाम की आलोचना की गयी है। उनकी फिल्म आतंकवाद और जिहादी तत्वों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के जनसमुदाय ने इसे लेकर सकारात्मक रुख अपनाया है। फिल्मकार ने विदेशी मीडिया संस्थानों से सवाल किया कि क्या उन्होंने स्टीवन स्पीलबर्ग से कभी ऐसे सवाल किये हैं जिन्होंने यहूदियों पर जर्मनी के अत्याचारों पर फिल्म शिन्डलर्स लिस्ट बनायी है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय साजिशों के बारे में एक सवाल पर कहा कि ट्वीटर को खरीदने की एलन मस्क की इच्छा का सबसे मुखर विरोध सऊदी अरब के प्रिंस ने किया था। क्योंकि ये सब पैसे का खेल है। इसी प्रकार से न्यूयॉर्क टाइम्स को भी लाखों डॉलर का फंड अरब देशों से आता है। इससे समझा जा सकता है कि भारत में इन पश्चिमी मीडिया संस्थानों के माध्यम से खेल करने वाले असली चेहरे कौन से हैं। अभिनेत्री पल्लवी जोशी ने बताया कि अगले महीने वे लोग यूरोप की यात्रा पर जा रहे हैं और वहां ब्रिटिश संसद, विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों, हेग और विएना में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में फिल्म का प्रस्तुतीकरण करेंगे और संवाद करेंगे। उन्होंने इस बात पर अफसोस जाहिर किया कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने कश्मीरी पंडितों पर अत्याचार को मान्यता एवं उन्हें शरणार्थी का दर्जा नहीं दिया है। उनकी कोशिश होगी कि यह गलती सुधारी जाये।

# पेज एक का शेष

### उत्तराखंड और उत्तर...

पतंजलि योगपीठ द्वारा नवविकसित योग, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा की इंटीग्रेटेड थेरेपी के अत्याधुनिक केंद्र ''वेदालाइफ-निरामयम्'' भ्रमण के अनुभवों को भी साझा किया। योगी ने बताया कि वहां उन्होंने आड़ू और खुमैनी जैसे फलों का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि एक सूखी पहाड़ी पर, जहां मोटे पत्थर हुआ करते थे, वहां 40 हजार से अधिक वृक्षों का एक मनोरम जंगल बसा दिया गया है। यह पूरा क्षेत्र किसी ऋषि की साधना स्थली लगती है। कल देश के मैदानी क्षेत्रों में जब 45 डिग्री सेल्सियस तापमान था, तब हम लोग वहां 15 डिग्री सेल्सियस का आनंद ले रहे थे। योगी ने कहा कि यह केंद्र हेल्थ टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ ही व्यापक पैमाने पर रोजगार सृजन का कारक भी बनेगा।

### सुप्रीम कोर्ट 'राजद्रोह'...

देते हुए वर्तमान राजद्रोह कानून को स्वतंत्र भारत के विचारों के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि आईपीसी की धारा 124-ए से संबंधित यह कानून असंवैधानिक है। हालांकि, कपिल सिब्बल ने कहा कि इसे सात न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष भेजा जा सकता है। श्री सिब्बल ने दलील पेश करते हुए कहा कि सरकार की आलोचना को असंतोष पैदा करने के रूप में नहीं माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि केदार नाथ सिंह के फैसले के बाद से दशकों में काफी बदलाव हुए हैं। दूसरी ओर, केंद्र सरकार के शीर्ष कानून अधिकारी अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने कहा, मेरी राय में राजद्रोह कानून बरकरार रहना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए कहा कि शीर्ष अदालत को इस कानून के संबंध में एक दिशानिर्देश पारित करना चाहिए। श्री वेणुगोपाल ने इस मामले को बड़ी पीठ के समक्ष भेजने का विरोध किया। अपनी दलीलों में उन्होंने कहा कि केदार नाथ सिंह मामले के फैसले के मद्देनजर राजद्रोह कानून वैध है। अदालत इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए दिशानिर्देश निर्धारित कर सकती है। केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के मद्देनजर कहा कि याचिकाकर्ताओं की गलियों का सरकार की प्रतिक्रिया पर कोई असर नहीं पड़ेगा क्योंकि सरकार का विचार बहुत अधिक समग्र दृष्टिकोण वाला होगा। उन्होंने मामले को स्थगित करने की मांग करते हुए पीठ के समक्ष कहा कि राजद्रोह कानून पर जवाब वकीलों द्वारा तैयार किया गया है और सक्षम अथॉरिटी द्वारा इसे अनुमोदित करने की जरूरत है। शीर्ष अदालत ने सुनवाई की तारीख मुकर्रर करते हुए अगली सुनवाई से पहले शनिवार-सोमवार के बीच संबंधित पक्षों को अपनी दलीलें एवं जवाब हलफनामे के जरिए दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने श्री मेहता को करीब एक साल से लंबित याचिकाओं पर सोमवार तक लिखित जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका भी दिया। मुख्य न्यायाधीश ने अगली सुनवाई की तारीख मुकर्रर करते हुए एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि इस मामले को स्थगित नहीं किया जाएगा। इससे पहले सरकार ने पीठ के समक्ष आवेदन कर दो दिनों और फिर रविवार को एक दिन का अतिरिक्त समय देने की गुहार लगाई थी। मुख्य न्यायाधीश रमना और न्यायमूर्ति सूर्य कांत एवं न्यायमूर्ति हिमा कोहली की विशेष पीठ ने 27 अप्रैल को सुनवाई करते हुए सरकार को 30 अप्रैल तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा था। पीठ ने साथ ही इस मामले के निपटारे के लिए सुनवाई की तारीख 5 मई मुकर्रर करते हुए स्पष्ट तौर पर कहा था कि एक साल से लंबित इस मामले में स्थगन आदेश की कोई अर्जी स्वीकार नहीं की जाएगी। इस बीच सरकार ने रविवार को एक नया आवेदन पत्र दायर कर कहा था कि जवाब तैयार है, लेकिन संबंधित अथॉरिटी से स्वीकृति मिलनी अभी बाकी है। लिहाजा, इस मामले में कुछ अतिरिक्त समय चाहिए। इससे पहले 27 अप्रैल को सरकार ने कहा था कि जवाब तैयार है उसे अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में आखिरी सुनवाई जुलाई 2021 को होने का जिक्र करते हुए शीघ्र निपटाने के उद्देश्य से सरकार से 30 अप्रैल तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा था। राजद्रोह के तहत अधिकतम सजा के रूप में आजीवन कारावास वाले इस कानून पर मुख्य न्यायाधीश रमना ने पिछली सुनवाई पर सॉलिसिटर जनरल श्री मेहता की दलीलें सुनने के बाद उन्हें केंद्र की ओर से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय विशेष पीठ के समक्ष श्री मेहता ने 27 अप्रैल को अपनी ओर से कहा था कि याचिकाओं पर जवाब लगभग तैयार है। उसे (जवाब को) अंतिम रूप देने के लिए दो दिनों का समय चाहिए। इस पर पीठ ने कहा था कि सप्ताह के अंत तक जवाब दाखिल कर दें। मैसूर स्थित मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) एस जी वोम्बटकेरे, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया एवं अन्य की ओर से राजद्रोह कानून के खिलाफ याचिकाएं दाखिल की गई थीं। शीर्ष अदालत ने याचिकाओं की सुनवाई करते हुए (15 जुलाई 2021 को) राजद्रोह कानून के प्रावधान के दुरुपयोग पर गंभीर चिंता व्यक्त व्यक्त करने के साथ ही सवाल करते हुए कहा था कि स्वतंत्रता के लगभग 75 वर्षों के बाद भी इस कानून की क्या आवश्यकता है? शीर्ष अदालत ने विशेष तौर पर 'केदार नाथ सिंह' मामले (1962) में स्पष्ट किया था कि भारतीय दंड संहिता की धारा 124 ए के तहत केवल वे कार्य राजद्रोह की श्रेणी में आते है, जिनमें हिंसा या हिंसा को उकसाने के तत्व शामिल हों। शीर्ष अदालत के समक्ष दायर याचिकाओं में कहा गया है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 124 ए संविधान के अनुच्छेद 19(1) (ए) के तहत प्राप्त अभिव्यक्ति की आजादी के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है।

### जम्मू-कश्मीर में पहली...

किया है। आयोग में मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुशील चंद्रा और जम्मू-कश्मीर चुनाव आयोग के आयुक्त के के शर्मा शामिल थे। आयोग की आज ही हुई एक बैठक में इस रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया गया और इसे राजपत्र में प्रकाशित किया गया। आयोग ने पूरे जम्मू-कश्मीर को एक संघ शासित क्षेत्र के रूप में लिया है। आयोग ने क्षेत्र में पांच में से एक निर्वाचन क्षेत्र कश्मीर घाटी के अनंतनाग क्षेत्र और जम्मू के राजौरी-पुंछ क्षेत्र के हिस्सों को मिलाकर निर्धारित किया है। निर्वाचन आयोग की विज्ञप्ति में कहा गया है, इस पुनर्गठन से प्रत्येक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में विधानसभा सीटों की संख्या 18-18 होगी। आयोग ने कहा है कि स्थानीय प्रतिनिधियों की मांग पर कुछ निर्वाचन क्षेत्रों के नाम भी बदले गए हैं। आयोग ने मोटे तौर पर जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 और परिसीमन अधिनियम 2022 के तहत निर्धारित मानदंडों पर परिसीमन की कार्रवाई संपन्न की। आयोग ने इसके साथ-साथ जम्मू-कश्मीर में विधानसभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएं तय करने के लिए कुछ ऐसे दिशा-निर्देश और तौर-तरीके तय किये, ताकि कामकाज सहज और परिणाम प्रभावी रहें। आयोग ने निर्वाचन सीमाओं का परिसीमन इस तरह किया है कि ताकि कोई पटवार सर्किल (जम्मू महानगर निगम के वार्ड) का दो निर्वाचन क्षेत्रों में न बटें।

### सरकार सीमा पर...

सुविधा देने के लिए संकल्पबद्ध है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने फ्लोटिंग सीमा चौकियों पर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बोट एम्बुलेंस का भी शुभारंभ किया। किसी भी आपातकालीन स्थिति में ये बोट एम्बुलेंस बहुत सहायक सिद्ध होगी।

### महंगे और अत्याधुनिक हथियार...

भी कहीं जरूरी है हमारे अंदर का जज़्बा, क़ाबिलियत और दृढ़ इच्छाशक्ति। प्रौद्योगिकी कितनी भी उपलब्ध हो,प्लेटफार्म कितने ही उपलब्ध हों, लेकिन यह किसी लीडर की चतुरता होती है, जो किसी की जीत और हार सुनिश्चित करती है। यही क्वालिटी युद्ध में किसी पक्ष की ओर निर्णायक भूमिका निभाती हैं और इस मामले में भारतीय सेनाएँ, मैं समझता हूँ अत्यंत भाग्यशाली हैं। केवल महंगे विमान और हथियार प्रणाली एकत्र करने से जीत की गारंटी नहीं मिल सकती इनका सटीक और सही तरीके से इस्तेमाल भी बेहद अधिक जरूरी है। उन्होंने कहा , ञ्च मैं दोहराना चाहूँगा,कि अधिक महंगे प्लेटफार्म और हथियार प्रणाली आपको विजय दिला सकें, यह हमेशा आवश्यक नहीं है। दरअसल हम इनका इस्तेमाल किस तरह से होता है उससे भी युद्ध में बढत मिलती है। श्री सिंह ने कहा कि प्रौद्योगिकी निश्चित रूप से ताकत को कई गुणा बढाती है लेकिन नये तरीके से यदि इनका इस्तेमाल नहीं किया जाये तो ये केवल दिखावटी सामान बनकर रह जाते हैं। उन्होंने कहा , ञ्च नई-नई प्रौद्योगिकी वाले हथियारों को केवल इकट्ठा कर लेना, औरों के लिए ईर्ष्या का कारण भले हो सकता है, पर जरूरी नहीं कि वह किसी को जीत दिलाने की गारंटी बन जाए। उन्होंने कहा कि एयर चीफ मार्शल पी सी लाल तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल और एकीकरण के हिमायती थे और 1971 की लड़ाई में भारत की जीत इसका बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इसी तरह के अनुभवों के आधार पर वायु सेना ने पिछले कुछ दशकों में कई चुनौतियों तथा कठिन अभियानों में विजय हासिल की है। भविष्य के युद्धों तथा चुनौतियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सीरिया, इराक, अफगानिस्तान और अभी यूक्रेन में जारी युद्ध को बारीकी से देखने से हमें ऐसे कई विचारणीय बिंदु मिलते हैं जिससे हम भविष्य के युद्ध के स्वरूप का आकलन कर सकते हैं।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र केवल आयात के आधार पर तेजी से आगे नहीं बढ सकता है। उन्होंने कहा, ञ्च उधार ली हुई क्षमता के आधार पर एक सीमा से आगे प्रगति नहीं कर सकता है। ऐसे में आत्मनिर्भरता न केवल घरेलू क्षमता निर्माण बल्कि हमारी स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है। आत्मनिर्भरता की जो राह हमने चुनी है, उस पर चलना आसान नहीं है । हो सकता है शुरुआत में हमें यह किफ़ायती भी न हो। पर इस बात को लेकर हम पूरी तरह स्पष्ट हैं, कि दीर्घावधि में यह न केवल रक्षा क्षेत्र बल्कि उद्योग के हर पहलू में मजबूत औद्योगिक आधार की नींव बनाने में मदद करेगा।

### हर जिले में बनेंगे ड्रग वेयर हाउस...

सालों में इन ड्रग वेयर हाउस को 75 जनपदों में संचालित किया जाएगा। प्रदेश के आठ जिलों रायबरेली, सीतापुर, गोंडा, बाराबंकी, शाहजहांपुर,औरैया, फर्रुखाबाद और संभल में दो सालों के भीतर 25 ड्रग वेयर हाउस का लोकार्पण किया जाएगा। इन जिलों इनका निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी 75 जनपदों में ड्रग वेयर हाउसों का निर्माण किया जाएगा। बयान के अनुसार लखनऊ से सभी ड्रग वेयर हाउस की सतत निगरानी होगी। डीजीएमई डॉ एनसी प्रजापति ने बताया कि जनपदीय ड्रग वेयर हाउस में दवाओं की आपूर्ति की देखरेख सीधे लखनऊ से होगी।

# यूक्रेन पर हमले का 71वां दिन: परमाणु हमले का खतरा बढ़ा, रूस ने किया परमाणु अभ्यास

एजेंसी

मॉस्को। यूक्रेन पर रूस के हमले के 70 दिन पूरे हो चुके हैं। 71वां दिन आते-आते यूक्रेन पर परमाणु हमले का खतरा और बढ़ गया है। दरअसल रूस ने परमाणु अभ्यास कर इसका एलान भी किया है। रूस ने एलान किया कि उसकी सेनाओं ने कैलिनिनग्राद में परमाणु मिसाइलें दागने का अभ्यास किया है। रूस के रक्षा मंत्रालय के अनुसार उसकी सेना ने एक से ज्यादा हमलों का अभ्यास कर अपनी मिसाइल प्रणालियों का परीक्षण किया, साथ ही हवाई क्षेत्रों और मिसाइल दागने के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे का आकलन भी किया। इस कृत्रिम अभ्यास में छद्म दुश्मन के कई ठिकानों पर हमले किए गए।द्ध यूरोपीय



संघ के सदस्य देशों पोलैंड और लिथुआनिया के बीच बाल्टिक सागर स्थित रूसी सेना के ठिकाने पर हुए इस युद्धाभ्यास में इस्कंदर बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली के कृत्रिम इलेक्ट्रानिक लांच का अभ्यास हुआ। यह मिसाइल प्रणाली परमाणु हमले करने में सक्षम है। परमाणु हमला होने की स्थिति में संभावित पलटवार से बचने के उपायों का भी परीक्षण किया गया। परमाणु अभ्यास में हमले के कारण फैलने वाले विकिरण व रासायनिक असर का भी आकलन किया गया। इस अभ्यास में रूस की सेना के 100 से ज्यादा अधिकारी व सैनिक शामिल हुए। इस बीच रूस के रक्षा मंत्रालय ने साफ कहा कि यदि पश्चिमी देशों ने यूक्रेन में दखल दिया तो खतरा और बढ़ेगा। पहले भी रूस परमाणु अस्त्रों के उपयोग की चेतावनी दे चुका है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन अपनी सेना को परमाणु हमले के लिए तैयार रहने का निर्देश दे चुके हैं।

# यूरोपीय संघ में शामिल होने के लिए सर्बिया को सुधारों पर आगे बढ़ना चाहिए : जर्मन चांसलर स्कोल्ज

एजेंसी

बर्लिन। सर्बिया को यूरोपीय संघ में शामिल होने की महत्वाकांक्षा को साकार करने के लिए मीडिया की स्वतंत्रता सहित सुधारों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। यह बात जर्मनी चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने बुधवार को कही। उन्होंने यह भी कहा कि वह चाहते हैं कि सभी पश्चिमी बाल्कन देश सदस्य बनें। स्कोल्ज ने सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वूसिक के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सर्बिया के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह अपने सुधारों के प्रयासों को जारी रखे, जिसमें मीडिया की स्वतंत्रता और संगठित अपराध से लड़ना शामिल है। इससे पहले कोसोवो के प्रधानमंत्री अल्बिन कुर्ती के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में स्कोल्ज ने स्पष्ट किया कि




वह पश्चिमी बाल्कन देशों को यूरोप से संबंधित मानते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में, इसके सभी देशों को यूरोपीय संघ से जुड़ा होना चाहिए। इस प्रक्रिया में मदद करने के लिए वह जो कर सकते हैं, वह करने का वादा करते हैं। सर्बियाई राष्ट्रपति वूसिक ने यूरोपीय संघ में शामिल होने की अपने देश की महत्वाकांक्षा को दोहराया। वूसिक ने कहा कि यूरोपीय संघ में शामिल होना सर्बिया की पसंद है और सर्बिया इसके लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# यूक्रेन का दावा, अब एक अन्य देश मोल्दोवा पर हमले की तैयारी में रूस

एजेंसी

कीव। यूक्रेन और रूस के बीच जंग दस सप्ताह पुरानी हो चुकी है। दस सप्ताह बीत जाने के बाद रूस बार-बार यूक्रेन पर भारी तो पड़ रहा है, किन्तु लड़ाई जीत नहीं सका है। ऐसे में यूक्रेन ने दावा किया है कि रूस एक अन्य देश मोल्दोवा पर हमला करने की तैयारी कर रहा है। मोल्दोवा पूर्वी यूरोप में यूक्रेन और रोमानिया के बीच में बसा एक देश है। वर्ष 1991 तक मोल्दोवा भी सोवियत संघ का हिस्सा था। सोवियत संघ टूटने के बाद मोल्दोवा भी अलग देश बन गया। 1992 में मोल्दोवा से अलग हुए ट्रांसनिस्ट्रिया से मोल्दोवा के संबंध अच्छे नहीं है। ट्रांसनिस्ट्रिया रूस के प्रभाव वाला क्षेत्र माना जाता है। ट्रांसनिस्ट्रिया इलाके में पिछले दिनों दो बम धमाके हुए हैं। अब इन्हीं बम धमाकों के आधार पर यूक्रेन दावा कर रहा है कि रूस नौ मई के आसपास मोल्दोवा पर हमला करने की तैयारी में है। दरअसल दूसरे विश्व युद्ध में जर्मनी पर सोवियत संघ



की जीत की याद में रूस हर साल नौ मई को विजय दिवस मनाता है। ऐसे में मोल्दोवा पर हमला कर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ट्रांसनिस्ट्रिया की आजादी का एलान भी कर सकते हैं। माना जा रहा है कि रूस यूक्रेन से ट्रांसनिस्ट्रिया के बीच एक कॉरीडोर विकसित करना चाहता है। इसके रूस के लिए मोल्दोवा ही नहीं, यूक्रेन पर चल रहे हमले को और विस्तार देना आसान हो जाएगा। इससे रूसी सेनाएं पश्चिम की ओर से यूक्रेन के ब्लैक सी पोर्ट शहर ओडेसा की ओर आसानी से बढ़ पाएंगी।

# टेक्सास में छात्र की चाकू मारकर हत्या

टेक्सास। अमेरिका के टेक्सास में एक स्कूल में लड़ाई के दौरान 18 वर्षीय छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में एक छात्र को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार जोश लुइस रेमिरेज जूनियर नामक छात्र की मंगलवार सुबह बेल्टन हाई स्कूल में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। बेल्टन पुलिस के प्रमुख गैरी इलिस ने बताया कि इस मामले में एक छात्र को हिरासत में लिया गया है। अभी उस पर आरोप की धाराएं नहीं लगाई गई हैं।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना के बाद छात्र स्कूल से भाग गया था, जिसे हमले के 20 मिनट बाद हिरासत में लिया गया। वहीं घटना के बाद बुधवार को 2500 छात्रों वाले स्कूल की छुट्टी कर दी गई। बेल्टन हाईस्कूल में पढ़ने वाले इट्टी हेनरी ने बताया कि रेमिरेज में हमेशा सभी को हंसाने की क्षमता थी। मुझे नहीं लगता कि उसके जैसा कोई दूसरा व्यक्ति होगा जो हमेशा दूसरों के लिए आगे रहता था।

# वैश्विक खाद्य सुरक्षा सुधारने के लिए यूक्रेन और रूस के उत्पादन की जरूरत : गुटेरेस

एजेंसी

अबूजा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुधवार को कहा कि वैश्विक खाद्य सुरक्षा की समस्या को यूक्रेनी कृषि उत्पादन और रूसी खाद्य और उर्वरक उत्पादन को विश्व बाजार में बहाल किए बिना हल नहीं किया जा सकता है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने वित्तीय बाजारों में अस्थिरता को बढ़ा दिया है। खाद्यान्न व वस्तुओं की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है और दुनियाभर की आपूर्ति को प्रभावित किया है। कोरोना महामारी ने नाइजीरिया सहित कई देशों की अर्थव्यवस्था को पटरी से उतार दिया है।

नाइजीरिया की राजधानी अबुजा में संवाददाताओं से गुटेरेस ने कहा कि हमारे विश्लेषण से संकेत मिलता है कि यूक्रेन युद्ध केवल वस्तुओं का ही



नहीं, बल्कि त्रि-आयामी संकट को बढ़ा रहा है जो विकासशील देशों के लिए वैश्विक खाद्य, ऊर्जा और वित्तीय प्रणालियों को तबाह कर रहा है।

उन्होंने कहा कि यूक्रेन के कृषि उत्पादन और रूस और बेलारूस के खाद्य और उर्वरक उत्पादन को विश्व बाजार में वापस लाए बिना वैश्विक खाद्य सुरक्षा की समस्या का वास्तव में कोई सही समाधान नहीं है। नाइजीरियाई संप्रभु निवेश प्राधिकरण (एनएसआईए) के प्रमुख ने कहा कि पश्चिमी प्रतिबंधों के प्रभाव के कारण रूस से प्रमुख उर्वरक आयात करने में असमर्थ नाइजीरिया को अप्रैल में कनाडाई पोटाश की आपातकालीन आपूर्ति खरीदनी पड़ी थी। पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा था कि यूक्रेन पर रूसी आक्रमण ने उप-सहारा अफ्रीका को एक और भारी झटका दिया, जिससे भोजन और ऊर्जा की कीमतें अधिक हो गईं और सबसे कमजोर लोगों को भूख के खतरे में डाल दिया। गुटेरेस ने कहा कि हमें सभी अनावश्यक निर्यात प्रतिबंधों को हटाकर खुले बाजारों के माध्यम से भोजन और ऊर्जा में एक स्थिर प्रवाह सुनिश्चित करने की जरूरत है। जरूरतमंदों को अधिशेष और भंडार निर्देशित करने और बाजार की अस्थिरता को रोकने के लिए खाद्य कीमतों पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है।

# कैटरीना कैफ ने माँ सुजैन टरकोट को दी जन्मदिन की बधाई

एजेंसी

मुम्बई। फिल्म अभिनेत्री कैटरिना कैफ ने अपनी माँ सुजैन टरकोट के 70 वें जन्मदिन के खास मौके पर कुछ तस्वीरें अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर साझा की है सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाली फिल्म अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने अपनी माँ सुजैन टरकोट के 70वें जन्मदिन के खास मौके पर कुछ तस्वीरें अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर साझा की है। इन तस्वीरों में से एक तस्वीर में कैटरीना की माँ की अकेले की है। वहीं दूसरी तस्वीर में कैटरीना अपनी माँ के साथ नजर आ रही हैं और



सामने टेबल पर केक रखा है, जबकि तीसरी तस्वीर में कैटरीना अपने छह भाई बहनों और माँ के साथ नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को साझा करते हुए कैटरीना ने लिखा-'70वें जन्मदिन की शुभकामनाएं मां, आपका जीवन खुशी और साहस से भरा रहे!

कैटरीना के इस पोस्ट पर फैंस के साथ -साथ सेलिब्रिटी भी प्रतिक्रिया देते हुए उनकी माँ को जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं। वहीं कैटरिना द्वारा शेयर की गई ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन दिनों अपनी मैरिड लाइफ इंजॉय कर रही कैटरीना कैफ के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म टाइगर 3 , भूत पुलिस और मेरी क्रिसमस में अभिनय करती नजर आएंगी।

# आयुष्मान खुराना की फिल्म 'अनेक' का ट्रेलर रिलीज

एजेंसी

मुम्बई। अभिनेता आयुष्मान खुराना की आगामी फिल्म 'अनेक' का शानदार ट्रेलर मेकर्स ने शुक्रवार को जारी कर दिया है। अनेक एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें आयुष्मान जेशुआ के किरदार में हैं। शुक्रवार को जारी हुए इस ट्रेलर को आयुष्मान खुराना ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा करते हुए लिखा- 'भाषाएं अनेक, लेकिन देश का जज़्बा सिर्फ एक - जीतेगा कौन हिंदुस्तान! फिल्म का ट्रेलर काफी शानदार है। ट्रेलर की शुरुआत में आयुष्मान का फिल्म में परिचय दिया गया है। ट्रेलर की शुरुआत में आयुष्मान कहते नजर आते हैं कि- 'कितना अच्छा लगता है सुनकर इंडिया




इंडिया ! मैं इसी इंडिया के लिए काम करता हूँ, नॉर्थ ईस्ट इंडिया में !'

ट्रेलर में अभिनेता क्षेत्र और भाषा के आधार बंटे भारत पर भी सवाल उठाते नजर आ रहे हैं। ट्रेलर को काफी पसंद किया जा रहा है और इस फिल्म को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी यह फिल्म इसी साल 27 मई को रिलीज होगी।

# अक्षय कुमार की फिल्म 'पृथ्वीराज' का ट्रेलर लांच

एजेंसी

मुम्बई। आगामी ऐतिहासिक पीरियड ड्रामा फिल्म पृथ्वीराज काफी समय से चर्चा में है। इस फिल्म से मानुषी छिल्लर बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं अक्षय कुमार और मानुषी छिल्लर की आगामी ऐतिहासिक पीरियड ड्रामा फिल्म पृथ्वीराज काफी समय से चर्चा में है। इस फिल्म से मानुषी छिल्लर बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म में अक्षय कुमार और मानुषी के अलावा अभिनेता संजय दत्त और सोनू सूद भी अहम भूमिकाओं में हैं। लम्बे समय से चर्चा में बनी हुई इस फिल्म का ट्रेलर सोमवार यानी 9 मई को रिलीज किया जायेगा। इसकी जानकारी फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर दी है। यशराज के बैनर्स तले बनी फिल्म 'पृथ्वीराज' में





अक्षय कुमार सम्राट पृथ्वीराज के किरदार में होंगे। अभिनेत्री मानुषी छिल्लर राजकुमारी संयोगिता के किरदार में नजर आएंगी। संजय दत्त 'काका कन्ह' के किरदार में और सोनू सूद राजकवि चंद बरदाई के किरदार में नजर आएंगे। इन सबके अलावा आशुतोष राणा और साक्षी तंवर भी फिल्म में दिखाई देंगे। फिल्म में इन दोनों कलाकारों का किरदार भी महत्वपूर्ण होगा। चंद्रप्रकाश द्विवेदी द्वारा निर्देशित इस फिल्म को आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में 3 जून, 2022 को रिलीज होगी।

# तमन्ना भाटिया की फिल्म 'बबली बाउंसर' की शूटिंग पूरी

एजेंसी

मुम्बई। फिल्म बबली बाउंसर की कहानी एक महिला बाउंसर की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में तमन्ना टाइटल रोल बबली के किरदार में नजर आएंगी फिल्म में तमन्ना के अलावा सौरभ शुक्ला, अभिषेक बजाज और साहिल वैद भी अहम रोल में हैं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आगामी फिल्म 'बबली बाउंसर' की शूटिंग पूरी हो गई है। इसकी जानकारी खुद फिल्म के निर्देशक मधुर भंडारकर ने सोशल मीडिया पर फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें व वीडियो साझा करते हुए दी हैं, जिनमें फिल्म की पूरी टीम एक साथ नजर आ रही है । इसके साथ ही मधुर भंडारकर ने कैप्शन में लिखा-'बबली बाउंसर की शूटिंग पूरी। 3 महीने, 42 दिन। शानदार यादें, प्यारी दोस्ती, शानदार टीम-वर्क, सुपर फन। मेरे सभी अभिनेताओं, तकनीशियनों और शुरुआत से लेकर अंत तक योगदान देने वाले सभी लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद!' फिल्म बबली




बाउंसर की कहानी एक महिला बाउंसर की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में तमन्ना टाइटल रोल बबली के किरदार में नजर आएंगी फिल्म में तमन्ना के अलावा सौरभ शुक्ला, अभिषेक बजाज और साहिल वैद भी अहम रोल में हैं। फिल्म को फॉक्स स्टार स्टूडियोज और जंगली पिक्चर्स साथ मिलकर प्रोड्यूस करेंगे। वहीं फिल्म का निर्देशन महिला किरदारों को मजबूती से पर्दे पर दिखाने के लिए मशहूर निर्देशक मधुर भंडारकर कर रहे हैं। यह फिल्म इस साल के अंत तक तीन भाषाओं हिंदी, तमिल और तेलेगु में रिलीज की जाएगी ।

## अजय देवगन ने अक्षय कुमार को इंडस्ट्री में 30 साल पूरे करने पर दी बधाई

मुम्बई। अक्षय कुमार ने हाल ही में इंडस्टी में अपने 30 साल पूरे कर लिए है। ऐसे में सोशल मीडिया के जरिये हर कोई उन्हें बधाई दे रहा है। इस कड़ी में अब अभिनेता अजय देवगन का भी नाम जुड़ गया है। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी की अक्षय कुमार ने इंडस्टी में अपने 30 साल पूरे कर लिए हैं। ऐसे में सोशल मीडिया के जरिये हर कोई उन्हें बधाई दे रहा है। इस कड़ी में अब अभिनेता अजय देवगन का भी नाम जुड़ गया है। अजय देवगन ने अक्षय कुमार को इंडस्ट्री में तीस साल पूरे करने पर बधाई देते हुए शुक्रवार को ट्वीट कर लिखा- 'बधाई अक्की।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान सह सम्पादक* - धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063